सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 7:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,544 |
| निफ्टी | 24,574 |

सोना 1,00,672 चांदी 1,13,576

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मोहम्मद सिराज का हैदराबाद में जोरदार 'वेलकम'

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 7 अगस्त 2025 | 23 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 220, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### बीजापुर में मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को मार गिराया है। मौके से एक नक्सली का शव और हथियार भी बरामद किये जाने की खबर है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ गंगालुर क्षेत्र के जंगलों में हो रही है और अभी भी रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। घटना की पुष्टि फिलहाल अधिकारिक तौर पर नहीं की गई है। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ के संबंध में पूरी जानकारी नहीं आ सकी थी। (अनंत ज्ञान)

### मेरी अदालत में 11 से अर्जेंट सुनवाई नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा



कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है। गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में अर्जेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामने केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जापान और चीन के दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। पीएम मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वह भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, पीएम मोदी की जापान और चीन की यात्रा के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल के परिवहन बेड़े में 1000 नई बसें होंगी शामिलः मुकेश -पेज 3
- सात महीने में साइबर क्राइम की सात एफआईआर -पेज 4
- भट्ठाकुफर फल मंडी में पहाड़ी से गिरते पत्थर बने जानलेवा -पेज 6
- मंडी शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बहाल -पेज 9
- बारिश से एनएच-5 के चक्की मोड़ पर आया मलबा, हाईवे बाधित -पेज 12


# शिमला के चमियाणा अस्पताल में आज से होगी रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत

## मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रयासों से हिमाचल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भरी नई उड़ान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप शिमला के अटल सुपर स्पेशिएलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा वीरवार से शुरू हो जाएगी। यह कदम राज्य को दिल्ली एम्स जैसे अग्रणी संस्थानों की कतार में खड़ा कर देगा। मुख्यमंत्री का यह प्रयास प्रदेशवासियों को घर के पास ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी मशीन ने काम करना शुरू कर दिया है। यह तकनीक सर्जनों को अभूतपूर्व सटीकता प्रदान करती है, जिससे ऑपरेशन में गलती की संभावना लगभग शून्य हो जाती है। इसके अलावा, रोबोटिक सर्जरी से मरीजों का संक्रमण का खतरा कम होता है और वे तेजी से ठीक होते हैं। इस नई सुविधा से ऑपरेशन के लिए लगने वाला इंतजार भी अब काफी कम हो जाएगा।

### अस्पताल में स्थापित किए जा रहे 42 करोड़ के उपकरण

**मुख्यमंत्री** के नेतृत्व में सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दे रही है। इसी क्रम में, चमियाणा संस्थान में कुल 42 करोड़ के चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। ये उपकरण यूरोलॉजी, रीनल ट्रांसप्लांट, कार्डियक एनेस्थीसिया, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, प्लास्टिक सर्जरी और न्यूरोसर्जरी जैसे महत्वपूर्ण विभागों में मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने में सहायक होंगे।

### हर अस्पताल में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**सरकार** का लक्ष्य केवल चमियाणा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक तकनीक से लैस करना है। मुख्यमंत्री का मानना है कि हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पाना उसका अधिकार है और इस दिशा में उनकी सरकार लगातार काम कर रही है।

# निरमंड में बादल फटने से बाढ़

## पांच घरों को भारी नुकसान; कई वाहन मलबे में दबे, मची अफरा-तफरी

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** निरमंड खंड की पंचायत रहाणू के उरटू गांव में बहने वाले नौणी नाले में बुधवार को बादल फटने की घटना सामने आई है। बादल फटने से आई बाढ़ में 5 घरों को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि कई अन्य घरों, गाड़ियों, दुकानों को भी क्षति पहुंची है, जिस कारण कई लोग बेघर हो गए हैं। वहीं, सेब के बगीचों में फलदार पौधे भी बाढ़ की भेंट चढ़ गए।

रहाणू पंचायत के प्रधान तेजस्वी ने बताया कि घटना बुधवार सुबह करीब एक बजे की है, जब नौणी नाले में अचानक बाढ़ आ गई और इसमें आए मलबे से उरटू बस स्टैंड और बस स्टैंड से करीब एक किलोमीटर दूर कुटली में बाढ़ का पानी और मलबा कई घरों, दुकानों, गोशालाओं में घुस गया। इससे उरटू के सूरत राम सहित करीब 5 लोगों के मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है, जबकि उरटू बस स्टैंड और कुटली के हरीश कुमार, मोती राम, उत्तम राम, हीरा लाल, शिव राम और बिरमा देवी के मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं, लज्जी राम, दुर्गा सिंह और कोल्था गांव के घनश्याम की गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रधान तेजस्वी ने बताया कि कोल्था गांव में देविंद्र सिंह और घनश्याम के फलों से लदे सेब के बगीचों को भी नुकसान पहुंचा है, जबकि उरटू बाजार में 6 दुकानों और पार्क की गई एक पिकअप, एक स्कूटी सहित 6 वाहन भी मलबे की चपेट में आ गए। प्रधान ने बताया कि इनके अलावा खतरे की जद में आए बीणु राम, जीत राम और हरदयाल के घरों को भी खाली करवा दिया गया है। बेघर परिवारों को कृषि विभाग के भवन और निजी घरों में शरण दी गई है। वहीं, एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि रहाणू पंचायत के उरटू में भारी बारिश से नुकसान हुआ है।



**फलों से लदे बगीचे भी हुए तहस नहस, बागवान परेशान**

नुकसान का आकलन करने राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार उमा दत्त की अगुआई में मौके पर भेज दी गई है। उनकी रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद ही प्रभावित परिवारों की सही सूची तैयार हो सकेगी और प्रभावितों को जल्द राहत देने के लिए प्रशासन कार्रवाई की जाएगी।

### मानसून में अब तक 2,084 मकान हुए क्षतिग्रस्त

**प्रदेश** में इस मानसून सीजन में 20 जून से 6 अगस्त तक 199 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 304 लोग घायल हुए हैं। 36 लोग अभी भी लापता हैं। इस दौरान 86 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ से अब तक 2,084 कच्चे-पक्के घरों, दुकानों को क्षति हुई है। 1,690 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। 1,570 पालतु पशुओं की मौत हुई है। नुकसान का कुल आंकड़ा 1,90,550.45 लाख रुपए पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश में 12 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। इस दौरान कुछ भागों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 9 से 12 अगस्त तक अधिकांश स्थानों पर और 6 से 8 अगस्त तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

**199 लोगों को गंवानी पड़ी अपनी जान**

# रोहड़ू में पब्बर नदी में गिरी कार, तीन युवकों की मौत

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत मंगलवार रात 12 बजे के करीब एचआर 02आर 8912 ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर पब्बर नदी में जा गिरी। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथा युवक कार से बाहर छिटकने के बाद सुरक्षित बाहर निकल आया। रोहड़ू पुलिस के अनुसार, यह हादसा रात 12 बजे पेश आया, मगर पुलिस को इसकी सूचना रात 3 बजे के करीब मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार गिरने से नदी में डूबे तीनों मृतक युवकों के शव बाहर निकाले गए।

मृतकों की पहचान विशाल ठाकुर गांव मुंचहरा, अभय खंडियान ग्राम डाकगांव और हिमांशु ग्राम मुंचहरा के तौर पर हुई है। इस हादसे में हर्ष चौहान ग्राम डोगरी मुंचहारा घायल हुआ। चारों युवक रोहड़ू के चिड़गांव क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं, एसएचओ रोहड़ू प्रवीण राणा ने बताया कि रोहड़ू अस्पताल में मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि दो मृतक युवक और तीसरा घायल एक ही गांव के हैं।

**कार में चार युवक थे सवार एक की बच गई जान**



पब्बर नदी, जहां कार जा गिरी (इनसेट) दुर्घटनाग्रस्त कार।

### लैला मेला देखकर वापस घर लौट रहे थे सभी युवक

**बताया** जा रहा है कि कार सवार चारों युवक लोकल लैला मेले से रोहड़ू की तरफ आ रहे थे। इस दौरान इनकी कार पब्बर नदी में जा गिरी।

### सीएम सुक्खू ने युवकों की मौत पर व्यक्त किया शोक

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किश है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को दिवंगतों के परिवारजनों को हर संभव सहायता व घायल व्यक्ति को उत्कृष्ट स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री ने दिल्ली में किया कर्तव्य भवन का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट की 10 में से पहली बिल्डिंग है।



कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें ग्राउंड फ्लोर सहित 7 फ्लोर हैं। यहां गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, MSME मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और इंटेलिजेंस ब्यूरो के ऑफिस होंगे। कर्तव्य भवन 1.5 लाख वर्ग मीटर में फैला है। यहां एक साथ 600 कारें खड़ी हो सकती हैं। इसमें क्रेच (शिशुगृह), योग रूम, मेडिकल रूम, कैफे, किचन और हॉल है। कर्तव्य भवन में 24 कॉन्फ्रेंस रूम भी हैं। हर रूम 45 लोगों के बैठने की क्षमता है। (अनंत ज्ञान)

# महंगे नहीं होंगे लोन, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

## भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव, 5.5 % बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिया गया। बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 अगस्त को इसकी जानकारी दी। आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत की थी।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। टैरिफ अनिश्चितता के कारण ये फैसला लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हुई थी। (अनंत ज्ञान)





### ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां

**आरबीआई** गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मानसून सीजन अच्छा चल रहा है। साथ ही, त्योहारों का सीजन भी नजदीक आ रहा है, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में उत्साह और तेजी लाता है। यह अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य में अच्छा संकेत देता है। भले ही ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कुछ हद तक कम हुई हैं।



# लोकसभा में हंगामे के बीच मर्चेंट शिपिंग विधेयक पास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र के 13वें दिन बुधवार को पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने लोकसभा में मर्चेंट शिपिंग विधेयक-2024 पेश किया। विपक्ष के हंगामे के बीच यह पास हुआ। इससे पहले सुबह दोनों सदन शुरू होते ही विपक्ष ने बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मांग की है कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए। बीते दिन राज्यसभा में मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया। वहीं, लोकसभा में गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनः समायोजन विधेयक, 2024 को पारित किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### वोटर वेरिफिकेशन पर हर दिन हो रहा बवाल

**21** जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही करीब ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 11 दिनों के दौरान सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई थी।

**कार्रवाई** | हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद भू-माफिया पर गाज गिरना तय

# न्यायवादी रोशनी से छंट गए सत्ता के अंधेरे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल के इतिहास में 5 अगस्त, 2025 की तारीख एक ऐसा अध्याय लिख गई, जिसकी गूंज बरसों तक सुनाई देगी। हिमाचल हाईकोर्ट ने एक कड़े और ऐतिहासिक फैसले में सरकारी भूमि पर कब्जे को वैधता देने वाले 'धारा 163-ए' कानून को रद्द कर दिया है। यह सिर्फ एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह उजाला है, जिसने सत्ता के 'अंधेरे' और राजनीतिक-प्रशासनिक गठजोड़ को बेनकाब कर दिया है। यह फैसला उन सभी के लिए एक स्पष्ट संदेश है, जो कानून की आड़ में अपने स्वार्थों को साध रहे थे।

यह फैसला उन भू-माफियाओं और उनके राजनीतिक संरक्षकों पर सीधी गाज है, जिन्होंने 'गरीबों की मदद' के नाम पर सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा जमाया था। हाईकोर्ट ने साफ तौर पर आदेश दिया है कि सरकार फरवरी 2026 तक सभी अवैध कब्जों को खाली कराए। इसमें न केवल अवैध रूप से बनाए गए बगीचे शामिल हैं, बल्कि उन सभी अवैध इमारतों और संपत्तियों को भी हटाया जाएगा, जो सरकारी जमीन पर खड़ी की गई हैं। यह कदम हिमाचल के भू-माफिया को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत है।







**हिमाचल में भू-माफिया का 'जंगलराज' होगा खत्म**

**फरवरी, 2026 तक सरकारी भूमि से हटाने होंगे अवैध कब्जे**

### फैसले से हिमाचल की सियासत में हलचल

**जानकारों** का मानना है कि इस फैसले ने हिमाचल की सियासत में हलचल मचा दी है। यह उन राजनीतिक दलों को कटघरे में खड़ा कर देता है, जिन्होंने वोट बैंक की खातिर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को बढ़ावा दिया। अब सरकार के पास दो रास्ते हैं, या तो वह इस फैसले का सम्मान करते हुए ईमानदारी से इसका पालन करे, या फिर सुप्रीम कोर्ट जाकर इसे चुनौती दे, लेकिन एक बात तो साफ है, यह फैसला प्रशासन की भी परीक्षा लेगा। अब यह देखना होगा कि राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन बिना किसी दबाव के अपनी जिम्मेदारी निभा पाते हैं या नहीं?

### अब सरकारी भूमि की सुरक्षा होगी सुनिश्चित

**हिमाचल** प्रदेश हाईकोर्ट का यह फैसला एक उम्मीद की किरण है। यह साबित करता है कि जब न्यायपालिका अपनी सीमाओं से बाहर जाकर जनहित के लिए खड़ी होती है, तो कोई भी राजनीतिक शक्ति उसे झुका नहीं सकती। यह फैसला न केवल हिमाचल की सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि यह भी साबित करेगा कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं।

### राजनीतिक दांव-पेंच पर भी रहेगी नजर

**यह** उन सभी अतिक्रमणकारियों को एक चेतावनी है, जो मनमाने तरीके से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे थे। अब यह हिमाचल सरकार पर निर्भर करता है कि वह इस फैसले को लागू करके एक नई मिसाल पेश करती है या इसे भी राजनीतिक दांव-पेंच का शिकार होने देती है।




## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर-भोरंज सड़क का एक हिस्सा अब 10 तक बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएमजीएसवाई के तृतीय चरण में अपग्रेड की जा रही हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क के एक हिस्से पर यातायात 31 जुलाई तक बंद किया गया था, लेकिन अभी कुछ आवश्यक कार्य शेष रहने के कारण अब यह सड़क 10 अगस्त तक बंद रखी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क के लगभग 14 किलोमीटर हिस्से का कार्य आरंभ किया गया है। इस कार्य को सुचारू ढंग से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस पर वाहनों की आवाजाही 31 जुलाई तक बंद की गई थी, लेकिन अभी कुछ आवश्यक कार्य शेष रहने के कारण इस सड़क पर यातायात पर रोक की अवधि 10 अगस्त तक बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान हमीरपुर से भोरंज की ओर जाने वाले वाहन लघवाण चौक से गसोता महादेव मंदिर, गुलेला और ताल से शनि देव मंदिर चौक तक की सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसी प्रकार, भोरंज की ओर से आने वाहन शनि देव मंदिर चौक से ताल, गुलेला और गसोता महादेव मंदिर से होते हुए लघवाण पहुंच सकते हैं।

### डीएवी स्कूल आलमपुर में अध्यापकों की कार्यशाला शुरू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी स्कूल आलमपुर में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा अध्यापकों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 6 से 8 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर आलमपुर के तहसीलदार राजीव शर्मा ने बतौर अतिथि के रूप में शिरकत की और जिनका भव्य स्वागत किया गया, साथ ही डीएवी घुमारवीं, डीएवी नगरोटा सूरियां, डीएवी बिलासपुर, डीएवी तियारा, डीएवी चलवाड़ा के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश जोन- बी व आई के अंतर्गत डीएवी के 12 स्कूलों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर डीएवी आलमपुर, डीएवी नगरोटा सूरियां, डीएवी मनई, डीएवी हमीरपुर, डीएवी नूरपुर बागनी, डीएवी लड्भड़ोल, डीएवी गोहजू, डीएवी पद्दाड़ियां, डीएवी तियारा, डीएवी रैहन तथा डीएवी चलवाड़ा सहित कक्षा तीसरी से दसवीं तक के समस्त शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने नवाचार गतिविधियां, पठन व लेखन कौशल को विकसित करने के आयाम व खेल विधि द्वारा व्याकरण को रोचक बनाने के तरीकों के बारे में चर्चा की व अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। क्षेत्रीय निदेशक व जोन-बी के क्लस्टर हेड स्कूल के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

### विशेष बच्चों ने ब्रह्मा कुमारी बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पैशल स्कूल हमीरपुर के विशेष बच्चों ने ब्रह्मा कुमारी संस्था के सहयोग से रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मा कुमारी बहनों द्वारा ईश्वर की महिमा व आत्मा-परमात्मा के शाश्वत संबंध की जानकारी देने से हुई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं, बल्कि यह आत्मा की ईश्वर से जुड़ाव और सुरक्षा के आध्यात्मिक सूत्र को भी दर्शाता है। विशेष बच्चों ने ब्रह्मा कुमारी बहनों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। ब्रह्माकुमारी बहनों ने बड़ी दादी ने सभी विशेष बच्चों और स्कूल स्टाफ को भी राखी बांधी और प्रसाद दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने कई प्रकार की गतिविधियां और भजन कीर्तन पर डांस किया। पहचान स्कूल की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने सभी ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार प्रकट किया।

### इन्नरव्हील क्लब ने माताओं को स्तनपान का महत्व बताया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इन्नरव्हील क्लब हमीरपुर द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सर्वहित सुधार सभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. आरती चौहान ने शिरकत की, साथ में इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्षा ईना चौहान, सचिव चेतना शर्मा और क्लब के सदस्य शामिल रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व, शिशु के पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के साथ, स्थानीय महिलाओं, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को स्तनपान से जुड़े लाभों, शिशु के पूर्ण विकास में इसकी भूमिका एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं को फल, बैग व उपयोगी सामग्रियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में 30 गर्भवती महिलाएं और 60 लोग उपस्थित रहे।

### डाइट में डीएलएड की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** डाइट हमीरपुर गौना करौर में डीएलएड 2025-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचें, जिन्हें मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, कैटेगरी से संबंधित प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा डीएलएड 2025-27 सत्र के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में डाइट हमीरपुर में डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को डाइट हमीरपुर में प्रवेश हुआ है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित हों। इनमें मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, काउंसिलिंग लेटर, दसवीं का प्रमाण पत्र, बारहवीं का प्रमाण पत्र, कैटेगरी प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बोनाफाइड प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ई डब्ल्यू. एस. प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण पत्र और संबंधित कैटेगरी का प्रमाण पत्र जिसके आधार पर अभ्यर्थी का चयन हुआ है, साथ में पासपोर्ट साइज फोटो की दो प्रतियां साथ में जरूर लाएं।

### महिलाओं को दी शिशु पोषण की जानकारी

**अनंत ज्ञान, भोटा।** विकास परियोजना बिझड़ी के सौजन्य से वृत्त भोटा में विश्व स्तनपान दिवस के उपलक्ष्य में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार एवं तहसील कल्याण अधिकारी सतीश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत्त भोटा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने की। लोगों को स्तनपान के महत्व एवं इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमला देवी, मुख्त्यारी देवी, रेणु देवी, सुषमा देवी, प्रेमलता, आशा वर्कर प्रवीण कुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा।

### आईओटी व एआई की बारीकियां सीख रहे प्राध्यापक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू-हमीरपुर में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के तीसरे दिन भी प्रतिभागियों के लिए तकनीकी एवं प्रायोगिक ज्ञान से भरपूर सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में एनआईटी हमीरपुर के विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह ने 'प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण यानी एनएलपी में एआई की सहायता से नवीनत्तम विकास' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. प्रदीप सिंह ने प्रायोगिक लैब सत्र में प्रतिभागियों को एनएलपी से संबंधित टूल्स एवं मॉडल्स का अभ्यास भी करवाया। द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सत्र का संचालन सी-डैक मोहाली के विशेषज्ञ रोहन धलोड़ ने किया। द्वितीय सत्र में उन्होंने 'आर्डुइनो यूनो के साथ आईओटी की नींव-प्रोग्रामिंग एंड क्लाउड इंटीग्रेशन' विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात एक प्रायोगिक सत्र भी हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने इन तकनीकों को प्रयोगशाला में स्वयं कार्यान्वित किया। तृतीय सत्र में रोहन धलोड़ ने 'हैंड्स-ऑन आईओटी कम्युनिकेशन आर्डुइनो के साथ विभिन्न मॉड्यूल्स का इंटरफेसिंग पर प्रशिक्षण दिया।अंतिम सत्र में उन्होंने 'रास्पबेरी पाई का परिचय एवं आईओटी में इसका अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने विशेषज्ञ वक्ताओं को स्मृति चिह्न प्रदान किए।

### विदेश में रोजगार के इच्छुक युवा करें गूगल शीट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विदेशों में नौकरी करने के इच्छुक युवाओं के लिए हिमाचल प्रदेश श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजक विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। विभाग ने इन युवाओं के लिए गूगल शीट के माध्यम से पंजीकरण का प्रावधान किया है। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इच्छुक युवा वेब लिंक पर क्यूआर कोड को स्कैन करके यह फॉर्म भर सकते हैं। पंजीकरण के बाद युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव तथा विदेशों में मांग के अनुसार नौकरी दिलाने में मदद की जाएगी। इच्छुक युवाओं को उस देश के नियमों और शर्तों से भी अवगत करवाया जाएगा।

# बारिश का पानी सीवरेज में छोड़ने वाले लोगों को जलशक्ति विभाग देगा नोटिस

## बस स्टैंड के बाहर सड़क पर ओवरफ्लो सीवरेज चैंबर बना मुसीबत

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



सड़क पर सीवरेज के चैंबर से 2 महीने से पानी ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे लोग परेशान हैं।

**हमीरपुर।** बस स्टैंड हमीरपुर के सामने सड़क पर पिछले दो महीनों से सीवरेज के चैंबर से पानी ओवरफ्लो हो रहा है। यह पानी ओवरफ्लो होने के बाद सड़क पर बह रहा है, जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा अन्य जगहों पर भी सीवरेज के चैंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं। जलशक्ति विभाग द्वारा बार बार इस समस्या का करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कुछ दिन बाद यह समस्या फिर से शुरू हो जाती है। बता दें कि जलशक्ति विभाग ने सीवरेज लाइन के रखरखाव का जिम्मा कंपनी को दिया है, जिसके कर्मचारी बरसात शुरू होने से पहले इस सीवरेज लाइन को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं, लेकिन फिर भी यह व्यवस्था गड़बड़ा जा रही है। बरसात से शुरू होने से पहले ही सीवरेज चैंबर जगह-जगह लीक होने का सिलसिला शुरू हो गया था,

**दो महीनों से नहीं सुलझी सीवरेज समस्या, विभाग की व्यवस्था पर उठे सवाल**

वह अभी तक भी जारी है। कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि बरसात का पानी चैंबर में डालने से यह चैंबर ओवरफ्लो हो रहे है।

इस बारे में जलशक्ति विभाग भी कार्रवाई कर रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि सीवरेज लाइन में बारिश का पानी छोड़ने से इसमें रेत और बजरी फंस गई है, जिसे निकालना मुश्किल हो रहा है। सीवरेज के चैंबर को बार-बार साफ करते हैं, दोबारा से रेत बजरी फंस जाती है। गौर रहे कि जलशक्ति विभाग ने बारिश का पानी सीवरेज में छोड़ने वालों के बारे में पता लगा लिया है। अभी तक सात लोग ऐसे हैं, जिन्होंने बारिश का पानी सीधे सीवरेज लाइन में छोड़ रखा है। जलशक्ति विभाग इन लोगों को नोटिस देने जा रहा है।

इस बारे में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि बारिश का पानी सीवरेज में डालने से यह समस्या आ रही है। उन्होंने बताया कि जिन्होंने बारिश का पानी सीवरेज में डाल रखा है, उन्हें नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों की पहचान की जा रही है, जिन्हें भी विभाग द्वारा नोटिस दिए जाएंगे।

# बारिश के कारण पंचायत बड़ा के देशराज की रसोई हुई क्षतिग्रस्त

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**



धंगड़ में पीड़ित के क्षतिग्रस्त हुए रसोई घर का दृश्य।

**बड़ा।** भारी बारिश के चलते वर्तमान समय में हिमाचल प्रदेश भारी आपदा के संकट से जूझ रहा है। प्रदेश के हर जिले में बारिश ने अपना कहर बरसाया हुआ है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित की सहायता के लिए आगे बढ़कर कार्य कर रही है। उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के धंगड़ गांव की धीमान बस्ती में आज देशराज धीमान की रसोई भारी बारिश के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे पीड़ित का करीब एक लाख का नुकसान हो गया हैं। देशराज धीमान ने बताया कि उन्होंने इस बारे में पंचायत के प्रतिनिधियों को सूचित कर दिया है एवं इस बारे में उन्होंने राजस्व विभाग के हलका पटवारी को भी बता दिया हैं।

इन सभी ने मौके पर आकर उनकी क्षतिग्रस्त हुई रसोई का मौका भी देख लिया है। देशराज धीमान ने बताया कि बे मजदूरी आदि कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। अतः उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आर्थिक सहायता की जोरदार मांग की हैं। वहीं, बड़ा पंचायत के उपप्रधान अशोक कुमार ने बारिश के कारण देशराज धीमान की रसोई घर के क्षतिग्रस्त होने की पूर्ण रूप से पुष्टि की है।

इस बारे में राजस्व विभाग की बड़ा पंचायत की हलका पटवारी अनीता कुमारी का कहना है कि उन्होंने मौके पर जाकर पंचायत बड़ा के धंगड़ निवासी देशराज धीमान की क्षतिग्रस्त हुई रसोई घर की रिपोर्ट बना दी है।

# कंप्यूटर शिक्षकों को लेकर मुख्यमंत्री को गुमराह कर रहा शिक्षा विभाग: सुमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले 25 वर्षों से नाममात्र के वेतन पर कार्यरत कंप्यूटर शिक्षकों में सरकार व शिक्षा विभाग के प्रति रोष प्रकट किया है।



प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की राज्य अध्यक्ष सुमन ठाकुर, मुख्य संयोजक अजीत धीमान ने कंप्यूटर शिक्षकों की अनदेखी पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बार-बार संघ को आश्वासन देने के बाद और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेश देने के बावजूद भी शिक्षा विभाग में कंप्यूटर शिक्षकों को शिक्षा विभाग में सम्मिलित करने हेतु कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे प्रदेश भर के 1321 कंप्यूटर शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि 2023 में कंप्यूटर शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समायोजित करने हेतु फैसला आया था। इस फैसले को आए हुए लगभग 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को पुन: शुरू नहीं किया गया। कंप्यूटर शिक्षक सरकारी स्कूलों में बेहतर सेवाएं दे रहे हैं और सरकार के सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करते हुए बच्चों को 25 सालों से प्रदेश शिक्षा बोर्ड के परिणाम में बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में बेहतर योगदान देते आ रहे हैं। शिक्षा विभाग में कंप्यूटर शिक्षक ही एक ऐसा विभाग बचा है, जिसको अभी तक शिक्षा विभाग में मर्ज करके नियमित नहीं किया गया है।

शिक्षा विभाग लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट की बात कह मुख्यमंत्री को भी गुमराह करने में जुटा हुआ है। कुछ कंप्यूटर शिक्षक बिना नियमित हुए सेवानिवृत्त भी हो गए हैं। कंप्यूटर शिक्षकों को मुख्यमंत्री सुक्खू से 15 अगस्त नदजीक आने पर आस जगी है।

# बीपीएल सर्वे के मानकों पर 'आप' ने जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** 'आप' हमीरपुर के जिला सोशल मीडिया इंचार्ज जगत राम ने प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे बीपीएल सर्वेक्षण और उसके मानकों पर कड़ी आपत्ति जताई है। जगत राम ने कहा कि वर्तमान बीपीएल सर्वे के मानक गरीब जनता के साथ अन्यायपूर्ण और मजाकिया हैं, जिसके चलते बड़ी संख्या में वास्तविक रूप से जरूरतमंद परिवार सूची से बाहर हो रहे हैं तथा आयुष्मान भारत योजना, शगुन योजना और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। जगत राम ने आरोप लगाया कि यह सर्वेक्षण सरकार की गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है, जो गरीबों की समस्याओं को समझने में विफल रही है। 'आप' गरीबों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी और सरकार को इन निर्णयों को बदलने के लिए मजबूर करेगी।



# तलाई गांव के पास सड़क क्षतिग्रस्त, दुर्घटना की आशंका

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**



जाहू से भोटा सुपर हाईवे पर तलाई गांव के पास बारिश से सड़क हुई खराब।

**जाहू।** जाहू के नजदीक तलाई गांव के पास जाहू से भोटा सुपर हाईवे पर सड़क का कुछ हिस्सा बारिश के पानी की भेंट चढ़ गया है। इसके साथ ही सड़क पर इतने गड्ढे पड़े हुए हैं कि वाहन चालक अपनी दिशा को बदलकर दूसरी दिशा की तरफ से जाने की कोशिश करते हैं जिससे कभी भी कोई भयानक घटना घट सकती है, परंतु लोक निर्माण विभाग के द्वारा वाहन चालकों की सुविधा के लिए न तो कोई खतरे का निशान लगाया गया है और न ही कोई चूना लगाया गया ह।

लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस स्थान पर चार पत्थर रखकर वाहन चालकों को सचेत करने का कार्य किया हुआ है। खतरे का निशान न होने की वजह से यहां पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसके अतिरिक्त जाहू से सुलगवान सड़क पर इतने गड्ढे पड़े हुए हैं कि वाहन चालकों को वाहन चलाना काफी मुश्किल हो गया है।

**ग्रामीण एक साल से कर रहे थे डंगा लगाने की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खस्ताहाल है कि एक तरफ से यह पूरी तरह खोखली हो चुकी है। हालांकि दिन के समय वाहन चालक किसी तरह इस स्थान से सावधानीपूर्वक निकल जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में यह स्थान दुर्घटना के लिए खुला आमंत्रण बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष ल्हासा गिरने के तुरंत बाद ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग से इस स्थान पर डंगा लगाने की मांग की थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

उधर, इस विषय पर जब लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि डंगा गिर जाने कि बजह से परेशानी उत्पन्न हुई है। मौसम के साफ होने पर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कर दिया जाएगा।

# सुजानपुर भाजपा ने विस क्षेत्र को 16 जोन में किया संगठित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



संगठन की मजबूती के लिए हर जोन पर तैनात किए प्रभारी और सह-प्रभारी।

सुजानपुर भाजपा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र को 16 जोन में संगठित किया है। हर जोन पर प्रभारी और सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है, जिन्हें तत्काल प्रभाव से उनका दायित्व संभालने के निर्देश दिए हैं। सुजानपुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर और टौणी देवी ओल्ड बमसन के मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा ने इसको लेकर जानकारी दी।

भाजपा मंडल अध्यक्षों ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में करीब 16 जोन बनाए गए हैं, जिसमें सुजानपुर, करोट, चबूतरा, कुठेड़ा, झनियारा, सराक्कड़, टौणी देवी, ऊहल चारिया दी धार, उटपुर, कक्कड़, खैरी, बगेहड़ा, चमियाना, पटलानदर और चैरी शामिल है। सुजानपुर जोन में प्रभारी प्रकाश सड़ियाल और राजेश गुप्ता को संयोजक, मनोज कुमार लकी को सहप्रभारी बनया गया है।

करोट जोन में डॉ. अशोक राणा प्रभारी, अजय कुमार सह-प्रभारी, चबूतरा में डॉ. ओकार वर्मा प्रभारी, परमिंदर सिंह सह-प्रभारी, कुठेड़ा में सुरेश ठाकुर प्रभारी, सुरेश निवासी मुठान सह-प्रभारी, झनियारा में पवन राना प्रभारी, लता कृष्णा सह-प्रभारी, सराहकड़ में अश्वनी कुमार प्रभारी, बॉबी सह-प्रभारी, टौणी देवी में विचित्र सिंह प्रभारी, सूबेदार ओम प्रकाश और सुरेश कुमार सह-प्रभारी, ऊहल में अनिल काकू प्रभारी, वीरेंद्र विक्की सह प्रभारी, चारियां दी धार में प्रताप चंद्र प्रभारी, रमेश चंद्र सह प्रभारी, उटपुर में सुभाष चंद्र प्रभारी, अर्जुन सिंह सह प्रभारी, कक्कड़ में भगवान दास प्रभारी, अमि चंद सह-प्रभारी, खैरी में शेर सिंह डोगरा प्रभारी, शशि सोनी सह प्रभारी, बगेहड़ा में बलदेव राणा प्रभारी, सुरेश शर्मा और सुभाष सह प्रभारी, चमियाना में कैप्टन ज्योति प्रकाश प्रभारी, सुरेश पपी और सुरजीत सिंह सह प्रभारी, पटलांदर में लेखराज ठाकुर प्रभारी, धनीराम डोगरा और रणवीर सह प्रभारी, चैरी में राजेंद्र सिंह प्रभारी, राजेंद्र कौंडल और सोनू सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

बनाए गए तमाम प्रभारियों और सह प्रभारियों संयोजकों ने अपनी नियुक्ति के लिए भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बनाए गए तमाम प्रभारी और सह प्रभारियों को उनकी नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# भाजपा नेता झूठी वाहवाही लूटने के लिए जनता को भ्रमित न करें: अंशुल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के पूर्व मीडिया प्रभारी एवं सदस्य जिला विकास एवं समन्वय समिति अंशुल शर्मा ने कहा कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा को जिला हमीरपुर की पांचों विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं।

झूठी वाहवाही लूटने और जनता को भ्रमित करने के लिए भाजपा नेता ऐसे बयान दे रहे हैं। भाजपा के नेताओं द्वारा झूठे विकास के दावे ही नजर आते हैं और धरातल पर हो रहे विकास कार्य नजर नहीं आते हैं। शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष को इस बात की जानकारी जरूर होनी चाहिए कि शहर के साथ ही लगते बाईपास चौक पर बहुमंजिला आधुनिक बस अड्डा कांग्रेस सरकार की ही देन है, जिसके लिए की मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा 150 करोड़ का बजट दिया गया। इसके अलावा गांधी चौक का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण भी इसी कांग्रेस सरकार में हुआ है।

इसके साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर हमीरपुर से भोटा चौक हमीरपुर तक अनेक कार्य नजर आएंगे। मुख्यमंत्री होने के नाते जिला हमीरपुर मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष बताएं कि पूर्व की सरकार द्वारा कौन-कौन से विकास कार्य हमीरपुर विधानसभा में चलाए गए थे और वे अब बंद पड़े हों।

# भोटा-बड़सर-लठियाणी-गोबिंदसागर तक बन सकता है फोरलेन: लखनपाल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** बड़सर की जनता के लिए बहुत जल्द एक बड़ी खशखबरी आ सकती है। विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से पत्राचार करके भोटा से ऊना वाया बड़सर सड़क के चौड़ीकरण की वर्षों पुरानी मांग को प्रमुखता से उठाया। गडकरी ने इस जनहित कार्य को तुरंत संज्ञान में लेते हुए भोटा से लाठियानी राष्ट्रीय राजमार्ग को 4-लेन करने **Detailed Project Report** आमंत्रित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है, साथ ही, इस सड़क को गोबिंदसागर पर प्रस्तावित पुल से जोड़ने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। यह यह निर्णय न केवल बड़सर बल्कि आसपास के समस्त क्षेत्रों के लिए अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया और साथ ही इस दिशा में सहयोग के लिए अनुराग सिंह ठाकुर जी का भी विशेष धन्यवाद किया।

# भोरंज सिविल अस्पताल को मिले 3 विशेषज्ञ डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रही कि भोरंज सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। अब इस दिशा में अहम कदम उठाते हुए सरकार ने अस्पताल को तीन विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदान किए हैं।



इससे स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। सिविल अस्पताल भोरंज में अब डॉ. सुभाष चंद्र बतौर बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. सीमा भारद्वाज स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में तथा डॉ. संयोग गुप्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

इस बारे में जानकारी देते हुए भोरंज सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. ललित कालिया ने बताया कि तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा और उन्हें टांडा या हमीरपुर जैसे बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। विधायक सुरेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के लोगों को सशक्त और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसी दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विधायक ने कहा किहमारा लक्ष्य है कि स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों के द्वार तक पहुंचे।

**लोगों ने जताया आभार:** स्थानीय लोगों ने सरकार और विधायक का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। लंबे समय से वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो गई है।

**सुविधा** अन्य गांवों में भी मांग अनुसार लगातार लाइटें लगाने के लिए हूं प्रयासरत

# विधायक आशीष ने विस क्षेत्र में लगवाईं 108 सौर ऊर्जा लाइटें



गांव में लगी सौर ऊर्जा लाइट के साथ गांववासी।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में बीते जुलाई माह में विभिन्न पंचायतों, गांवों में 108 सौर ऊर्जा लाइटें लगवाई हैं। यह सौर ऊर्जा लाइटें उन्होंने गांवों के सामुदायिक स्थलों, चौराहों एवं रास्तों में लोगों की सुविधाओं के लिए लगवाई है। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि इसी क्रम में अन्य पंचायतों, गांवों में सौर ऊर्जा लाइटें लगाने के लिए वे प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि जो लाइटें लगवाई गई हैं उनमें विधानसभा क्षेत्र की नाल्टी पंचायत में 6, बाडला गांव में 2, मसियाना में 1, लुहारड़ा में 4, आग्घार में 5, टिक्कर में 7, गसोता में 4, रोपा में 1, लाहड़ में 1, डैहरण में 4, चमनेड़ में 1, ताल में 6, बोहनी में 1, बल्ह में 3, फर्नोहल में 2, राधा स्वामी सत्संग घर हमीरपुर में 5, राधा स्वामी सत्संग भवन लंबलू में 2, दरबोड़ में 4, लंगवान में 8, धलोट में 13, राहजोल में 2, टिक्कर में 2, फारसी में 4, धनेड में 10, लंबलू में 5, खटवीं में 3 और अमरोह में 2 लाइटें सहित कुल 108 लाइटें लगवाई हैं।

इससे पहले भी विधायक आशीष शर्मा ने अपनी विधायक निधि से दो सौ लाइटें बीते वर्ष लगवाई थी। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि जहां तक उनसे होता है, वह अपने स्वयं की ओर से या विधायक निधि से लगातार जनता की मांग अनुसार कार्य करवा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में जनता ने लाइटों की मांग की थी, वहां लाइटें स्थापित कर दी गई हैं, जबकि अन्य स्थानों से भी यह मांग उनके पास लगातार आ रही हैं, जहां वह भविष्य में लाइटें लगाने के लिए प्रयासरत हैं।

# तकनीकी विश्वविद्यालय: एमसीए की 180 सीटों के लिए काउंसिलिंग कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**जेईई मेन के आधार पर बीटेक के लिए सामान्य श्रेणी की काउंसिलिंग आज**

**प्रदेश** तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) की पहले चरण की काउंसिलिंग 8 अगस्त को होगी, जिसमें हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की जाएंगी। एमसीए की 180 सीटों को भरने के लिए एक ही दिन सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रस्तावित है।

वहीं, तकनीकी विवि में बुधवार को जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण के काउंसिलिंग के दूसरे दिन एसटी मुख्य श्रेणी, उपश्रेणी, ईडब्ल्यूएस व सामान्य श्रेणी के उपश्रेणी के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई। काउंसिलिंग में उपरोक्त श्रेणी के 34 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 11 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी।

इसके अलावा एमटेक की काउंसिलिंग में चार सीटें आवंटित की गईं। 7 अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा व बेटी है अनमोल श्रेणी की काउंसिलिंग प्रस्तावित है। वहीं, बी आर्क की दूसरे चरण की काउंसिलिंग 8 अगस्त को राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू ने सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के चिड़गांव में हुए एक सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को मृतकों के परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने और घायल व्यक्ति का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की।

### शादी का झांसा देकर किया शोषण महिला थाने में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में पंजीकृत किया गया जो महिला शिकायतकर्ता निवासी दिल्ली ने दर्ज करवाया कि राजीव कुमार शर्मा निवासी मोहाली चंडीगढ़ ने शादी का झूठा झांसा देकर शिकायतकर्ता के साथ शारीरिक संबंध बनाकर शोषण किया गया है। डीएसपी हरीश गुलेरिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### धूम्रपान करने वाले 11 लोगों के चालान कर वसूला 1100 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों, बस अड्डों व शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थलों में औचक निरीक्षण किए गए तथा निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11 लोगों के चालान करके कुल 1100 रुपए जुर्माना वसूला गया। जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा लोगों को जागरुक करने के लिए भी सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर नशाखोरी व तंबाकू के सेवन के दुष्प्रवाभों को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान से परहेज करें एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की यह कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

### विदेशी कंपनियों के खिलाफ स्वदेशी जागरण मंच का 'भारत छोड़ो अभियान' 9 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वदेशी जागरण मंच विदेशी कंपनियों के बहिष्कार और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 9 अगस्त को विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो अभियान शुरू करेगा। यह अभियान उसी तर्ज पर चलाया जाएगा जिस दिन 1942 में महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था। मंच के प्रांत सह संयोजक सुनील दत्त और जिला संयोजक मृदुल शर्मा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच 1991 से ही स्वदेशी अपनाएं और राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएं जैसे मुद्दों पर लगातार काम कर रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी प्रयागराज में अपने भाषण में स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर जोर दिया था। मंच का मानना है कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर ही राष्ट्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्थानीय उत्पादों और व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूक करना है। अभियान के तहत 9 अगस्त को एक रैली निकाली जाएगी। मंच ने इस पहल में समाज के सभी वर्गों से भागीदारी का आह्वान किया है।

# हिमाचल के परिवहन बेड़े में 1000 नई बसें होंगी शामिल : डिप्टी सीएम

## बेड़े में जुड़ेंगी इलेक्ट्रिक, डीजल और मिनी बसें, दुर्गम क्षेत्रों तक होगी पहुंच

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में परिवहन सेवाओं को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है।

राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में चरणबद्ध तरीके से 1000 नई बसें शामिल की जाएंगी, जिससे प्रदेशवासियों को गुणवत्तायुक्त, समयबद्ध और विश्वसनीय परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली एचआरटीसी को और भी सशक्त बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश में सड़कों को जनता की 'भाग्य रेखाएं' कहा जाता है और एचआरटीसी इन पर जीवन रेखा की तरह कार्य कर रही है, प्रतिदिन लाखों यात्रियों को सुविधा प्रदान कर रही है।



परिवहन बेड़े को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रकार की बसें खरीदी जा रही हैं। 24 वॉल्वो बसें पहले ही एचआरटीसी के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, 327 इलेक्ट्रिक बसें 297 टाइप-1 और 30 टाइप-3, 250 डीजल बसें और 100 मिनी बसें खरीदने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। 297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए आपूर्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, 37 से 42 सीटों वाली छोटी और सुविधाजनक बसों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों तक भी परिवहन सेवाएं सुगमता से पहुंच सकें। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहली बार है जब किसी सरकार ने इतनी बड़ी संख्या में बसों का बेड़ा बदलने का फैसला किया है।

### इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को 110 करोड़ रुपए मंजूर

**मुकेश** अग्निहोत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए लगभग 110 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है, जिससे हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। सरकार इलेक्ट्रिक बसों की खरीद में सीधे तौर पर शामिल है, जबकि डीजल बसें निगम अपने संसाधनों से खरीदेगा।

### एचआरटीसी को सशक्त बनाने के होंगे प्रयास

**उपमुख्यमंत्री** ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का प्रयास एचआरटीसी को एक स्वतंत्र, सशक्त और आत्मनिर्भर उपक्रम के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से हिमाचल प्रदेश की परिवहन सेवाएं देश भर में एक मिसाल बनेंगी।

# राजस्व मंत्री ने राज्यपाल से नौतोड़ वन भूमि की स्वीकृति का आग्रह किया



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राज भवन में मुलाकात करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने बुधवार को जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मंत्री ने राज्यपाल से जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को नौतोड़ वन भूमि आवंटित करने का आग्रह किया, जिसका मामला पिछले दो वर्षों से लंबित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 2023 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद इस संबंध में राज्यपाल से आग्रह किया था।

**पिछले दो वर्षों से मामला लंबित वन संरक्षण अधिनियम 1980 को निरस्त करने की रखी मांग**

जगत सिंह नेगी ने जोर देकर कहा कि नौतोड़ वन भूमि की स्वीकृति संविधान के अनुच्छेद 5 के तहत राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्होंने वन संरक्षण अधिनियम 1980 को निरस्त करने की भी मांग की, ताकि जनजातीय और सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को इस भूमि का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में भूमि की कमी के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है और लोग शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि पात्र परिवारों को 20 बीघा तक नौतोड़ भूमि का आवंटन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा और पलायन को रोकने में मदद करेगा।

## हिमाचल सरकार का बड़ा फैसला

# करुणामूलक नियुक्ति नीति में बड़ा बदलाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने दिवंगत सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को बड़ी राहत देते हुए करुणामूलक नियुक्ति नीति में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय का मकसद जरूरतमंद परिवारों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान करना और उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करना है।

जानकारी के अनुसार नई नीति के अनुसार, अब परिवार की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 3 लाख कर दी गई है। इससे अधिक परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा, जिन पात्र आवेदकों को अभी तक 5 प्रतिशत कोटे की सीमा के कारण नौकरी नहीं मिल पाई थी, उन्हें भी अब एकमुश्त छूट दी जाएगी। संशोधित नीति के तहत, 45 वर्ष से कम आयु की विधवाओं, माता-पिता से वंचित आवेदकों और ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि यह बदलाव उन युवा विधवाओं के लिए एक संवेदनशील प्रयास है, जिन्हें अचानक पति की मौत के बाद बच्चों की शिक्षा और बुजुर्गों की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी उठानी पड़ती है।

### उपसमिति की सिफारिशों पर लिया यह फैसला

**इस** नीति की समीक्षा के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति का गठन किया गया था, जिसमें तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंदर गोमा सदस्य थे। समिति ने चार बैठकें करने के बाद विस्तृत सिफारिशें दी थीं, जिन्हें अब राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है। इन संशोधनों से करुणामूलक नियुक्ति नीति और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगी।

# युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास हिमाचल सरकार का मुख्य ध्येय : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन की दिशा में लगातार काम कर रही है, ताकि हिमाचल के युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बाजार की वर्तमान और भविष्य की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करें। उनका कहना था कि इस प्रतिस्पर्धा भरे युग में युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

उन्होंने बताया कि निगम द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र चलाए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 के दौरान ऑटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में 4,100 प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रमाणपत्र दिए गए हैं। इसके अलावा, कृषि, हस्तशिल्प और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में भी 650 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं। बैठक में तकनीकी शिक्षा सचिव संदीप कदम और निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हिमाचल में दृष्टिहीन संघ का आंदोलन तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दृष्टिहीनों ने अपनी नौकरी की मांगों को लेकर सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले 652 दिनों से शिमला में हड़ताल कर रहे दृष्टिहीन संघ ने अब अपने आंदोलन को और तेज करने का फैसला किया है। संघ ने आगामी बजट सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करने, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिलने और जरूरत पड़ने पर आत्मदाह करने की भी चेतावनी दी है।

**आत्मदाह और विधानसभा का घेराव करने की चेतावनी**

संघ के सदस्य पंकज ठाकुर ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से प्रदर्शन के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

संघ के अध्यक्ष शोभू राम ने कहा कि उनकी मुख्य मांग दिव्यांग कोटे के तहत खाली पड़े बैकलॉग पदों को योग्यता के आधार पर भरा जाना है। उन्होंने बताया कि कई बैठकों के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला, और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ उनकी बैठक नहीं हो पाई। संघ ने साफ कर दिया है कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और उग्र करेंगे।

# अहंकार और तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में : श्रीकांत

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** भाजपा जिला मंडी द्वारा आपदा प्रभावितों पर दर्ज एफआईआर के विरुद्ध एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, विधायक विनोद कुमार, अनिल शर्मा, दिलीप ठाकुर, प्रदेश पदाधिकारी पायल वैद्य, अजय राणा एवं जिला अध्यक्ष निहालचंद और हीरालाल उपस्थित रहे।

### एफआईआर वापस नहीं ली तो तेज होगा आंदोलन




विरोध-प्रदर्शन में शामिल श्रीकांत शर्मा, डॉ. राजीव बिंदल, जयराम ठाकुर और भाजपा कार्यकर्ता।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए श्रीकांत शर्मा ने कहा की अहंकार और तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में, वर्तमान जन विरोधी कांग्रेस ने राहत की जगह आपदा प्रभावितों पर झूठी एफआईआर दर्ज की यह शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कभी तिरंगे का अपमान नहीं करती, पर कांग्रेस एवं राहुल गांधी देश, तिरंगा, सेना और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते है, यह उनकी पुरानी आदत है और उसके बाद विभिन्न न्यायालयों से राहुल बाबा जमानत पर रहते हैं। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर टिप्पणी भी की है।

### बड़ा हुआ भाजपा का प्रदर्शन : बिंदल

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रशासन ने तो शिमला मैसेज भेज दिया था कि 90 प्रतिशत सड़कें बंद है, भाजपा का प्रदर्शन नहीं होगा। तब भी बड़ी संख्या में भाजपा का प्रदर्शन हुआ, क्योंकि कष्ट में दुनिया जख्मों पर मरहम लगाती है और वर्तमान कांग्रेस सरकार ने आपदा प्रभावितों पर एफआईआर दर्ज कर गहरे जख्म दे दिए और एफआईआर उन पर दर्ज की गई जिनके इस त्रासदी में घर और जमीन ही चली गई।

### परेशान लोगों पर कर दी 3 एफआईआर : जयराम

जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा से परेशान लोगों पर तीन एफआईआर की गई, जिसमें से एक राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की एफआईआर है। इन मुकदमों में लोगों को जोड़ने का क्रम अभी भी चल रहा है और पहले क्रमांक इन्होंने खाली रखा है, उसमें शायद मेरा ही नाम डालना होगा। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण 2000 करोड़ का नुकसान हुआ है, पर सरकार ने बजट प्रावधान न के बराबर किया है। 1 करोड़ पीडब्ल्यूडी और 2 करोड़ आईपीएस जहां की पीडब्ल्यूडी का नुकसान 500 करोड़ और आईपीएस का नुकसान 300 करोड़ से अधिक है। जयराम ने कहा कि हमारा संदेश साफ है की मुख्यमंत्री तुरंत आदेश करें की यह झूठी एवं बेवजह एफआईआर तुरंत रद की जाए।

## शालघाट-दरोता फोरलेन का मार्ग प्रशस्त : पासवान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शिमला-कांगड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन, टू-लेन और पेव्ड शोल्डर में विकसित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग में शिमला से शालघाट के बीच 31.500 किलोमीटर लम्बे फोरलेन मार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर लेन की आकृति/इम्प्रूवमेंट की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में दी।

**केंद्रीय मंत्री पासवान ने डीपीआर को दी हरी झंडी**

उन्होंने बताया कि शालघाट से दरोता के बीच 22.5 किलोमेट लंबे फोर लेन मार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अवार्ड कर दी गई है। दरोता से कालरबाला के बीच 859.03 करोड़ रुपए लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। कालरबाला से नौनी चौक के बीच 25.4 लंबे मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इस मार्ग को 1244.43 करोड़ रुपए लागत से 12 मई 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। 15.600 किलोमीटर लंबे नौनी चौक से भगेर के बीच फोर लेन मार्ग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। भगेर से हमीरपुर के बीच 42 किलो मीटर लम्बे फोर लेन मार्ग की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अवार्ड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि टू-लेन लंबे हमीरपुर बाईपास को 739.39 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जा रहा है तथा इसका निर्माण कार्य अक्तूबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

## डॉ. सिकंदर के सवाल पर केंद्र सरकार का जवाब

# फास्टैग से जुड़ी खामियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से फास्टैग से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने विशेष रूप से उन फास्टैग के बारे में जानकारी मांगी जो गाड़ियों की विंडशील्ड पर ठीक से नहीं चिपके होते हैं। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या सरकार फास्टैग के उपयोग को बढ़ाने और इसे एक मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने के लिए कोई कदम उठा रही है।

**ढीले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया मजबूत, दोगुनी वसूली जाएगी फीस**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जवाब में बताया कि सरकार ने भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से लूज फास्टैग का पता लगाने और उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया को और मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा संचालकों को ऐसे मामलों की जानकारी संबंधित बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम को देनी होगी। इसके बाद, जारीकर्ता बैंक ऐसे फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करेगा।

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन वाहनों में वैध और काम करने वाला फास्टैग नहीं होगा, उनसे दोगुना शुल्क वसूला जाएगा। जिन वाहनों पर फास्टैग नहीं होगा, उन्हें भी इस नियम के तहत नकद में दोगुना शुल्क देना होगा, जिससे उल्लंघन को रोका जा सके।

# प्रदेशभर में आबकारी विभाग ने पकड़ी हजारों लीटर अवैध शराब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए आबकारी विभाग ने एक बड़ा अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत राज्यभर में की गई छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध शराब और 'लाहन' शराब बनाने का कच्चा माल जब्त किया गया है। विभाग ने इस वित्त वर्ष में अब तक 247 मामले दर्ज किए हैं, जो नशे के कारोबार के खिलाफ सरकार की सख्त नीति को दर्शाते हैं।



राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस ने बताया कि विभाग ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए पूरे राज्य में विशेष टीमें गठित की हैं। इन टीमों ने शिमला, बद्दी (बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़) और कुल्लू जैसे जिलों में विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया है।

डॉ. यूनुस ने बताया कि जुलाई माह में दक्षिण क्षेत्र शिमला में 542.930 बल्क लीटर, मध्य क्षेत्र मंडी में 745.350 बल्क लीटर, और उत्तरी क्षेत्र पालमपुर में 221.850 बल्क लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। इसके अतिरिक्त, इस दौरान 46 लीटर 'लाहन' भी जब्त कर नष्ट किया गया। आबकारी विभाग ने इस वित्त वर्ष में अब तक 10,523.668 बल्क लीटर से अधिक अवैध शराब और 21,630 लीटर लाहन जब्त किया है। यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

डॉ. यूनुस ने नागरिकों से इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार से जुड़ी कोई भी जानकारी विभाग को गुप्त रूप से दी जा सकती है। इसके लिए विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे दूरभाष और व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

**प्रतिबद्धता** | एनटीपीसी कोल डैम की सीएसआर गतिविधियां बनीं ग्रामीण बदलाव की मिसाल

# जनभागीदारी से ही बदलता है समाज: एनटीपीसी प्रबंधन

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** एनटीपीसी कोल डैम प्रबंधन की यह सोच रही है कि केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव में भागीदारी निभाना भी उसकी जिम्मेदारी है। सीएसआर के तहत किए गए ये कार्य आज सैकड़ों परिवारों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला चुके हैं यह कहना है एनटीपीसी के एचआर प्रमुख उमेश शर्मा का साथ ही वो कहते हैं कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



कोल डैम का एक दृश्य।

एनटीपीसी कोल डैम प्रबंधन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक पहलें की गई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बालिका सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल विकास, आधारभूत ढांचे की मजबूती और स्थानीय रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में एनटीपीसी ने उल्लेखनीय कार्य कर एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

एनटीपीसी द्वारा संचालित कार्यक्रमों में महिला स्वयं सहायता समूहों को न केवल प्रशिक्षण दिया गया, बल्कि उनके उत्पादों के विपणन के लिए मंच भी उपलब्ध करवाया गया। महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण, मशरूम उत्पादन और हस्तशिल्प जैसे कार्यों में दक्ष बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम किया गया है।

इसके साथ ही बालिकाओं के लिए व्यक्तित्व विकास, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसे कार्यक्रम चलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

एनटीपीसी द्वारा नेत्र और दंत चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को मुफ्त जांच और उपचार की सुविधा दी गई है। स्वस्थ मां-स्वस्थ बच्चा जैसी स्वास्थ्य शिक्षा मुहिम भी चलाई गई, जिससे महिलाओं और बच्चों के पोषण व देखभाल में जागरूकता आई है।

आंगनबाड़ी केंद्रों को खेल सामग्री, फर्नीचर, और पोषण किट प्रदान कर बच्चों के समुचित विकास के लिए सहयोग किया गया है। पौधरोपण अभियान, जल संरक्षण और स्वच्छता जागरूकता अभियानों के माध्यम से एनटीपीसी ने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी है। स्थानीय स्कूलों और पंचायतों के सहयोग से हजारों पौधे लगाए गए हैं।

एनटीपीसी ने गांवों में सड़क निर्माण, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, सामुदायिक भवनों की मरम्मत और निर्माण कार्यों में भरपूर सहयोग दिया है। इससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं में बड़ा लाभ मिला है।

### अब आधा घंटा पहले मिलेगी पानी छोड़ने की सूचना

**कोलडैम** से पानी छोड़े जाने की स्थिति में अब आमजन को आधे घंटे पहले सूचना मिल सकेगी। एनटीपीसी कोलडैम प्रबंधन ने मंडी भराड़ी तक चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की योजना बनाई है। इसमें हूटर सिस्टम और चलित वाहनों में लगे स्पीकरों के माध्यम से लोगों को अलर्ट किया जाएगा ताकि डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में संभावित खतरे से पहले ही लोग सचेत हो सकें। अभी तक यह व्यवस्था केवल डैहर तक सीमित थी, लेकिन भविष्य में इसका दायरा मंडी भराड़ी तक बढ़ाया जा रहा है। एनटीपीसी कोलडैम के एचआर प्रमुख उमेश कुमार ने बताया कि इस नई प्रणाली को जल्द लागू कर दिया जाएगा, जिससे आपदा के समय प्रभावी रूप से बचाव संभव हो सके



## न्यूज ब्रीफ

### बीएड कॉलेज में दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय बीएड कॉलेज धर्मशाला के शिक्षकों, गैर-शिक्षकों और विद्यार्थियों ने प्रातःकालीन सभा में नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बीना सी. नायर ने बताया कि निर्णय लिया है कि भविष्य में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में नशा मुक्ति की शपथ वार्षिक कार्यक्रम बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे नशा संबंधित गतिविधियों में शामिल न हों तथा अपने मित्रों और रिश्तेदारों को भी शामिल न होने से दूर रखे गए चिट्टे से बचने के लिए इसके दुरुपयोग के बारे में बताएं। चिट्टा और उसके उपयोग के खिलाफ आंदोलन में भाग लेंगे।

### भारती विद्यापीठ स्कूल के दो छात्रों ने पास की नीट परीक्षा



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की छात्रा पलक पुत्री बीरबल निवासी उतराला ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा में प्रवेश प्राप्त किया है। अब वह डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करेगी। पलक के पिता जोगिंद्रनगर कोर्ट में रीडर है और उनकी माता गृहिणी है। वहीं, स्कूल के एक और छात्र सोहेल खान पुत्र रजीद खान निवासी लड़ भडोल ने भी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डॉक्टर राधाकृष्णन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में प्रवेश प्राप्त किया है। सोहेल के पिता गवर्नमेंट स्कूल में कंप्यूटर अध्यापक हैं और माता गृहिणी है। स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा ने इन दोनों छात्रों को बधाई दी है।

### सूही गांव में जांचा 50 मरीजों का स्वास्थ्य



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा मूही पंचायत के सूही गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में 50 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 48 मरीजों के लैब टेस्ट भी किए गए। जांच में 14 मरीज हड्डी रोग, 5 शुगर, 8 हाई ब्लड प्रेशर, 2 स्त्री रोग और 21 सामान्य रोग से पीड़ित पाए गए। सभी रोगियों को डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श दिया गया।

### छात्राओं को दी एंटी रैगिंग की जानकारी

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय बहु तकनीकी (महिला), रेहन में सत्र 2025-26 के ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रोग्राम के तहत छात्राओं के लिए जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर करतार सिंह ने छात्राओं को एंटी रैगिंग और ड्रग एब्यूज एक्ट की विस्तृत जानकारी दी और इन बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी। छात्राओं ने सत्र को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

### महिलाओं को बताया स्तनपान का महत्व

**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान, सुलह।** बाल विकास परियोजना भवारना के अंतर्गत वृत्त मैहजा आंगनबाड़ी केंद्र में स्तनपान दिवस का आयोजन बाल विकास अधिकारी रीना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और छोटे बच्चों की माताएं उपस्थित रहीं। वृत्त पर्यवेक्षिका कमला देवी ने महिलाओं को स्तनपान के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का पहला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) देना आवश्यक है, जो उसे संक्रमण और बीमारियों से बचाता है। छह माह तक केवल स्तनपान ही करवाना चाहिए। स्तनपान शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी दी गईं।

# सात माह में साइबर क्राइम की 7 एफआईआर

## अवेयरनेस के बावजूद बढ़ रहा साइबर क्राइम, पांच इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और 2 डिजिटल अरेस्ट केस

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** डिजिटल युग में साइबर क्राइम का राक्षस लोगों को अपना शिकार बनाता जा रहा है। इस वर्ष साइबर क्राइम के मामलों में सात माह में सात एफआईआर साइबर थाना धर्मशाला में दर्ज हो चुकी हैं। हालांकि, पुलिस व साइबर टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद साइबर क्राइम थमने के बजाए लगातार पनप रहा है।

इस वर्ष दर्ज सात एफआईआर में 5 मामले इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और 2 मामले डिजिटल अरेस्ट के हैं, जिनमें लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी को साइबर ठगों द्वारा अंजाम दिया गया है। वहीं, साइबर थाना में अब 5 लाख के बजाए 20 लाख की ठगी के मामलों में ही एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान किया गया है।

### दो साल: 70 मामले, 20 करोड़ की ठगी

**धर्मशाला** में साइबर थाना की स्थापना को दो वर्ष के लगभग समय हो चुका है और इस अवधि के दौरान थाना में 70 मामले साइबर क्राइम के दर्ज हो चुके हैं। इन मामलों के तहत ठगों द्वारा पीड़ितों से करीब 20 करोड़ रुपए की ठगी की जा चुकी है।



### इन्वेस्टमेंट के नाम पर 6.56 करोड़ की चपत

**इन्वेस्टमेंट** से संबंधित मामलों में साइबर ठगों ने पीड़ितों से 6 करोड़ 56 लाख रुपए की ठगी की है, जबकि डिजिटल अरेस्ट के जरिए 60 लाख रुपए का चूना पीड़ितों को लगाया गया है।

### बदला एफआईआर क्राइटीरिया

**जानकारी** के अनुसार, साइबर क्राइम थाने में अब धन राशि की ठगी के मामले में दर्ज होने वाली एफआईआर का क्राइटेरिया भी बदल गया है, पहले जहां 5 लाख रुपए तक के फ्रॉड में एफआईआर दर्ज हो जाती थी। वहीं, अब 20 लाख रुपए तक का फ्रॉड होने पर ही एफआईआर दर्ज की जाती है, जबकि इससे कम राशि के फ्रॉड के मामलों में पुलिस थाना स्तर पर भी जांच की जाती है।

### डिजिटल अरेस्ट मामले घटे

**डिजिटल** अरेस्ट के मामलों में जागरूकता के बाद कमी आई है, फिर भी सोशल मीडिया में अवांछित लिंक्स लोगों को धोखे में डालकर अभी भी फ्रॉड कर रहे हैं, जिनसे सतर्क रहकर ही बचा जा सकता है।



**जागरूकता** के बावजूद साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं। इस वर्ष अब तक 7 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसके तहत करीब 7 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। साइबर थाना में अब तक 70 मामले दर्ज हो चुके हैं, जिनमें 20 करोड़ की ठगी हुई है। जागरूकता अभियान के बाद डिजिटल अरेस्ट के मामलों में कमी आई है।

**-प्रवीण धीमान, एएसपी, साइबर क्राइम थाना धर्मशाला**

### राहुल और प्रियंका ने भारतीय कानून व संविधान का बनाया मजाक: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने भारत के कानून व सविधान का मजाक बनाकर रख दिया है, जो न्यायालय का सम्मान नहीं करते वे भी सच्चे भारतीय नहीं। विश्व चक्षु ने प्रियंका गांधी वाड्रा की सुप्रीम कोर्ट पर की गई टिप्पणी की कड़ी आलोचना की है। चक्षु ने कहा कि न्यायपालिका देश की एक महत्वपूर्ण संस्था है और इसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने प्रियंका से माफी मांगने की मांग की है। भारतीय सेना पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से कड़ी फटकार मिली है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सावरकर जैसे क्रांतिकारी का अपमान किया है।

## मिनर्वा स्टडी सर्किल धर्मशाला के हिम क्वेस्ट-25 का आगाज 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

- 21 सितंबर को हिमाचल के 55 केंद्रों पर होगी प्रतिभा खोज परीक्षा

**मिनर्वा** स्टडी सर्किल घुमारवीं व धर्मशाला ने प्रतिभावान बच्चों में छुपी प्रतिभा को खोजने के लिए इस वर्ष एक नया प्रारूप तैयार किया है।

हिम क्वेस्ट-25 के नाम से प्रसारित प्रतिभा खोज परीक्षा का अनावरण संस्थान 10 अगस्त को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में करने जा रहा है। 21 सितंबर को हिमाचल के लगभग 55 केंद्रों में इस परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। नीट, जेईई, एनडीए और अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं की कोचिंग और संपूर्ण तैयारी के लिए अपना एक अलग मुकाम बना चुका संस्थान बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करने जा रहा है, जहां बच्चे न केवल अपनी काबलियत को प्रर्दषित करेंगे, बल्कि छात्रवृत्ति के साथ आर्कषक इनाम भी प्राप्त करेंगे।

मिनर्वा स्टडी सर्किल धर्मशाला के केंद्र प्रमुख अजय शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के आधार पर जमा दो सांइस श्रेणी में प्रदेश में प्रथम आने वाले अभ्यर्थी को पहला इनाम टीवीएस एनटार्क स्कूटी या एक लाख का कैष इनाम और साथ में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाएगी। जमा एक सांइस तथा 10वीं श्रेणी में प्रथम आने वाले अभ्यर्थी को ऐपल मैक बुक्क ऐयर और साथ ही 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। इन सभी श्रेणियों में दूसरे स्थान से लेकर 20वें स्थान पर रहने वाले बच्चों को भी विभिन्न इनाम जैसे लैपटॉप, टैबलैट्स, स्मार्ट वॉच, डिजिटल पैड और 100 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक छात्रवृत्तियां भी दी जांएगी।

हिम क्वेस्ट 25 में 21वें स्थान से लेकर 120वें स्थान पर रहने वाले बच्चों के लिए भी गिफ्ट हैम्पर्स के साथ 60 प्रतिशत छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। इसके साथ साथ जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर रहले वाले अभ्यर्थी को कैश प्राइज 5100, दूसरे स्थान पर 3100, तीसरे स्थान पर रहले वाले छात्र को 2100, चौथे स्थान पर 1100 तथा पांचवें स्थान पर रहने वाले को 500 रुपए तथा अन्य उपहार भी दिए जाएंगे।

## जुलाई माह में नेत्र शिविरों में जांची 2200 से अधिक मरीजों की आंखें: डॉ. महाजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एसएमआई हॉस्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा) के निदेशक एवं प्रमुख नेत्र सर्जन डॉ. संदीप महाजन ने बताया कि जुलाई माह के दौरान अस्पताल की ओर से 15 से अधिक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 2200 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई। यह शिविर जिला कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर और हमीरपुर के दूरदराज पंचायत क्षेत्रों में आयोजित किए गए। बरसात के मौसम में आंखों से जुड़ी समस्याएं अधिक बढ़ जाती हैं, ऐसे में यह शिविर ग्रामीण जनता के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुए। डॉ. महाजन ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य आंखों की बीमारियों को समय रहते पहचानना और लोगों को उनकी गंभीरता तथा उपचार के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व दिव्यांग व्यक्तियों के लिए यह पहल जीवनदायिनी साबित हो रही है। एसएमआई हॉस्पिटल का प्रयास है कि प्रदेश का कोई भी नागरिक समय रहते अपनी आंखों की देखभाल कर सके और दृष्टिहीनता से बचा जा सके। अस्पताल प्रबंधन समिति भविष्य में भी इस अभियान को जारी रखेगी।



## चक्की दरिया के तेज बहाव से डेरा स्वामी जगत गिरि आश्रम भदरोया को खतरा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** हिमाचल-पंजाब सीमा पर स्थित डेरा स्वामी जगत गिरि आश्रम भदरोया को चक्की दरिया के तेज बहाव के चलते भारी खतरा उत्पन्न हो गया है।

लगातार बारिश के कारण दरिया का जलस्तर बढ़ने से आश्रम की भूमि का कटाव जारी है और अब तक करीब 40 कनाल जमीन बह चुकी है। श्रद्धालुओं द्वारा बीते वर्षों में लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए रास्ते और शौचालय फिर से बह गए हैं। आश्रम ट्रस्ट द्वारा पहले दो बार 15-15 लाख रुपए खर्च कर रास्ता पुनर्निर्मित किया गया था। हिमाचल सरकार द्वारा लगाए गए 6 लाख रुपए के करेट भी तेज बहाव में बह चुके हैं। श्रीश्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज ने सरकार व स्थानीय विधायक से अपील की है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और आश्रम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द स्थायी समाधान निकाला जाए।



दरिया का जलस्तर बढ़ने से आश्रम की बह चुकी है करीब 40 कनाल जमीन।

## इस बार धर्मगुरु दलाईलामा को समर्पित होगा टियालू मेला मैक्लोडगंज

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान**

- 30 अगस्त से पांच सितंबर तक होगा मेले का आयोजन
- दो सितंबर को होगा दंगल जल्द होगा टीमों का गठन

**मैक्लोडगंज।** मेला कमेटी मैक्लोडगंज (पंजीकृत) की वार्षिक बैठक क्लब हाउस में मेला कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कपूर की अध्यक्षता में हुई।

बैठक पूर्व में हुए कार्यों की समीक्षा करने के साथ मैक्लोडगंज (टियालू )मेले के विषय में विस्तार से चर्चा की गई और निर्णय लिया कि इस वर्ष का मेला तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा को समर्पित किया जाएगा। मेला 30 अगस्त से पांच सितंबर तक आयोजित होगा। दो सितंबर को दंगल का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि प्रदेश में हो रही त्रासदी लिए एक उचित धनराशि मेला कमेटी की तरफ से पीड़ित परिवारों को दी जाएगी। इस अवसर पर नवजीवन शर्मा, करम चंद, किशोरी लाल, शमशेर नेहरिया, परशराम, विनोद कुमार, महेंद्र कपूर, कृष्णा महादेव, नरेंद्र पठानिया, निर्मल सिंह, आशीष कपूर, महेंद्र संजीव नेहरिया मौजूद रहे।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### बीएसएफ में कांस्टेबल ट्रेड्समैन की भर्ती


कुल पद
3588
आयु : 18 से 25 साल
एजुकेशनल : 10वीं पास : संबंधित ट्रेड में ITI या NCVT/SCVT सर्टिफिकेट
वेबसाइट : www.bsf.gov.in



आवेदन की अंतिम तिथि
25 अगस्त

### ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी का मौका

कुल पद
500
आयु : 21 से 30 साल
✔ एजुकेशनः 10वीं, 12वीं या ग्रेजुएशन में इंग्लिश होना जरूरी है।
✔ एससी/ एसटी : 5 वर्ष की छूट



वेबसाइट
orientalinsurance.org.in
आवेदन की अंतिम तिथि
17 अगस्त

### सीसीआरएएस में भरे जाएंगे पद

कुल पद
394
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशनः 10वीं, 12वीं ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
आवेदन की अंतिम तिथि



31 अगस्त
वेबसाइट
www.ccras.nic.in

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में निकली बंपर भर्ती

कुल पद
615
आयु : 18 से 37 साल
✔10वीं, 12वीं, ITI, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन आदि डिग्री या योग्यता
वेबसाइट
dsssb.delhi.gov.in




✔वेतन : 18,000 से 1,51,100 प्रति माह
आवेदन की अंतिम तिथि
16 सितंबर

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## सफलता में बाधक तत्वों से बचिए और आगे बढ़िए



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा

**आज** का युग प्रतियोगिता और प्रगति का युग है। युवा वर्ग देश का वर्तमान भी है और भविष्य भी। हर युवा के भीतर कुछ कर दिखाने की अपार संभावनाएं होती हैं, लेकिन कई बार वे अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाते, क्योंकि वे सफलता की राह में आने वाली बाधाओं से अनभिज्ञ रहते हैं। उनके जीवन में कुछ ऐसी आदतों का प्रवेश हो जाता है जो कि कालांतर में सफलता की राह में बाधा साबित होती हैं। इन बाधक तत्वों को समय रहते पहचान लिया जाए और उनसे सावधानीपूर्वक बचा जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है बिना उद्देश्य के शिक्षा, नौकरी या कोई भी प्रयास सिर्फ समय और ऊर्जा की बर्बादी है। इसलिए पहला कदम है-स्पष्ट और यथार्थवादी लक्ष्य तय करना।

युवावस्था क्षमता, सामर्थ्य और ऊर्जा का प्रतीक है, लेकिन यदि यही ऊर्जा आलस्य, विलंब और सोशल मीडिया के अंधाधुंध उपयोग में नष्ट हो जाए, तो सफलता एक सपना बनकर रह जाती है। अपनी क्षमताओं का आकलन न कर पाना, निर्णय लेने में असमर्थ होना और आज किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर टालना जैसी सोच युवाओं को उनके स्वर्णिम भविष्य से वंचित कर देती है। युवाओं को अकसर लगता है कि वे दूसरों के मुकाबले कमजोर हैं या उनके पास साधन नहीं हैं, लेकिन असली ताकत संसाधनों में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प में होती है। 'मैं कर सकता हूं'- यह विश्वास ही असंभव को संभव बना देता है। गलत मित्रों की संगति, नशे की आदतें, अनुशासन की कमी ये सब धीरे-धीरे जीवन को नीचे की ओर धकेल देते हैं। सफल व्यक्ति वही होता है जो आत्मनियंत्रण, संयम और नियमित दिनचर्या को अपनाता है कई बार असफलताएं, आलोचनाएं या कठिन परिस्थितियां युवाओं को तोड़ देती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि असफलताएं ही अनुभव देती हैं और अनुभव ही सफलता की सीढ़ी बनते हैं। धैर्य, सहनशीलता और लगातार प्रयासरत रहना ही युवाओं को मंजिल तक पहुंचाते हैं। सफलता कोई एक दिन में मिलने वाली वस्तु नहीं है। यह तप, त्याग, निरंतरता और सकारात्मक सोच का परिणाम है। यदि युवा वर्ग सफलता की राह में आने वाले आलस्य, लक्ष्यहीनता, बुरी संगति, नकारात्मक सोच और अनुशासनहीनता जैसे तत्वों से बच जाए, तो निश्चित ही उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-'तुम अपने विचारों से ही शक्तिशाली बन सकते हो, इसलिए महान बनो, सोचो और उसी दिशा में कार्य करो।' आज का युवा यदि यह संकल्प ले कि वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक डटेगा, तो कोई भी बाधा उसे रोक नहीं सकती।

## IITs अब इंजीनियरिंग के अलावा भी कई शैक्षणिक विकल्प



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs) अब सिर्फ इंजीनियरिंग तक सीमित नहीं हैं। 12वीं के बाद छात्र डिजाइन, विज्ञान, कला, उद्यमिता, अर्थशास्त्र, और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी स्नातक पाठ्यक्रमों का चयन कर सकते हैं। विकल्पों की संख्या बढ़ी है।

### 1. डिजाइन

**कार्स :** B.Des (बैचलर ऑफ डिजाइन)
**IITs:** IIT Bombay, IIT Guwahati, IIT Hyderabad
**एग्जामः** UCEED
**फील्ड्सः** X/UI डिजाइन, प्रोडक्ट डिजाइन, ग्राफिक डिजाइन, गेम डिजाइन आदि

### 2. विज्ञान एवं शोध

**कोर्स :** (बैचलर ऑफ साइंस)/ B.Sc (रिसर्च)
**IITs:** IIT Madras, IIT Kharagpur, IIT Kanpur, IIT Bombay
**विषय :** फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स, बायोसाइंसेस, इकोनॉमिक्स आदि
**लक्ष्य :** रिसर्च, डेटा साइंस, उच्च शिक्षा (M.Sc/Ph.D)

### 3. मैनेजमेंट और इकोनॉमिक्स

**कोर्सः** B.S. in Economics (IIT Kanpur), B.Tech + MBA (IIT Bombay, IIT Kharagpur)-ड्यूल डिग्री
**विषयः** इकोनॉमिक्स, फाइनेंस, मैनेजमेंट

### 4. डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

**कोर्स :** in Data Science and Applications
IIT Madras द्वारा पेश किया गया 100 फीसदी ऑनलाइन प्रोग्राम
**योग्यताः** 12वीं के बाद ले सकते प्रवेश (JEE की आवश्यकता नहीं)

### 5. लिबरल आर्ट्स/ह्यूमैनिटीज

कुछ IITs जैसे कि IIT Hyderabad व IIT Gandhinagar में ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंसेज व कल्चरल स्टडीज से जुड़े कोर्स हैं।

**निष्कर्ष :** इंजीनियरिंग नहीं करना चाहते, लेकिन IIT में पढ़ाई का सपना है, तो आपके पास डिजाइन, रिसर्च, डाटा साइंस, इकोनॉमिक्स बेहतरीन विकल्प हैं। कुछ कोर्स में JEE की आवश्यकता होती है और कुछ के लिए अलग एग्जाम होता है।

## हिमाचल में शिक्षा की नई क्रांति

*हिमाचल प्रदेश की वादियों में अब सिर्फ देवदार नहीं झूमते, बल्कि यहां टैबलेट की स्क्रीन पर अंगुलियां भी नाचती हैं। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई डिजिटल क्लासरूम योजना ने उन गांवों तक शिक्षा की नई रोशनी पहुंचाई है, जहां पहले केवल मौन था और उम्मीदें अधूरी थीं। 'ई-विद्या' और 'हर घर पाठशाला' जैसी पहलों ने शिक्षा को दीवारों से निकालकर बादलों के पार तक पहुंचाया है। अब विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं हैं। स्मार्टफोन की स्क्रीन से लेकर ऑनलाइन वीडियो लेक्चर और वर्चुअल लैब तक, ज्ञान का हर स्रोत क्लिक पर उपलब्ध है। जहां शिक्षक पैदल नहीं पहुंच पाते थे, वहां जूम और गूगल मीट ने उन्हें बिठा दिया है।*



### शिक्षक : डिजिटल बदलाव के धर्मयोद्धा

**प्रदेश** का शिक्षक अब सिर्फ चॉक-बोर्ड तक सीमित नहीं रहा। वह मोबाइल में ऐप डाउनलोड करता है, यूट्यूब पर कंटेंट बनाता है और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स में अपनी क्लास लेता है। यह रूपांतरण सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि वैचारिक है, जहां शिक्षक अब साधनहीनता को अपनी प्रतिभा से परास्त कर रहा है। बर्फबारी में भी इंटरनेट चलाना, जेनरेटर से बिजली जुटाना और बच्चों के घर जाकर उन्हें डिजिटल कक्षा से जोड़ना, ये वो असाधारण प्रयास हैं, जो हिमाचल के सुदूर विद्यालयों में हो रहे हैं। शिक्षक अब सिर्फ ज्ञानदाता नहीं, एक सच्चा परिवर्तनकारी योद्धा है।

### शिक्षा का नया नक्शा : गांव से ग्लोबल तक

**हिमाचल** सरकार का यह सपना है कि शिक्षा अब किसी भी भौगोलिक सीमा में कैद न रहे। लाहौल-स्पीति की घाटियों से लेकर चंबा की पहाड़ियों तक, हर विद्यार्थी डिजिटल शिक्षा से जुड़ सके, यही है 'डिजिटल हिमाचल' की संकल्पना। डिजिटल साक्षरता ने प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में शामिल कर दिया है। आज का विद्यार्थी कोडिंग सीख रहा है, वर्चुअल सेमिनार में भाग ले रहा है और डिजिटल प्रयोगशालाओं में विज्ञान का अभ्यास कर रहा है, वो भी अपने गांव के एक छोटे से कमरे में बैठकर।



डॉ. मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर बहारा यूनिवर्सिटी वाकनाघाट, शिमला।

### बालिकाओं की डिजिटल उड़ान

हिमाचल की बेटियां अब सिर्फ स्कूल तक सीमित नहीं। मोबाइल फोन और टैब के जरिए उन्होंने अपने घर से ही डिजिटल कक्षा में दाखिला ले लिया है। माता-पिता का भरोसा और सरकारी योजनाओं की मदद ने बालिकाओं को एक नई दिशा दी है। चंबा की सीमा से लेकर सिरमौर तक, अनेक बालिकाएं ऑनलाइन शिक्षा के जरिए मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रही हैं। यह सिर्फ पढ़ाई नहीं, यह आत्मनिर्भरता की शुरुआत है।

### बाधाएं भी हैं, लेकिन उम्मीदें बड़ी हैं

**इंटरनेट** की गति, बिजली की अनियमितता और उपकरणों की कमी जैसी समस्याएं अब भी कई क्षेत्रों में मौजूद हैं। लेकिन ये बाधाएं पहाड़ी आत्मबल के आगे टिक नहीं पा रहीं। जिस तरह गांवों में बिजली पहुंची थी, उसी तरह डिजिटल क्रांति भी पहुंच रही है। राज्य सरकार ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता में रखा है। 'स्मार्ट स्कूल पॉलिसी' और 'डिजिटल क्लस्टर लर्निंग' जैसी योजनाएं इस परिवर्तन को और मजबूती प्रदान कर रही हैं।

### शिक्षा की यह क्रांति स्थायी होनी चाहिए

**यह** समय सिर्फ बदलाव का नहीं, बल्कि क्रांति का है। डिजिटल शिक्षा हिमाचल को एक ऐसे भविष्य की ओर ले जा रही है, जहां हर विद्यार्थी के पास समान अवसर हो, चाहे वह किसी भी ऊंचाई या दुर्गमता में क्यों न रहता हो। हिमाचल का यह प्रयोग देश के लिए एक मॉडल बन सकता है, जहां तकनीक, शिक्षक और सरकार मिलकर भविष्य को रच रहे हैं। यह केवल शिक्षा नहीं, यह हिमालय की आत्मा से उपजा हुआ एक स्वप्न है, जिसे अब साकार करने का वक्त आ गया है।

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

## ज्ञान की बात

- मध्य पाषाण युग की अवधि लगभग कब से कब तक वर्ष पूर्व से तक मानी जाती है?
  - 12000 ई. वर्ष पूर्व से 10000 ई. वर्ष पूर्व तक
- किस राज्य में हुसैन सागर झील स्थित है?
  -तेलंगाना
- पहिये का आविष्कार कब हुआ था?
  -नव पाषाण काल में
- हिमालय प्रदेश प्रदेश में कुल कितने राष्ट्रीय उद्यान हैं?
  -5
- हिमाचल प्रदेश के किस नगर को छोटा ल्हासा कहा जाता है?
  -धर्मशाला
- हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासनिक संस्थान के पहले निदेशक कौन थे?
  -बीके शर्मा

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन से अवैध लकड़ी के 45 मोछे बरामद



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा जिले के संसारपुर टैरेस क्षेत्र में मंगलवार रात को पुलिस ने गश्त के दौरान एक वाहन से अवैध लकड़ी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी संजय शर्मा की अगुवाई में कुठेरा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एचपी 36एफ 5069 नंबर की गाड़ी को रोका गया। जांच के दौरान उसमें से 45 लकड़ी के मोछे बरामद हुए, जिनमें 35 विभिन्न किस्म की लकड़ी, 6 सिंबल और 4 ब्योल के थे। डीएसपी राजकुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि यह कदम वन अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण की दिशा में एक मजबूत पहल है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

### छत खो चुके परिवार का सहारा बना रोटरी क्लब



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रोटरी क्लब शाहपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सत्येंद्र गौतम के नेतृत्व में ओम प्रकाश के परिवार की सहायता के लिए रेहलू के साथ लगते सारना गांव पहुंची। भूस्खलन के कारण इस परिवार का घर क्षतिग्रस्त हो गया है। भारी बरसात में यह परिवार तंबू में रह रहा है। सारना गांव से लगभग तीन किलोमीटर पहले संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पैदल आगे बढ़ती टीम को शाहपुर जा रहे पीड़ित ओम प्रकाश रास्ते में मिल गए। रोटरी क्लब ने प्रभावित परिवार की तत्काल घरेलू जरूरतों के लिए ग्यारह हजार की राशि सौंपी। टीम में सचिव रोटेरियन प्रदीप बर्लोरिया, वित्त सचिव रोटेरियन तिलक रैना, वरिष्ठ रोटेरियन गंधर्व पठानिया, राजेश राणा, करनैल चौहान, भूपिंदर परमार भी शामिल रहे।

### 5.90 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान के तहत मंगलवार को एक युवक से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी 29 वर्षीय रिंकू निवासी बैजनाथ से 5.90 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए अभियान में जनसहभागिता जरूरी है व इलाके में नशे की रोकथाम के लिए कोई भी नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना दे सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा।

### कथोग-मुहल-हरड़ रोड पर यातायात रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि देहरा उपमंडल के अंतर्गत कथोग-मुहल-हरड़ सड़क मरम्मत कार्य के चलते 10 अगस्त तक यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए देहरियां से मुहल, मुहल से जलंधर लाहर मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पठानकोट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना डिवीजन नंबर एक के एएसआई पवन कुमार की टीम भड़ोली कलां क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान उन्हें बहादुर लहरी गांव की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर वह घबरा गया और अपनी जेब से एक मोम का लिफाफा फेंक दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया और लिफाफे की तलाशी ली, जिसमें से 12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सागर उर्फ शम्पी पुत्र जगदीश कुमार निवासी मोहल्ला घरोटी, पठानकोट के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना डिवीजन नंबर एक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### शाहपुर अस्पताल में स्तनपान सप्ताह पर कार्यक्रम




**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सिविल असपताल शाहपुर में विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड चकित्सा अधिकारी डॉ. कविता ठाकुर ने बताया कि स्तनपान शिशुओं के लिए आदर्श पोषण प्रदान करता है और मातृ स्वास्थ्य, भावनात्मक जुड़ाव और दीर्घकालिक सामाजिक लाभों में योगदान देता है। इस वर्ष की थीम स्तनपान को सक्षम बनाना, कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना कार्यस्थल, सोसायटी स्तर तथा जनता को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समय पर कार्यालय पहुंचें तथा ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आम जनता को सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधित कार्यों का तत्परता से निष्पादन सुनिश्चित बनाएं, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने लंबित कार्यों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए।

### डीसी ने किया देहरा स्थित लघु सचिवालय का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, देहरा।** डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बुधवार को देहरा स्थित लघु सचिवालय भवन का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयों की साफ-सफाई, फाइलों के रखरखाव के साथ ऑडिट रजिस्टर, सोसायटी रजिस्टर तथा जनता को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समय पर कार्यालय पहुंचें तथा ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आम जनता को सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधित कार्यों का तत्परता से निष्पादन सुनिश्चित बनाएं, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने लंबित कार्यों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए।

---

### राजस्व रिकॉर्ड की प्रिंटिंग की एवज में तय से वसूली ज्यादा राशि

# दुकानदार को ग्राहक को देना होगा दस हजार मुआवजा

- जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला
- शिकायतकर्ता का दावा- 26 प्रतियों के लिए 271 रुपए बनते और दुकानदार ने लिए 315 रुपए



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजस्व** रिकॉर्ड (नकल जमाबंदी) की प्रतियों की प्रिंटिंग के लिए उपभोक्ता से निर्धारित सरकारी राशि से अधिक दाम वसूलने पर 10 हजार रुपए मुआवजा दुकानदार को देना होगा। साथ ही 7500 रुपए मुकदमा फीस भी दुकानदार को देनी होगी।

ग्राहक से निर्धारित दामों से अधिक वसूले गए 44 रुपए भी 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे। यह फैसला जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा और सदस्य आरती सूद की अदालत ने सुनाया है।

आयोग के समक्ष अजीत सिंह निवासी सरड़ लोहारी सब तहसील रक्कड़ (देहरा) ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा था कि 7 अक्तूबर 2023 को देहरा कोर्ट के समीप स्थित एक दुकान में फर्द जमाबंदी प्राप्त करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने वर्ष 2018-2019 के लिए राजस्व रिकॉर्ड (नकल जमाबंदी) की छपाई के लिए 315 रुपए का दावा किया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि दुकानदार ने इस राजस्व रिकॉर्ड की प्रतियों की प्रिंटिंग के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित निर्धारित दर से अधिक राशि ली। शिकायतकर्ता का कहना था कि 26 प्रतियों के लिए 271 रुपए बनते थे, जबकि दुकानदार ने 315 रुपए लिए गए। इस पर दुकानदार की सेवाओं में कमी के आरोप लगाते हुए उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज की गई। आयोग ने सभी तथ्यों को जांचने के बाद उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है।

---

# एचआरटीसी के 41 रूट प्रभावित, 21 रूटों में कटौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम मंडल धर्मशाला के अंतर्गत बुधवारी को भी 41 बस रूट प्रभावित हुए। इनमें से 17 रूट ऐसे थे, जिनमें बसें फंस गई, जबकि 3 रूटों पर बसों को खराब मार्ग के चलते भेजा नहीं गया। लगातार जारी बारिश के चलते भूस्खलन व अन्य कारणों से 3 रूटों पर गई बसें रोक दी गई हैं। वहीं, 17 रूट सस्पेंड कर दिए हैं। इसके अलावा 21 बस रूटों में कटौती कर दी गई, जिनमें 8 नगरोटा बगवां और 13 रूट जोगिंद्रनगर डिपो के हैं।

मंडल प्रबंधन की ओर से चालकों व परिचालकों को बरसात के दौरान रूटों पर जाते समय विशेष एहतियात बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि एचआरटीसी धर्मशाला मंडल के तहत धर्मशाला, नगरोटा बगवां, पालमपुर, पठानकोट, बैजनाथ, चंबा और जोगिंद्रनगर डिपो आते हैं। उधर, एचआरटीसी मंडल धर्मशाला के डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि बुधवार को 41 बस रूट प्रभावित हुए हैं, जिसमें 17 रूटों पर गई बसें फंस गई, 3 बसों को रोक दिया गया, जबकि 21 बस रूटों में कटौती की गई है।

### हरपुखर से चनौटा रोड 4 सितंबर तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने अधिसूचना जारी की है कि देहरा उपमंडल के अंतर्गत हरपुखर से चनौटा सड़क मरम्मत कार्य के चलते 4 सितंबर तक यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगी। वाहनों की आवाजाही के लिए भरवाई से कलोहा रोड (चलाली से परागपुर वाया लगबलियाना) बगली पक्का भरोह से नलसूहा वाया सुक्कड़ रोड तथा अप्पर परागपुर से करोह वाया दादरी मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### शाहपुर उपमंडल में कच्चा मकान, गोशाला व फसल तबाह होने से लाखों का नुकसान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर उपमंडल के तहत भारी बारिश के चलते पिछले 24 घंटों में तीन लाख 78 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। बारिश के कारण ठाकरू पुत्र मंगता निवासी रुल्हेर की मक्का की फसल तबाह हो गई, जिससे आठ हजार रुपए का नुकसान हुआ। उत्तम चंद पुत्र रांझा राम निवासी डुली उपतहसील दरिणी की आटा चक्की गिरने से 10 हजार रुपए का नुकसान हुआ। पंकज कुमार पुत्र उधम सिंह निवासी झरेर तहसील शाहपुर का कच्चा घर गिरने से राशि 3,35,000 रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा पंकज कुमार पुत्र उधम सिंह निवासी झरेर तहसील शाहपुर की गोशाला ढहने से रुपए 25,000 का नुकसान हुआ है। एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने बताया कि प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है।

---

# बीबीएमबी ने पौंग बांध से छोड़ा 23300 क्यूसिक पानी

### निचले क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने के लिए निर्देश



लगातार बारिश होने के कारण पौंग बांध का बढ़ रहा जलस्तर।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पौंग** झील का जलस्तर 1373.08 फुट पहुंचने पर बुधवार शाम को बीबीएमबी द्वारा पौंग बांध की टरबाइनों व स्पिलवे के माध्यम से 23300 क्यूसिक पानी छोड़ा गया। डैम से पानी छोड़ने से पहले पूरा प्रशासन सतर्क रहा।

एसडीएम फतेहपुर, इंदौरा ने अपने-अपने इलाकों में पूरा दिन जायजा लेते रहे। पूरा दिन बीबीएमबी की गाड़ी भी अनाउंसमेंट करके जनता को अलर्ट करती रही तथा अर्ली वार्निंग सिस्टम से भी जनता को सतर्क किया जाता रहा। पंडोह डैम से पानी छोड़े जाने व जोरदार बारिश होने के कारण पौंग बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। एसडीएम विश्रुत भारती ने कहा कि पौंग झील से 23300 क्यूसिक पानी छोड़ा गया है तथा फिलहाल किसी किस्म का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे ही डैम से पानी छोड़ने की हिदायत बीबीएमबी को दी गई है। उन्होंने निचले क्षेत्र की जनता से सतर्क रहने की अपील की है।

---

### टांडा मेडिकल कॉलेज में सुगम स्वास्थ्य मोबाइल एप्लीकेशन सुविधा शुरू

**अनंत ज्ञान, टांडा (कांगड़ा)।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में मरीजों के लाभ के लिए सुगम स्वास्थ्य मोबाइल एप्लीकेशन की नई सुविधा शुरू को गई है। वर्तमान में यह सुविधा पायलट परियोजना के आधार पर तीन विभागों में जिसमें मेडिसिन विभाग, शिशु विभाग, वा डर्मेटोलॉजी विभाग में उपलब्ध है। टांडा अस्पताल के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा ने बताया कि इसे अब आम जनता के बीच प्रसारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पहले (1) रोगी प्ले स्टोर से सुगम स्वास्थ्य मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करें, (2) एप्लीकेशन खोलें और अपने मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लिंक करें (3) लिंक करने के बाद नए उपयोगकर्ता के लिए रोगी प्रोफाइल बनाएं पुराने उपयोग करता के लिए रोगी प्रोफाइल चुने। (4) होम पेज: ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण चुने। (5) जिला और अस्पताल चुने फिर विभाग चुने। पंजीकरण की पुष्टि के लिए पॉपअप दिखाई देगा। (6) चयनित अस्पताल में चयनित ओपीडी में जाएं, ओपीडी के बाहर ओपीडी क्यूआर कोड खोजें। (7) होम पेज पर जाएं, सेल्फ स्टेपिंग क्यूआर स्कैनर टैब चुनें। पंजीकरणों की सूची दिखाई देगी, ओपीडी के बाहर प्रदर्शित ओपीडी क्यूआर कोड को स्कैन करने के लिए क्यूआर आइकॉन पर क्लिक करें। (8) चयनित अस्पताल और विभाग के लिए टोकन नंबर और कमरा नंबर जनरेट हो जायेगा अब आप अपने टोकन नंबर के अनुसार संबंधित परामर्श दाता कक्ष में जा सकते हैं।

---

# सीयू में होगा 20 क्रेडिट का अनिवार्य स्किल कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय में 20 क्रेडिट का एक अनिवार्य स्किल कोर्स सभी विद्यार्थियों के लिए आरंभ किया जाएगा।

यह कोर्स प्रत्येक विभाग, स्कूल और अध्ययन केंद्र के छात्रों के लिए अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इस नवाचार का उद्देश्य छात्रों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर, उन्हें समाज, परंपराओं, पर्यावरण, हस्तशिल्प, लोक साहित्य, प्रशासन और सांस्कृतिक विविधता से जोड़ना है। पाठ्यक्रम में पर्यावरण एवं स्थायित्व, लोक प्रशासन, लोक शास्त्र, सांस्कृतिक पर्यटन, लोककला और हस्तशिल्प जैसे विषय शामिल होंगे, जिनके लिए 2 और 4 क्रेडिट के कोर्स निर्धारित किए गए हैं।

कुलपति ने बताया कि यह पाठ्यक्रम उन्हें स्थानीय नेतृत्वकर्ता, सामाजिक उद्यमी और जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाएगा। यह पहल उच्च शिक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी और व्यावहारिक समझ से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### राज्य स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** एसडीएम अरुण शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 15-16 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर दूसरी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर परिषद को मूवेबल टॉयलेट्स व सफाई की उचित व्यवस्था, जलशक्ति विभाग को पेयजल आपूर्ति व अस्थायी नल की स्थापना तथा बिजली बोर्ड को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए बचत भवन के पास विशेष पार्किंग बनाई जाएगी।

---

# फोर्टिस कांगड़ा में अत्याधुनिक तकनीक से हुआ घुटना रिप्लेसमेंट

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



नई तकनीक घुटनों से संबंधित रोगियों को मिलेगा बेहतर उपचार।

**फोर्टिस** अस्पताल कांगड़ा ने चिकित्सा प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) टीकेआर (टोटल घुटना रिप्लेसमेंट) एवं टोटल कूल्हा पुनर्निर्माण तकनीक के साथ घुटना रिप्लेसमेंट किया है। यह नई तकनीक घुटनों से संबंधित रोगियों को बेहतर उपचार और सटीकता के साथ सर्जरी का लाभ प्रदान करेगी।

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ गुरनीक सिंह ने कहा कि एआर तकनीक का उपयोग करते हुए सर्जन रोगी की वास्तविक शारीरिक संरचना का तीन आयामी प्रारूप देखने में सक्षम होते हैं, जिससे सर्जरी की योजना बनाने और उसे सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने में सहायता मिलती है। रोगियों को सर्जरी के दौरान अधिक सुरक्षा और आराम का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में हमेशा नवीनतम चिकित्सा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल मिल सके। ऑगमेंटेड रियलिटी टीकेआर हमारे अस्पताल की इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नई तकनीक से मरीजों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा प्रदान होंगी।

---

### बीड़ को नगर पंचायत के दर्जे पर घमासान, लोग दो गुटों में बंटे

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पर्यटन नगरी बीड़ को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के निर्णय से स्थानीय लोगों में मतभेद गहराते जा रहे हैं। कुछ दिन पहले जहां चार पंचायतों के लोगों ने विधायक किशोरी लाल के समक्ष इसका विरोध किया था। वहीं, अब बीड़ व आसपास की पंचायतों के प्रमुख नागरिक, तिब्बती समुदाय और स्थानीय नेता इस निर्णय के समर्थन में सामने आए हैं। कांग्रेस नेता एवं बीपीए अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने कहा कि नगर पंचायत बनने से क्षेत्र को साढ़े चार करोड़ रुपए की फिक्स ग्रांट के अलावा कई अन्य केंद्रीय योजनाओं से लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान, मुख्यमंत्री आजीविका योजना के अंतर्गत 425 रुपए दिहाड़ी, और सीवरेज व जल योजनाओं के लिए अलग से बजट जारी होगा। साडा संघर्ष समिति के संयोजक सतीश अबरोल, बीड़ पंचायत प्रधान सुरेश ठाकुर और पूर्व जिला परिषद सदस्य धनीराम ने भी इस फैसले के पक्ष में तर्क देते हुए बताया कि नगर पंचायत बनने पर टैक्स तीन वर्षों तक नहीं लगता और बाद में भी मामूली 280 रुपए वार्षिक टैक्स होता है। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार होगा जिससे विकास कार्य तेजी से होंगे। विरोध और समर्थन के इस दोराहे पर बीड़ में राजनीतिक और सामाजिक बहस तेज हो गई है।

---

# पशु चिकित्सालय ढाटी भवन को असुरक्षित घोषित करने की औपचारिकताएं पूरी

### संयुक्त निदेशक ने किया जर्जर भवन का निरीक्षण, कभी भी गिर सकता

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



जर्जर हालत में पशु चिकित्सालय ढाटी का पुराना भवन।

**डोह।** उपमंडल भवारना के तहत पशु चिकित्सालय ढाटी के पुराने जर्जर भवन को असुरक्षित घोषित करने की औपचारिकताएं बुधवार को पूरी की गई। यह निरीक्षण संयुक्त निदेशक (पशुपालन) डॉ. अजय कुमार सिंह व सहायक निदेशक डॉ. अनीस कुमार की अध्यक्षता में किया गया। भवन की हालत बेहद खराब है और यह कभी भी गिर सकता है।

इसके साथ ही अधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे नव निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। नए भवन के ऊपर से वटवृक्ष की एक भारी शाखा गुजर रही है, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। सहायक निदेशक डॉ. अनीस कुमार ने बताया कि पशुपालन विभाग इस कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग को पहले ही 61 लाख रुपए दे चुका है। 6 अगस्त को लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी इस भवन का निरीक्षण कर चुके हैं। वहीं, ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान और सेना से सेवानिवृत्त चंचल राणा ने भी भवन का जायजा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में देरी पर रोष जताते हुए सरकार से इसे शीघ्र पूरा करने की मांग की है, ताकि उन्हें पशुपालन सुविधाएं मिल सकें।

---

**बैठक** कृषि विशेषज्ञ किसानों तक पहुंचाएं फसलों के कीटों से बचाव की जानकारियां

# भांग की खेती के लिए निर्धारित होंगे नियम: चंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के साथ की समीक्षा बैठक।

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने बुधवार को धर्मशाला स्थित भू-संरक्षण अधिकारी कार्यालय के सभागार में प्रदेश में भांग की खेती, फॉल आर्मी वर्म के प्रदेश में फैलाव और फसलों में स्टंट रोग के विषय में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने भांग की खेती के बारे में अधिकारियों के साथ विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि भांग की खेती पर एक पायलट अध्ययन को मंजूरी दी गई है। यह अध्ययन भांग की खेती के विषय में भविष्य की रूपरेखा का मूल्यांकन और सिफारिश करेगा। प्रदेश में भांग की खेती को कानूनी तौर पर आरंभ करने को लेकर नियम निर्धारित किए जा रहे हैं। इन नियमों पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा कर मंजूरी देना प्रस्तावित है। भांग के पौधों को दवाओं के अलावा इससे प्राप्त होने वाले फाइबर को कपड़ा उद्योग और हस्तशिल्प उत्पादों में भी उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 24 रोगों के उपचार में भांग के पौधों से मिलने वाले रसायन सहायक हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ, किसानों को फसलों में जैविक विधि से कीट प्रबंधन की जानकारी प्रदान करें, जिससे किसान विवेक पूर्ण तरीके से

### पारंपरिक खेती के लिए किसानों को करें जागरूक

**कृषि** मंत्री ने विशेषज्ञों से पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने का आह्वान किया। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. राजन कटोच ने भांग की खेती और उसके लाभों तथा इसके कानूनी पहलुओं बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भांग के पौधे के सभी भाग किसी न किसी रूप में प्रयोग में लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक एकड़ भांग की खेती से 10 क्विंटल फाइबर प्राप्त किया जा सकता है, जिसे विभिन्न कपड़ा एवं अन्य उत्पादों में उपयोग में लाया जा सकता है, जबकि इससे प्राप्त होने वाले रसायन कई प्रकार के रोगों के उपचार में काम में आते हैं।

हानिकारक कीटों का नियंत्रण कर सकें, ताकि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को कीटनाशकों से नुकसान न हो।

---

### विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम फतेहपुर ने सरकार के फैसलों पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, रैहन।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई फतेहपुर ने बुधवार को स्थानीय निजी रिजॉर्ट में बैठक कर सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए फैसलों के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष धर्मवीर कपूर ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा बोर्ड के दो अनुभवी और काबिल अधिकारी हीरा लाल और लुकेश ठाकुर को अकारण परेशान किया गया है, जो सरासर अन्याय है और इस पर फोरम में गहरा असंतोष है। फोरम ने विद्युत बोर्ड में की जा रही नई ट्रेनी भर्तियों पर भी विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ट्रेनी कर्मचारियों की भर्ती करना चाहती है, तो उन्हें बीमा और दुर्घटना लाभ जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं भी प्रदान की जाएं। ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को शीघ्र नौकरी देकर उन्हें सम्मानजनक जीवन यापन का अवसर दिया जाए। सरकार से मांगों पर पुनर्विचार करने की अपील की। इस अवसर पर कुलजीवन डोगरा, रघुबीर सिंह, बलदेव, गुरदेव सिंह, ओंकार सिंह, सुभाष सिंह, शकुंतला देवी, गुड्डो देवी सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।

---

# धर्मशाला में स्मार्ट होगा यातायात संबंधी जानकारी का तरीका

### डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर मिलेगी जानकारी, बस स्टैंड में ट्रैफिक लाइट स्थापना की योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**स्मार्ट** सिटी धर्मशाला में यातायात संबंधी जानकारी भी अब स्मार्ट तरीके से मिलेगी। शहर में स्थापित डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर यह जानकारी उपलब्ध रहेगी, जिससे धर्मशाला घूमने आने वाले पर्यटकों सहित राहगीरों को सुविधा होगी।

यही नहीं धर्मशाला बस अड्डा पर ट्रैफिक लाइट लगाने की योजना भी बनाई जा रही है। यातायात संबंधी जानकारी देने के साथ अव्यवस्थित पार्किंग करने पर चालान भी किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, शहर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने के मद्देनजर बस स्टैंड धर्मशाला के ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करने की योजना भी बनाई जा रही है, ताकि एक निर्यंत्रित व सुनियोजित तरीके से वाहनों की आवाजाही हो सके। साथ ही ट्रैफिक के दौरान वाहनों की लंबी लाइनों की समस्या से भी आराम से निपटा जा सके।

> शहर में ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए स्मार्ट सिटी, पुलिस व प्रशासन द्वारा मिलकर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत शहर में स्थापित डिजिटल डिस्प्ले बोर्डों में भी ट्रैफिक संबंधित जानकारी को प्रदर्शित की जाएगी। बस अड्डा के साथ ही एक ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करने की योजना भी बनाई जा रही है। लोगों अपने वाहनों को चिन्हित स्थानों पर ही पार्क करें।
>
> **-हितेष लखनपाल, एसएसपी, जिला कांगड़ा**

### धर्मशाला में आइडल पार्किंग के 218 चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय में अव्यवस्थित (आइडल) पार्किंग की समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। बुधवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में 218 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस प्रशासन, एसडीएम और नगर निगम अधिकारियों ने शहर में विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों का दौरा कर अव्यवस्थित पार्क वाहनों पर कार्रवाई की। वहीं, शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सड़कों के किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे वाहन न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी गंभीर असुविधा का कारण बन रहे हैं। एसपी का कार्यभार देख रहे एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने कहा कि आम जनता से अपेक्षा की जाती है कि आप एक जागरूक और उत्तरदायी नागरिक के रूप में कार्य करते हुए यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें और ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग दें।

# भट्ठाकुफर फल मंडी में पहाड़ी से गिरते पत्थर बने जानलेवा

## व्यापार पर मंडराया खतरा, व्यापारी व बागवान दोनों संकट में, 5 वर्षों से क्षतिग्रस्त मंडी अब तक बहाल नहीं

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की सबसे बड़ी फल मंडी भट्ठाकुफर, चुनौतियों के पहाड़ तले दबी है। जहां एक ओर सेब, नाशपाती से लदे सैकड़ों ट्रक सेब सीजन में रौनक बिखेर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मंडी के ऊपर मंडरा रहे पत्थरों का खतरा और प्रशासनिक अनदेखी ने व्यापार को अधर में लटका दिया है। यह मंडी आज अपने ही अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है, हाल-फिलहाल व्यापारी, बागवान जान जोखिम में डालकर अपनी आजीविका कमाने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार यह संकट कोई नया नहीं। जुलाई 2020 में हुए भूस्खलन ने मंडी के ऊपरी हिस्से को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। तब प्रशासन ने सुरक्षा दीवार, स्थायी मरम्मत का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी ये वादे कागज़ों तक ही सीमित रहे। ऊपरी यार्ड का एक हिस्सा आज भी आंशिक रूप से बंद पड़ा है, जिससे व्यापार का स्वरूप बिगड़ गया है मजबूरी में व्यापारी निचले यार्ड में काम कर रहे हैं, लेकिन जगह की कमी के कारण अव्यवस्था फैल गई है। ट्रकों की लंबी कतारें मुख्य सड़क तक पहुंच जाती हैं, जिससे यातायात जाम की स्थिति बनती है। बारिश में जलभराव की समस्या फलों को नुकसान पहुंचाती है, जिससे बागवानों की मेहनत, व्यापारियों का मुनाफा दोनों प्रभावित होते हैं।

सुरक्षा के नाम पर कुछ स्थानों पर की गई रॉक नेलिंग अस्थायी साबित हुई है। अब प्रशासन क्रेट वॉल की योजना बना रहा है, पर काम अभी शुरू नहीं हुआ है। एक स्थानीय आढती ने बताया कि यहां हर रोज़ डर के साए में व्यापार करना पड़ता है। कब कोई बड़ा हो जाए इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

गौरतलब है, कि शिमला, जुब्बल-कोटखाई, ठियोग, रामपुर बुशहर, कुमारसेन, रोहड़ू जैसे सेब बहुल जैसे क्षेत्रों से आने वाले बागवानों की पीड़ा भी कम नहीं है। मंडी में पर्याप्त जगह न होने के कारण उन्हें कई घंटों तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे फलों की गुणवत्ता गिरती है, बाजार में उनकी कीमत घट जाती है। एक बागवान ने कहा कि अब डर लगता है कि कहीं फल तो लाए हैं, पर मंडी में पहुंचने से पहले ही नुकसान न हो जाए।



### विशेषज्ञों की टीमों को बुलाया जाएगा: देवानंद

**एपीएमसी** के अध्यक्ष देवानंद वर्मा ने माना है कि मंडी की स्थिति गंभीर है, जल्द ही विशेषज्ञों की टीम बुलाकर स्थायी समाधान पर काम किया जाएगा।

### जल्द कोई कदम नहीं उठाया, तो बढ़ेगा खतरा

**बहरहाल**, भट्ठाकुफर फल मंडी, जो हिमाचल के बागवानी व्यापार की रीढ़ है, आज बुनियादी ढांचे की कमी और प्रकृति के खतरे के बीच जूझ रही है। यदि जल्द ही काई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट सिर्फ व्यापारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हजारों बागवानों की आजीविका को भी गहरे संकट में डाल देगा।

# क्योंथल क्षेत्र में पारंपरिक ढंग से मनाया शनोल अर्थात हरियाली पर्व

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**क्योंथल** क्षेत्र में श्रावण मास में शनोल पर्व पारंपरिक ढंग के साथ मनाया गया। लोगों द्वारा अपने घरों में इस पावन पर्व पर विशेष व्यंजन के रूप में मीठे और नमकीन सिडडू बनाए गए और अपने भाई बंधुओं में बांटे गए। लोगों द्वारा अपने कुल ईष्ट मंदिर में भी देवता का आर्शिवाद प्राप्त किया। बारिश की फुहारों में सिडडू को घी व दही से खाने का अलग ही आन्नद आता है। श्रावण मास में शनोल अर्थात हरियाली पर्व क्योंथल क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति का परिचायक है जिसे लोग इस वर्ष बड़े उत्साह से मनाते हैं।

बता दें कि हिमाचल निर्माता डॉ0 वाईएस परमार का जन्म भी शनोल अर्थात हरियाली पर्व के दिन हुआ था जिसका महत्व शनोल पर्व के साथ भी जुड़ गया हैं। वरिष्ठ नागरिक दया राम वर्मा, दौलत राम मेहता ने बताया कि लोग इस त्यौहार को कालांतर से मनाते आ रहे हैं जोकि क्षेत्र की संस्कृति का परिचायक है।

श्रावण मास के 20 प्रविष्टे को क्योंथल के अतिरिक्त सीमा पर लगते सिरमौर और सोलन के अनेक क्षेत्रों में हर वर्ष शनोल त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इनका कहना है कि इस पावन पर कई स्थानों पर मेलों का आयोजन किया जाता है। इस दिन देव पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। नेई नेटी में हर वर्ष शनोल के अवसर पर मेले का अतीत से आयोजन किया जाता रहा है। शनोल उत्सव पर पारंपरिक व्यंजन बनाने का विशेष महत्व होता है लोग इस दिन मीठे और नमकीन सिडडू बनाते हैं जिसे घी और दही के साथ खाया जाता है । इनका कहना है कि यह हरियाली पर्व कालांतर से मनाया जा रहा है जिसमें महिलाएं विशेष रूप से मेंहदी और नई चूड़ियां लगाती है । लोग अपने कुलईष्ट के मंदिर में देवी देवता का आर्शिवाद प्राप्त करते हैं।



शनोल त्योहार पर पारंपरिक व्यंजन सिड्डू बनाते हुए क्योंथल क्षेत्र की महिलाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### 4.09 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर एक युवक 23 वर्षीय नवयुक निवासी चिड़गांव को 4.09 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। थाना चिड़गांव में युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस उपमंडल रोहड़ू में नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्रवाई से नशा तस्करों की कमर टूट रही है।

### मक्खीनाला में 16.77 ग्राम चिट्टे संग 3 दबोचे

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत मंगलवार देर रात को गुप्त सूचना के आधार पर उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने मखीनाला (रोहड़ू) के पास वीरवा कार संख्या एचआर 03 एल 3643 से 16.77 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें रोहित कुमार (25) निवासी मोहाली पंजाब, विशाल दत्ता (28) पुत्र निवासी प्रताप नगर ताई अंब जिला ऊना व दीपिका (23) निवासी सेक्टर 56, रूपनगर, चंडीगढ़ को गिरफ्तार किया है। वे रोहड़ू व चिरगांव क्षेत्र में चिट्टे की तस्करी में शामिल थे। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।



## एम्स की तर्ज पर चमियाना अस्पताल में मिलेगी सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल का अटल सुपर स्पेशियलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना शिमला प्रदेश का पहला स्वास्थ्य संस्थान है जिसमें नई दिल्ली एम्स की तर्ज पर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो रही है। रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत हिमाचल की अभूतपूर्व उपलब्धि को प्रदर्शित कर रही है। इस दिशा में संस्थान में 29 करोड़ रुपये की लागत वाली एक अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी मशीन स्थापित की जा चुकी है और इसके क्लीनिकल लांच की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

इस अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीक में विशेषज्ञ सर्जन द्वारा रोबोटिक उपकरणों का उपयोग कर अधिक सटीकता के साथ कम समय में मरीज का ऑपरेशन किया जाता है। इस तकनीक में संक्रमण की संभावना कम रह जाती है और मरीज शीघ्र ही ठीक हो जाता है। यह अत्याधुनिक तकनीक सर्जिकल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेगी और ऑपरेशन के लिए मरीजों की प्रतीक्षा अवधि भी कम होगी।

## नावर क्षेत्र के युवाओं के भविष्य से हो रहा खिलवाड़ : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने नावर क्षेत्र के प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण में हो रही देरी पर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा जिस कॉलेज की आधारशिला रखी गई थी, उसका काम तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है, जो क्षेत्र के युवाओं के भविष्य के साथ सरासर अन्याय है। चेतन बरागटा ने कहा कि एक तरफ राजा वीरभद्र सिंह हमेशा कहते थे कि वे एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलेंगे, लेकिन आज यह दुखद है कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर स्कूल बंद करने वाले मंत्री के रूप में पहचान बना रहे हैं। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि तीन साल बीत जाने के बाद भी गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज टिक्कर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन में ही चल रहा है।



### शिक्षा मंत्री के अपने क्षेत्र में ही विकास ठप

**चेतन** बरागटा ने हैरानी जताते हुए कहा कि यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षा मंत्री स्वयं इसी क्षेत्र से आते हैं, फिर भी कॉलेज का निर्माण ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह जैसे दूरदर्शी नेता ने क्षेत्र की शैक्षिक जरूरतों को समझते हुए कॉलेज की घोषणा की थी, लेकिन आज तक उस घोषणा को हकीकत में बदलने के लिए एक ईंट भी नहीं रखी गई।

## चायल-कोटी कॉलेज में लगाए 100 पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में एनएसएस इकाई द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मातृत्व को सम्मानित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने किया और विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। एनएसएस स्वयंसेवकों ने वन विभाग के सहयोग से 100 पौधे लगाए। कार्यक्रम के दूसरे चरण में, इको क्लब के सहयोग से कॉलेज परिसर में फूलों का रोपण भी किया गया, जिससे परिसर की सुंदरता बढ़ी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशील कुमार मेहता ने सभी प्रतिभागियों, स्टाफ और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना को सशक्त करती हैं।

### एबीवीपी ने पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**एबीवीपी** विश्वविद्यालय इकाई ने सुनील उपाध्याय शैक्षणिक न्यास और विद्यार्थी विकास मंच एसएफडी के साथ मिलकर समरहिल में एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुल 108 पौधे रोपे गए, जिनमें विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सीमा ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आज जब पर्यावरण असंतुलन की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, तो हम सभी की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें। विद्यार्थी समाज को जागरूक करके इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पौधरोपण केवल हरियाली बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी के संतुलन के लिए भी बहुत आवश्यक है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और छात्रों व युवाओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाना था। प्रदेश विवि इकाई के अध्यक्ष हनी शर्मा ने पौधरोपण की भूमिका के बारे में बताया, जबकि इकाई सचिव आशीष ने सभी से अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं, स्थानीय निवासी व पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

## औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ रहे विकलांगता के मामले, जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा में बुधवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को लेकर चिंता जताई गई।



संगठन के प्रदेश सह-संयोजक हीरापाल ठाकुर ने कहा कि सीमेंट उद्योग, खनन और भारी उद्योगों से उत्पन्न रासायनिक व ध्वनि प्रदूषण स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में जन्म लेने वाले बच्चों में मानसिक व शारीरिक कमजोरी के मामले बढ़ रहे हैं। हीरापाल ठाकुर ने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेताया कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो विकलांगता के मामलों में ैर वृद्धि हो सकती है। बैठक में प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण व जनसंवाद शुरू करने और सरकार से विशेष योजनाएं लागू करने की मांग की गई।

# बारिश से अब तक 65 करोड़ रुपए का नुकसान : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर 2 बजे तक जिले को लगभग 65 करोड़ रूपए का नुकसान आंका गया है। लोक निर्माण विभाग को 45 करोड़ 73 लाख रूपए, जल शक्ति विभाग को 15 करोड़ 50 लाख, बिजली बोर्ड को 3 लाख 90 हजार रुपए, शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों को 7 लाख 80 हजार रूपए तथा स्वास्थ्य विभाग के भवनों को 13 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। नगर परिषद एवं नगर पंचायतों को भी लगभग 95 लाख 50 हजार रपुए का नुकसान हुआ है।

अब तक जिले में कच्चे घर, गौशालाएं, रसोई, शौचालय तथा अन्य संरचनाओं को हुए नुकसान के 87 मामले दर्ज हुए हैं, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 43 लाख 56 हजार रूपए है। भारी बारिश के कारण 6 पशुओं की मौत हुई है। वहीं, अब तक 8 लोगों की मौत हुई है, सड़क दुर्घटनाओं में 3, सर्पदंश से 2, बिजली गिरने से 1, खड्ड में बहने से 1 महिला और पेड़ गिरने से 1 व्यक्ति की मौत शामिल है। बंद सड़कों को खोलने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में पेयजल योजनाएं बाधित हुई हैं, उन्हें भी शीघ्र बहाल किया जाएगा। उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि वे नदी-नालों से दूर रहें।

## बिलासपुर में पंचायत व निकाय चुनावों की तैयारियों पर बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पंचायत और नगर निकाय चुनावों की तैयारी के तहत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन बिलासपुर में बैठक हुई। बैठक में मसौदा निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया और ईआरएमएस पोर्टल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय पर और पारदर्शिता से पूरे किए जाएं। सभी गतिविधियां निर्धारित शेड्यूल के अनुसार पूरी की जाएं, ताकि निर्वाचक नामावली के अद्यतन और शुद्धिकरण की प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिरहित हो।

## बिलासपुर बनेगा पर्यटन का नया केंद्र भराड़ी में विकसित होंगी वेसाइड सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर बिलासपुर को एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय टीम ने मंडी भराड़ी से लेकर भाखड़ा बांध क्षेत्र तक विभिन्न पर्यटन संभावनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भराड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित वेसाइड एमेनिटीज स्थल का विशेष अवलोकन किया गया। डीसी ने बताया कि यह क्षेत्र शिमला, धर्मशाला, चंडीगढ़ और मनाली जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों को जोड़ता है, इसलिए यहां विश्राम कक्ष, खानपान, पार्किंग और सूचना केंद्र जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे यात्रियों को एक ही स्थान पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उनका यात्रा अनुभव और बेहतर बनेगा। इन सुविधाओं से न केवल पर्यटकों को लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और व्यवसाय के अवसर भी बढ़ेंगे। निरीक्षण टीम ने भराड़ी में प्रस्तावित ग्लास ब्रिज परियोजना के स्थल का भी दौरा किया, जिसकी डीपीआर पर्यटन विभाग को भेजी जा चुकी है। उपायुक्त ने बताया कि बिलासपुर को जल, नभ और थल पर्यटन का केंद्र बनाकर स्थानीय विकास को गति दी जाएगी।

## झंडूता की दो मुख्य सड़कों को किया बहाल

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की दो मुख्य सड़कें बरठीं से घुमारवीं और झंडूता से भडोलीकला भारी बारिश के कारण सड़क पर चट्टानें और मलबा पड़ने से बंद हो गई थी। लोक निर्माण विभाग बरठी के कर्मचारियों ने सहायक अभियंता सुरजीत कैथ की अध्यक्षता में कार्रवाई करते हुए सड़क से भारी चट्टान को हटाया गया। वहीं, झंडूता से भडोलीकला जाने वाले मुख्य मार्ग पर मांडवा के पास सुबह करीब तीन बजे पहाड़ी से चट्टानें गिरी गईं और सड़क पूरी तरह से बंद हो गई थी, जिससे भी यातायात के लिए बहाल कर दिया है। राकेश शर्मा अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग झंडूता ने बताया कि बंद दो मार्गों को बहाल कर दिया है।

## तलवाड़ा में औद्योगिक विस्तार परियोजना पर जनसुनवाई

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घुमारवीं उपमंडल की तलवाड़ा पंचायत में औद्योगिक विस्तार परियोजना को लेकर जनसुनवाई आयोजित की गई। यह जनसुनवाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलवाड़ा में संपन्न हुई, जिसमें उपायुक्त बिलासपुर रोहित कुमार मुख्य अतिथि रहे। प्रस्ताव के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र को 3 से बढ़ाकर 6 हेक्टेयर किया जाएगा। जनसुनवाई में सात पंचायतों के करीब 600 लोग शामिल हुए। कुछ ने परियोजना का समर्थन किया, जबकि अन्य ने पर्यावरण, जलस्त्रोतों और वन्य जीवन पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता जताई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी पवन शर्मा ने नियमों के पालन और जन राय को रिपोर्ट में शामिल करने की बात कही। परियोजना से संबंधित सभी आवश्यक पर्यावरणीय अध्ययन पहले किए जा चुके हैं और यदि मंजूरी मिलती है तो हर स्तर पर नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जनसुनवाई में प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा और इन्हीं के आधार पर कार्रवाई तय की जाएगी।

## बिलासपुर में लघु रोजगार मेला 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर की ओर से 12 अगस्त को लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित सात औद्योगिक इकाइयों में लगभग 300 पदों के लिए कुशल, अर्धकुशल और आईटीआई प्रशिक्षित उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने बताया कि मेले में आईटीआई, दसवीं, बारहवीं, स्नातक व डिप्लोमा धारकों को अवसर मिलेगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित रोजगार मेले में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01978-222450 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ब्रह्माकुमारियों ने डीसी राहुल को बांधी राखी

**अनंत ज्ञान ब्यूर, बिलासपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र बिलासपुर की ओर से बीके अनीता ने डीसी राहुल कुमार को राखी बांधकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आत्मिक बंधन, शुद्धता और सेवा का प्रतीक बताया। डीसी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज में सकारात्मक मूल्यों के प्रसार में अहम भूमिका निभा रही है।

## कलोल में रैगिंग की रोकथाम पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान बिलासपुर कलोल में मंगलवार को एंटी रैगिंग समिति की बैठक प्रधानाचार्य अनिल रैवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रैगिंग की रोकथाम और नए विद्यार्थियों की सुरक्षा पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि रैगिंग निषेध अधिनियम के तहत सख्त प्रावधान हैं और दोषी पाए जाने पर छात्रों का करिअर भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि संस्थान में अब तक रैगिंग का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है।

## समाजसेवी बुजुर्ग मनोरमा देवी सम्मानित




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश महिला साहित्यकार संस्था ओर से बध्यात गांव की 96 वर्षीय समाजसेवी मनोरमा देवी को सम्मानित किया गया। संस्था की प्रांतीय उपाध्यक्ष शीला सिंह ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और आशीर्वाद से जीवन की दिशा तय होती है। उन्होंने शिक्षा औहर में प्राप्त की और हिंदी-अंग्रेजी दोनों में दक्षता रखती हैं।

## दो प्रतिभाओं को शिक्षा एवं शोध में सफलता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के पूर्व छात्र अभिषेक चंदेल का मैक्सिको के सिनवेस्तव संस्थान में नैनो साइंस विषय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पीएचडी के लिए चयन हुआ है। वहीं, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक प्रो. कंचन शर्मा को कैरियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी कोटा से साइबर सुरक्षा पर पीएचडी उपाधि मिली है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि ये उपलब्धियां महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय हैं। महाविद्यालय परिवार ने दोनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## डियारा में सुनाई सुदामा-कृष्ण की मित्रता की कथा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन भावपूर्ण माहौल में हुआ। अंतिम दिन कथावाचक आचार्य चमन शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके बालसखा सुदामा की अनोखी मित्रता की कथा सुनाई, जिसने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दी। आचार्य शर्मा ने बताया कि कैसे सुदामा ने निर्धन होते हुए भी भगवान से कुछ नहीं मांगा और श्रीकृष्ण ने बिना कहे ही उनके जीवन को खुशहाल बनाया। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## टाली पंचायत में रेलवे लाइन निर्माण से संपर्क मार्ग बंद, ग्रामीण परेशान

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**श्री नयना देवी जी।** टाली पंचायत के अंतर्गत गांव टाली में रेलवे लाइन निर्माण कार्य लोगों पर भारी पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते गांव की ओर जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे ग्रामीणों को अपने घर तक पहुंचने के लिए करीब 5 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि वाहनों की आवाजाही पर रोक से जीवन-यापन और आवश्यक सेवाओं तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि टाली में स्थित पशु औषधालय तक भी पशुओं को ले जाना चुनौती बन गया है। पंचायत उपप्रधान रूपलाल, वार्ड सदस्य केसरी देवी, पूर्व वार्ड सदस्य संदीप व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवाया गया है, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों की लंबे समय से यहां फुटब्रिज की मांग भी अधूरी है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उन्हें रेलवे लाइन या विकास से कोई विरोध नहीं है, लेकिन साथ ही लोगों की दिक्कतों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। पंचायत के तहत ज्योर, टिक्करी, रौणा, डगराहण, सुन्हण सहित कई गांव प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

## सैनिक कल्याण समिति ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सैनिक कल्याण समिति भराड़ी ने 3 डोगरा रेजिमेंट के वीर जवान नायक अरुण कुमार को उनके पैतृक गांव दधोल (घुमारवीं) में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष वैटरन सूबेदार मेजर संजीव कुमार और कैप्टन संजय ठाकुर भी मौजूद रहे।

## तरोट में अवैध पशु कटान से ग्रामीणों में रोष, पुलिस से शिकायत

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरोट में अवैध भेड़-बकरी कटान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वार्ड नंबर-3 निवासी गुरदेव सिंह ने पड़ोसियों मदन लाल और बगा राम पर सरकारी भूमि पर अवैध कटान करने और कचरा जानबूझकर उनके घर के सामने फेंकने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। गुरदेव ने थाना कोट में शिकायत कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# सीर खड्ड पुल के पास धंसी सड़क बनी खतरा



जमीन के धंसने से वाहन चालकों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**

**घुमारवीं** नगर परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-मटौर पर नवनिर्मित सीर खड्ड पुल के पास बारिश के कारण सड़क का एक हिस्सा लगभग एक फुट से ज्यादा नीचे धंस गया है।

इस वजह से यहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़क की हालत और भी बदतर होती जा रही है। यह मार्ग घुमारवीं से होकर हमीरपुर, धर्मशाला ,कांगड़ा, बिलासपुर व अन्य क्षेत्रों को जोड़ता है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी भी समय बड़ा हादसा जन्म दे सकती है। स्थानीय निवासी कमल, काशी राम, सुखदेव, पंकज, राकेश, विनोद और प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्होंने कई बार इस समस्या की ओर विभाग का ध्यान आकर्षित करवाने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, घुमारवीं नगर परिषद की अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि विभाग को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू करवाकर स्थिति को नियंत्रण में लाया जाएगा तथा कोई अनहोनी न घटित हो।

## डॉ. राजीव होंगे इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन और हिमाचल रेनबो स्टार क्लब की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस डॉ. राजीव कुमार को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी आयोजक लाडली फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष शालू, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के अध्यक्ष अजय कौशल और उपाध्यक्ष शालिनी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ. राजीव कुमार को यह सम्मान पर्यटन निगम को लाभकारी एवं व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाने में उनकी विशिष्ट भूमिका के लिए दिया जा रहा है। डॉ. राजीव एचपीटीडीसी के ऐसे पहले एमडी हैं, जिन्होंने सभी पर्यटन इकाइयों का दौरा कर जमीनी स्तर पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम किया। उनके नेतृत्व में पर्यटन निगम ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 100 करोड़ रुपए के लाभ का आंकड़ा छुआ।



# चंबा शहर में जाम में फंसी एंबुलेंस से मरीज की जान पर बना संकट

## लोग बोले–अव्यवस्थित ट्रैफिक और अतिक्रमण ने बिगाड़ी चंबा की सड़कों की हालत

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** बुधवार को चंबा शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में एक चिंताजनक स्थिति देखने को मिली, जब एक गंभीर हालत वाले मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस जाम में फंसी रही। एंबुलेंस चालक लगातार सायरन और हॉर्न बजाता रहा ताकि लोग रास्ता दें, मगर संकरी सड़कों पर फैली भीड़ और अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के कारण एंबुलेंस को निकलने का रास्ता नहीं मिल पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एंबुलेंस जाम में फंसी रही, जिससे मरीज की हालत और भी नाजुक होती चली गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में संपन्न हुआ अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला समाप्त तो हो गया है, लेकिन खरीदारी के लिए अभी भी बड़ी संख्या में लोग शहर के बाजार पहुंच रहे हैं। भीड़भाड़ और अव्यवस्थित पार्किंग ने शहर की सड़कों को लगभग पंगु बना दिया है। दुकानों के सामने अतिक्रमण और बिना किसी ठोस ट्रैफिक प्रबंधन के वाहनों की पार्किंग ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। लोगों का कहना है कि यह केवल असुविधा का मुद्दा नहीं है, बल्कि जान जोखिम में डालने वाली गंभीर समस्या है। आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक जाम में फंस रही हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।



मिंजर मेले के बाद भीड़ व अवैध पार्किंग से शहर अस्त-व्यस्त
शहरवासियों ने मांगा आधुनिक ट्रैफिक सिस्टम

### मांगें और समाधान

**शहरवासियों** का कहना है कि अवैध पार्किंग पर तत्काल कार्रवाई की जाए, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती हो और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही स्थायी समाधान के लिए आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की आवश्यकता है। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो चंबा शहर में ट्रैफिक अव्यवस्था और विकराल रूप ले सकती है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ मरीजों की जान भी गंभीर खतरे में पड़ सकती है।

## चरस मामले के दोषियों को 12 12 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विशेष न्यायाधीश–II रमनीक शर्मा की अदालत ने चरस तस्करी के मामले में दो आरोपियों रशीद खान और आरिफ खान, निवासी तहसील चुराह, को दोषी करार देते हुए 12–12 साल के सश्रम कारावास और 1.20 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोनों को एक–एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में 8 दिसंबर 2020 को रात 9:40 बजे तुनुहट्टी चौकी के पास पुलिस ने गाड़ी HP 01C-1539 से 1.269 किलो चरस बरामद की थी। जांच के बाद NDPS एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत केस दर्ज हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों के बयान दर्ज हुए। अतिरिक्त लोक अभियोजक सतीश राठौर ने सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी की।

## पांगी घाटी की शौर पंचायत में बादल फटने से अवरुद्ध हुई सड़क बहाल

अनंत ज्ञान, पांगी

**प्रदेश** के दूरदराज़ क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत में सोमवार देर रात अचानक मौसम ने करवट ली और ऊंचाई वाले इलाकों में बादल फटने की दुर्लभ घटना सामने आई। इस आपदा के चलते शौर नाले के पास सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की मुख्य सड़क पर भारी मात्रा में पत्थर, मलबा और गीली मिट्टी आ गई, जिससे यह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी प्रकार के जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। क्षेत्र के लोगों में घटना के बाद दहशत का माहौल था, लेकिन प्रशासन और सीमा सड़क संगठन की त्वरित प्रतिक्रिया से स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया।

घटनास्थल पर सीमा सड़क संगठन की टीमें मलबा हटाने और सड़क को जल्दी से जल्दी बहाल करने के कार्य में जुटी हुई हैं। देर शाम तक सड़क पर बहाल कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और पूरी तरह से अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें।



### जनहित के लिए प्रशासन की ओर से अलर्ट

**प्रशासन** ने पहाड़ी क्षेत्रों में बसे निवासियों से अनुरोध किया है कि वे मौसम संबंधी सूचनाओं पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तुरन्त स्थानीय अधिकारियों को दें।

## न्यूज ब्रीफ

### 'पर्पल फेस्ट' का आयोजन 22-23 सितंबर को

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** 22 और 23 सितंबर को 'पर्पल फेस्ट' का आयोजन पुलिस ग्राउंड बार्गा में किया जाएगा। यह आयोजन समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र, सुंदरनगर द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशन में किया जा रहा है। संयुक्त क्षेत्रीय केंद्र सुंदरनगर के डॉ. राकेश कुमार अवस्थी ने बताया कि उत्सव का उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रतिभा और अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता और स्वीकृति बढ़ाना है। इस दो दिवसीय फेस्ट में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेलकूद प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं और दिव्यांगजन से जुड़े संगठनों के स्टॉल होंगे। दिव्यांगजन, उनके देखभालकर्ता, एनजीओ और आम नागरिक इसमें भाग ले सकते हैं।

### विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान शुरू



**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्र हित में सदस्यता अभियान चला रही है। पिछले वर्ष संगठन ने वैश्विक स्तर पर 60 लाख से अधिक सदस्यों को जोड़ा था। इस वर्ष सदस्यता अभियान का पहला चरण विद्यालय स्तर पर सफलतापूर्वक चल चुका है। अब दूसरे चरण में महाविद्यालय स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। इसी क्रम में एबीवीपी जिला चंबा द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन परिषद जिला कार्यालय चंबा में किया गया। कार्यशाला में चंबा विभाग संगठन मंत्री अंकित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कॉलेजों में सदस्यता अभियान की रणनीति, संगठन की विचारधारा और छात्रों से जुड़ने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 51 युवतियां चयनित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार विनिमय चंबा में आज एनआईएमएस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में युवतियों के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान किए गए। इस ड्राइव में कुल 61 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 51 का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। यह पहल न केवल युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जिले में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को भी नई दिशा देती है। चयनित युवतियों ने इस अवसर के लिए जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से युवाओं को बेहतर भविष्य की राह मिलती है और आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, चंबा

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वर्तमान स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कुलदीप सिंह पठानिया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

विधानसभा अध्यक्ष ने लाहड़ू–सिहुंता मुख्य मार्ग के पनियाला माता मंदिर के समीप क्षतिग्रस्त हुए हिस्से का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने तथा ग्राम पंचायत टुंडी के अंदर नाला, ग्राम पंचायत समोट के संपर्क मार्ग के समीप त्रिहा गाँव एवं ग्राम पंचायत खदेट के गांव फलाड में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

उन्होंने उपमंडलीय प्रशासन को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बातचीत करते उन्हें संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार की और से प्राथमिकता के साथ हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम कृष्ण चंद चेला, उप मंडल अधिकारी नागरिक पारस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण वृत्त डलहौज़ी दिवाकर सिंह पठानिया, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण नरेंद्र चौधरी, जल शक्ति राकेश ठाकुर, विद्युत पंकज राठौर, खंड विकास अधिकारी अनिल गुरडा सहित कई मौजूद रहे।

## मणिमहेश यात्रा को मिलेगा प्रसाद योजना का लाभ, वैष्णो देवी की तर्ज पर होगा विकास

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर** की विश्व प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा को माता वैष्णो देवी यात्रा की तर्ज पर विकसित करने के प्रयास तेज हो गए हैं। भरमौर–पांगी के विधायक डॉ. जनक राज ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि उन्होंने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर यात्रा को केंद्र की प्रसाद योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है। मंत्री ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सभी औपचारिकताएं पूरी करने पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

डॉ. जनक राज ने बताया कि मणिमहेश यात्रा मार्ग में बुनियादी सुविधाओं जैसे शौचालय, पेयजल, चिकित्सा, रात्रि विश्राम और मार्ग मरम्मत की कमी है। प्रसाद योजना से इन सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इस योजना के तहत बन्नी माता, शिव शक्ति मंदिर छतराड़ी, बासुकी नाग सुनारा, लाके वाली माता होली जैसे मंदिर भी विकास की दृष्टि से शामिल किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से चम्बा से कांगड़ा को जोड़ने वाली टनल की मांग रखी, जिस पर भी मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने राज्य सरकार पर जनजातीय क्षेत्र के बजट में कटौती और अधिकारियों के बार–बार तबादले को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि श्री मणिमहेश यात्रा का व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए, यह यात्रा हमारी आस्था का प्रतीक है और धार्मिक मर्यादा बनाए रखनी होगी।



विधायक डॉ. जनक राज की पहल पर केंद्र ने दी मणिमहेश यात्रा के उन्नयन को हरी झंडी

## मासिक धर्म स्वच्छता और गर्भाशय कैंसर पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बुधवार को राजकीय महाविद्यालय चंबा में सुकन्या केयर लिमिटेड, जम्मू और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता और गर्भाशय कैंसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विषय विशेषज्ञ सारिका मल्होत्रा ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण से बचाव, संतुलित आहार, और सही आदतों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूनम ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं।

## आपदा पुनर्निर्माण पर गडकरी व हर्ष की बैठक, जल्द तेज होंगे राहत कार्य

अनंत ज्ञान, चंबा

**हिमाचल** में हाल ही में आई आपदा के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में हर्ष महाजन ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में आपदा से क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़कों और पुलों की गंभीर स्थिति से गडकरी को अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि इनका शीघ्र पुनर्निर्माण कर प्रदेशवासियों को राहत दी जाए। गडकरी ने अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेज किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था जल्द बहाल हो और प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल सके। बैठक को प्रदेश में आपदा राहत और विकास कार्यों को नई गति देने की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है।



## गडासरू महादेव यात्रा को सुरक्षित बनाने की मांग

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा सुविधाओं के लिए चुराह प्रशासन से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान, चंबा

**गडासरू** महादेव यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार और गणेश ने बुधवार को चुराह के एसडीएम अंकुर ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि गडासरू महादेव यात्रा एक अत्यंत प्राचीन और लोक आस्था से जुड़ी पवित्र यात्रा है, जिसमें प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह यात्रा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जो कई स्थानों पर जोखिमपूर्ण और स्वास्थ्य की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। श्रद्धालुओं ने पिछले वर्ष (2024) की यात्रा के दौरान हुई दो श्रद्धालुओं की दु:खद मृत्यु का जिक्र करते हुए इसे अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में न तो कोई मेडिकल सुविधा उपलब्ध थी और न ही रेस्क्यू टीम या अन्य आपात सहायता मौके पर मौजूद थी।

ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि इस वर्ष यात्रा के दौरान प्रमुख स्थलों पर मेडिकल टीम और प्राथमिक उपचार केंद्र की तैनाती की जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू टीम की मौजूदगी, ऑक्सीजन सिलिंडर, प्राथमिक उपचार किट, स्ट्रेचर और एक मोबाइल एंबुलेंस को स्टैंडबाय में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

श्रद्धालुओं ने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की तैनाती के साथ–साथ सूचना बोर्ड, साइन बोर्ड और हेल्पलाइन नंबर की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की। एसडीएम में विश्वास जताया गया कि प्रशासन इस वर्ष यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाएगा।



एसडीएम चुराह को ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश व गणेश।

### सूडोकु नवताल- 7514

*****
कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7513 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## दो लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिले 2–2 लाख रुपए

अनंत ज्ञान, चंबा

**हिमाचल** प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख द्वारा ग्राम पंचायत गुराङ में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान कंचन देवी ने की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाभार्थियों को 2–2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई।

पहली लाभार्थी, कृतिना ने बताया कि उनके पति बिन्दु, जो सनाहन माता मंदिर के चेले थे, की आकस्मिक मृत्यु 12 अप्रैल 2025 को हो गई थी। उन्होंने अपने पति के किसान क्रेडिट कार्ड खाता बंद करवाने के लिए जब पिछले माह शाखा प्रबंधक से संपर्क किया, तब उन्हें जानकारी मिली कि उनके पति प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमित थे। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद बैंक ने आज उन्हें 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की। उन्होंने बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीमा राशि मिलने के कारण ऋण खाता बंद करवाने की प्रक्रिया में भी उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। दूसरे लाभार्थी, कुलदीप कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी सत्या देवी भी PMJJBY में पंजीकृत थीं और आज उन्हें भी 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्राप्त हुई। उन्होंने बैंक प्रबंधन और भारत सरकार का इस सामूहिक सुरक्षा योजना के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने उपस्थित ग्रामीणों से बैंक की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया और बताया कि ऐसे बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए जीवनरेखा साबित हो सकते हैं। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक मोहित डोबरियाल, अनिल, मोहित सहित अन्य कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



## जम्मू–कश्मीर से निकली शिवभक्तों की टोलियां पदयात्रा कर पहुंची सलूणी

अनंत ज्ञान, चंबा

**मणिमहेश** यात्रा का पावन पर्व शुरू होते ही शिवभक्तों की टोलियां दुर्गम रास्तों को पार करते हुए पवित्र धाम की ओर बढ़ रही हैं। जम्मू–कश्मीर के डोडा, भद्रवाह और गंदोह क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भजन–कीर्तन करते हुए पदयात्रा के माध्यम से सलूणी मुख्यालय पहुंचे। श्रद्धालु पांडवों के पदचिह्नों पर चलते हुए मणिमहेश की ओर अग्रसर हैं। वे यात्रा के दौरान भक्ति गीतों और जयघोषों से वातावरण को शिवमय कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी श्रद्धालु पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार पवित्र डल झील में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और फिर अपने गंतव्य को लौट जाएंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु जम्मू–कश्मीर से मणिमहेश की कठिन पदयात्रा कर भगवान शिव के दरबार में हाजिरी लगाते हैं।



## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 7 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** त्रयोदशी (14:28) **: नक्षत्र** पूर्वाषाढा (14:01), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** वैधृति (07:07), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:50)। **राहुकाल** (14:06-15:46)।

### विशेष दिन

- 7 अगस्त 2025: आखेटक त्रयोदशी आज।
- 7 अगस्त 2025: शिव पवित्रारोपण आज।

**मेष:** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृष:** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मिथुन:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह:** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कन्या:** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें।

**तुला:** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**धनु:** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मकर:** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ:** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए।

**मीन:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

## बच्चों ने अधिकारियों से उनके कार्यों, विभाग की भूमिका के बारे में सीखा

अनंत ज्ञान, पांगी

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय कुठल के छात्रों को विशेष अवसर प्रदान करते हुए विद्यालय के मुख्याध्यापक डॉ. देवी सरण राठौड़ के नेतृत्व में कक्षा 6वीं से आठवीं तक के बच्चों को खंड स्तर पर आयोजित शैक्षणिक, पर्यावरणीय व व्यावसायिक भ्रमण पर ले जाया गया।

इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न सरकारी विभागों, पर्यावरणीय संरचनाओं व खेलकूद गतिविधियों से परिचित करवाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना था। इसके दौरान विद्यार्थियों को पांगी मुख्यालय किलाड़ में विभिन्न सरकारी विभागों के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात करवाई गई। बच्चों ने इन अधिकारियों से उनके कार्यों, जिम्मेदारियों और विभाग की भूमिका के बारे में सीखा। इससे उनमें शासन प्रणाली और जीवन उपयोगी ज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न हुई। विद्यार्थियों को किलाड़ स्थित खेलकूद भवन भी घुमाया गया, जहां उन्हें फिटनेस संबंधी जानकारी, खेलों के लाभ और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बच्चों ने खेल भवन में उपलब्ध सुविधाओं को नजदीक से देखा और कई छात्रों ने इसे प्रेरणादायक अनुभव बताया। भ्रमण के अगले चरण में छात्रों ने औद्योगिक परीक्षण केंद्र, उद्यान विभाग और कृषि विभाग का दौरा किया। यहां विद्यार्थियों को स्थानीय कृषि तकनीकों, पौधरोपण, उत्पादन विधियों और जैविक खेती की अवधारणाओं से परिचित कराया। यह अनुभव विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए प्रेरणादायक रहा। इससे वे अपनी भूमि और पर्यावरण के प्रति अधिक समर्पित होने की प्रेरणा पा सके। अंत में, विद्यार्थियों को आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी से भी परिचित करवाया गया।



अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, लवलीन चौहान पत्नी अजय कुमार शर्मा, निवासी गांव घंडावल, पोस्ट ऑफिस बटूही, ऊना (हिमाचल प्रदेश), घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लवलीन से बदलकर लवलीन चौहान कर लिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

व्यक्ति के सीधेपन का सभी फायदा उठाते हैं, इसलिए सफलता पानी है तो थोड़ा चालाकी जरूरी है। -चाणक्य

## संपादकीय

## बहुध्रुवीय संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी चीन यात्रा, जो कि 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के अवसर पर आयोजित होगी, वैश्विक कूटनीति के परिप्रेक्ष्य में एक अहम मोड़ की तरह देखी जा रही है। यह दौरा न केवल भारत-चीन संबंधों की पुनःसंरचना की संभावनाओं को जन्म देता है, बल्कि वैश्विक महाशक्तियों-विशेष रूप से अमेरिका और चीन के बीच संतुलन साधने की भारत की रणनीति को भी उजागर करता है। 2020 में गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़प के बाद यह मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। इससे जाहिर होता है कि मोदी सरकार चीन को पूरी तरह काटकर अलग करने के बजाय, यथार्थवादी और व्यावहारिक कूटनीति के तहत द्विपक्षीय संवाद को प्राथमिकता दे रही है। भारत और चीन के संबंध सदियों पुराने हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में डोकलाम गतिरोध, गलवान संघर्ष और अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीनी दावों ने भारत-चीन संबंधों में गहरा अविश्वास पैदा किया है। इसके बावजूद, भारत एससीओ जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी के जरिए कूटनीतिक स्तर पर चीन से संपर्क बनाए रखने की रणनीति अपनाता रहा है।

मोदी की यह चीन यात्रा भारत के लिए एक ऐसा अवसर बन सकती है, जहां वह भू-राजनीतिक संतुलन साधते हुए कुछ ठोस कूटनीतिक संकेत दे सकता है। चीन के साथ सीधे टकराव की नीति, आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए हमेशा व्यावहारिक नहीं रही है, विशेषकर तब जब दोनों देशों का आपसी व्यापार 100 अरब अमेरिकी डॉलर के पार जा चुका है। भारत इस मंच का उपयोग सीमा विवाद जैसे संवेदनशील विषयों को उठाने के लिए नहीं करेगा, यह स्पष्ट है लेकिन कूटनीतिक वार्ताओं के माध्यम से विश्वास बहाली की प्रक्रिया को बल मिल सकता है। साथ ही, ब्रिक्स और एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाकर भारत वैश्विक मंच पर चीन के प्रभाव को संतुलित करने की अपनी क्षमता का भी प्रदर्शन करता है। दूसरी ओर, मोदी सरकार की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी भी रही है। चाहे वह क्वाड गठबंधन हो, रक्षा समझौते हों या आपसी व्यापार, दोनों देशों के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय निकटता देखी गई है, लेकिन हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा ने इन संबंधों में असहजता भर दी है। यह कदम भारत के आर्थिक हितों के प्रतिकूल है। ऐसे में भारत के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि वह अमेरिका पर अपनी अत्यधिक निर्भरता को संतुलित करे और अन्य वैश्विक शक्तियों जैसे-रूस, जापान, यूरोपीय संघ तथा यहां तक कि चीन के साथ संतुलित संबंध बनाए।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी का जापान दौरा, जो चीन यात्रा से ठीक एक दिन पूर्व 30 अगस्त को होगा, इस कूटनीतिक संतुलन की रणनीति का हिस्सा है। जापान न केवल भारत का रणनीतिक साझेदार है, बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने वाला प्रमुख देश भी है। भारत-जापान संबंधों में रक्षा, निवेश और तकनीक के क्षेत्र में गहरी समझ और सहयोग मौजूद है, जिसे मोदी की यह यात्रा गहराई देने की आवश्यकता है। अब सवाल उठता है कि क्या चीन पर भरोसा किया जा सकता है? यह प्रश्न आज भी भारत के रणनीतिक विमर्श का केंद्र बना हुआ है। चीन का व्यवहार ऐतिहासिक रूप से अविश्वसनीय और आक्रामक रहा है-चाहे 1962 की लड़ाई हो या वर्तमान में अरुणाचल और लद्दाख को लेकर उसकी स्थिति। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) जैसे प्रोजेक्ट्स में चीन की विस्तारवादी नीति भी भारत को असहज करती रही है, लेकिन साथ ही यह भी एक सच्चाई है कि वैश्विक राजनीति में स्थायी मित्र और स्थायी शत्रु जैसी अवधारणाएं अब अप्रासंगिक हो चुकी हैं। वर्तमान दौर में राष्ट्रहित सर्वोपरि है और हर देश अपने भौगोलिक, राजनीतिक व आर्थिक हितों को साधने के लिए कूटनीतिक लचीलेपन का परिचय देता है।

भारत को चीन से न तो अति आशावादी अपेक्षा करनी चाहिए और न ही पूर्ण बहिष्कार की नीति अपनानी चाहिए। उसे सीमित विश्वास और स्पष्ट शर्तों के साथ चीन के साथ संवाद का रास्ता खुला रखना चाहिए। साथ ही, वैकल्पिक वैश्विक साझेदारियों को और मजबूत करना चाहिए। भारत की विदेश नीति अब एक बहुध्रुवीय विश्व की ओर स्पष्ट कदम बढ़ा रही है, जहां वह अमेरिका, रूस, जापान, यूरोप और चीन के साथ अपने-अपने हितों के आधार पर स्वतंत्र संबंध स्थापित कर रहा है। यह एक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' की नीति है-न तो किसी गुट का हिस्सा बनना और न ही किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भर रहना। भारत ने यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का परिचय दिया और रूस से तेल खरीद कर पश्चिमी दबाव के सामने अपने हितों की रक्षा की। उसी तरह, भारत चीन के साथ भी आंशिक संवाद रखते हुए अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए सामरिक तैयारियां करता रहा है। मोदी की चीन यात्रा भी इसी रणनीति की अगली कड़ी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के प्रसिद्ध विद्वान

**वासुदेव** शरण अग्रवाल भारत के प्रसिद्ध विद्वानों में से एक थे। वे भारत के इतिहास, संस्कृति, कला, साहित्य और प्राच्य विद्या आदि विषयों के विशेषज्ञ थे। वासुदेव शरण अग्रवाल 'हिंदी विश्वकोष संपादक मंडल' के प्रमुख सदस्य थे।



**वासुदेव शरण अग्रवाल**
**जन्म :** 7 अगस्त, 1904
**मृत्यु :** 26 जुलाई, 1966

उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'पाणिनिकालीन भारतवर्ष' में भारत की संस्कृति, कला और साहित्य आदि पर प्रकाश डाला गया है। उन्हें साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। प्राच्य विद्या के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल का जन्म गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के 'खेड़ा' नामक गांव में हुआ था।। 'असहयोग आंदोलन' के प्रभाव से उन्होंने सरकारी विद्यालय छोड़ दिया और खादी के वस्त्र धारण कर लिए किंतु जब गांधीजी ने आंदोलन वापस ले लिया, तो उन्होंने फिर 'काशी हिंदू विश्वविद्यालय' से स्नातक बन कर एमए और एलएलबी की शिक्षा के लिए लखनऊ आ गए। आगे चलकर इसी विश्वविद्यालय से पीएचडी और डीलिट की उपाधियां प्राप्त कीं। ■



कविता

## कुदरत का कहर

प्रवीण राणा आलमपुरी

*फटते बादल, दरकते पहाड़, चारों तरफ पानी का सैलाब,*
*पल में तहस-नहस हुआ सब कुछ,*
*अब न कोई सपना, ना कोई ख्वाब।।*
*टूट गए सपने और बिखर गए अरमान,*
*घर से बेघर हो गए लोग, न रहे अपने, न बचे मकान,*
*प्रकृति के रोद्र रूप से हर कोई परेशान।*
*कुदरत ने ऐसा तांडव मचाया,*
*इंसान, मकान, दुकान सब कुछ मलवे में समाया,*
*कई पुश्तों की कहानियां समेटे थे जो मकान,*
*पलक झपकते ही मिटा उनका नामोनिशान।*
*जिंदा लोग मलबे में दफन हो गए,*
*जो कोई बचे, उन्हें गहरे जख्म छोड़ गए,*
*रूह कांपने वाला मंजर देख हर कोई हैरान है,*
*कुदरत के विकराल रूप से हर कोई परेशान है।।*
*यह सत्य है, जहां विकास होगा वहां विनाश भी होगा,*
*प्रकृति से छेड़खानी का पूरा हिसाब भी होगा,*
*नदी-नालों से दूर बनाओ अपने आशियाने,*
*वरना इससे भी ज्यादा महाविनाश भी होगा।*

अनंत ज्ञान

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# भारतीय हथकरघा के लिए नवाचार और स्थायित्व के साथ भविष्य बुनना

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऐसा करके, वे भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं। टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है। ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है।



गिरिराज सिंह
कपड़ा मंत्री

उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत, रि-साइकिलिंग और अप-साइकिलिंग, तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है। ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दर्शाती है। भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है।

इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुंच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है। 'कौशल भारत' और 'डिजिटल भारत' जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं।





इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है। वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष, पारंपरिक और समकालीन ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है। यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है।

हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अंतरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है। इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाजारों के लिए नए डिजाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिजाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के जरिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और मांग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है।

अनंत ज्ञान

वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22 प्रतिशत हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19 प्रतिशत अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59 प्रतिशत ऐसे बुनकर बचते हैं, जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है। आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। जैविक फाइबर, प्राकृतिक रंगों और टिकाऊ सामग्रियों के उपयोग से हथकरघा उत्पादों का मूल्य और आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है। वस्त्र मंत्रालय संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे पुरस्कारों के माध्यम से बुनकरों के योगदान को सक्रिय रूप से मान्यता प्रदान कर रहा है और उन्हें पुरस्कृत कर रहा है। हाल के वर्षों में नई श्रेणियां शुरू की गई हैं, जैसे कि महिला बुनकरों, जनजातीय कारीगरों, दिव्यांग बुनकरों, नवोन्मेषी उत्पादक समूहों और हथकरघा के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने वाले डिजाइनरों के लिए पुरस्कार। इसमें एक उल्लेखनीय बात यह है कि युवाओं को युवा बुनकर पुरस्कार भी दिया जाता है, जो कि 30 वर्ष से कम आयु के ऐसे कारीगरों को दिया जाता है, जिन्होंने पारंपरिक तकनीकों में निपुणता प्राप्त कर ली है तथा नवाचार अथवा उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। ये पुरस्कार न केवल प्रतिष्ठित हैं बल्कि पारदर्शी और लोकतांत्रिक भी हैं तथा इनके साथ नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं।

संत कबीर, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेताओं को आजीवन 8,000 रुपए मासिक पेंशन दी जाती है। इसका उद्देश्य हथकरघा के क्षेत्र में नवाचार, विशेष रूप से ऐसी तकनीकों और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना है, जिनकी मशीनों अथवा पावरलूमों द्वारा नकल नहीं की जा सकती है। भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है। भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहां बांस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेजी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है। इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है। वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है। वर्तमान समय में भारत की गहन भौतिक संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, यह केवल यार्न और फैब्रिक में ही नहीं, बल्कि परिधानों के सहायक उपकरणों में भी बढ रही है, जिनका पर्यावरणीय प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है।

बचे हुए कपड़ों और धागों का उपयोग करके बनाए गए पुनर्चक्रित संग्रह लोकप्रिय हो रहे हैं, जो पारंपरिक, टिकाऊ प्रथाओं के पुनरुद्धार में योगदान दे रहे हैं। यह आंदोलन पर्यावरण के प्रति जागरूक फैशन की ओर एक व्यापक वैश्विक बदलाव को दर्शाता है। आज, तेजी से बढ़ते शहरी प्रवास और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के साथ, पारंपरिक बुनकर की अपने करघे पर भूमिका प्रतीकात्मक से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, अब यह हरित तकनीक और सांस्कृतिक संरक्षण का एक सशक्त उदाहरण बन गई है। भारत की हथकरघा विरासत एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करती है जो पर्यावरण और शिल्प से जुड़े लोगों का सम्मान करती है और देश को जिम्मेदार एवं नैतिक फैशन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# रोहित ठाकुर : हिमाचल में नेतृत्व और नवाचार की नई परिभाषा

हिमाचल की चोटियों पर बर्फ चाहे जितनी भी स्थिर क्यों न लगे, भीतर जीवन सदा गतिशील रहता है। राज्य की राजनीति में भी यही सत्य लागू होता है, कुछ चेहरे मौन रहते हुए भी बदलाव की धारा को दिशा देते हैं। रोहित ठाकुर उसी नई धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां नेतृत्व केवल कुर्सी से नहीं, दृष्टि और दायित्व से परिभाषित होता है। वह युवा हैं, परंपरा से जुड़े हैं परंतु नवाचार के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध हैं।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला (हिप्र)

जुब्बल-कोटखाई की पगडंडियों से उठकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री बनने तक का उनका सफर, हिमाचल की नई राजनीतिक चेतना का प्रतीक है। रोहित ठाकुर के व्यक्तित्व में एक दुर्लभ समन्वय है जिसमें माटी से जुड़े पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल की जनप्रिय विरासत और आधुनिक भारत की समझ भी है। रामलाल द्वारा प्रोत्साहित बागवानी क्रांति ने हिमाचल की आर्थिकी को न केवल स्थायित्व प्रदान किया, बल्कि ग्रामीण समृद्धि की नई राह भी प्रशस्त की, उसी परंपरा को रोहित ठाकुर तकनीक, पारदर्शिता और किसान-केंद्रित नीतियों के माध्यम से विस्तार दे रहे हैं।

उनके प्रयास केवल सेब उत्पादकों के लिए ही नहीं अपितु हिमाचल के ग्रामीण भविष्य को सशक्त करने वाले हैं। कोल्ड स्टोरेज, पारदर्शी मंडियां और संकट-कालीन हस्तक्षेप उनकी जमीनी सोच के प्रमाण हैं परंतु यदि रोहित ठाकुर को सही मायनों में समझना हो, तो शिक्षा में उनके नवाचारों को देखना होगा। जब अधिकांश राज्य शिक्षा को महज अंक, बोर्ड और रैंकिंग तक सीमित कर रहे हैं, रोहित ठाकुर उस सोच को चुनौती देते हैं।

'बैग-फ्री डे' जैसी पहल बच्चों के जीवन में वह हल्कापन लाती है, जो केवल कंधों से बोझ हटाकर नहीं, मन से भय मिटाकर ही संभव है। जब विद्यालयों में हिमाचली लोकभाषाओं की औपचारिक वापसी होती है, पारंपरिक खेलों को स्थान मिलता है, लोककथाएं फिर से गूंजती हैं, तब स्पष्ट होता है कि यह शिक्षा केवल डिग्री की दौड़ नहीं, पहचान की पुनर्रचना भी है। उनकी दृष्टि में शिक्षा केवल भवन निर्माण नहीं बल्कि बच्चों के भीतर सपनों की नींव डालने की प्रक्रिया है। वे स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल परिसर, कंप्यूटर लैब और पोषण योजनाओं जैसे माध्यमों से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकारी विद्यालय केवल नाम भर न हों बल्कि नवभारत की प्रयोगशालाएं बनें।



अनंत ज्ञान

पाठ्यक्रमों में हिमाचली इतिहास, कृषि, बागवानी और क्षेत्रीय साहित्य का समावेश उनकी उस गहरी समझ को दर्शाता है जिसमें शिक्षा केवल सूचनाओं का संचयन नहीं, जीवन की तैयारी है। पंचायतों से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक, नवाचार प्रयोगशालाओं से लेकर खेल प्रतियोगिताओं तक उनकी योजनाएं न केवल व्यापक बल्कि व्यावहारिक भी हैं। वे विकास को आंकड़ों से नहीं, आमजन के अनुभवों से मापते हैं। उनकी कार्यशैली में सादगी है, आत्मप्रशंसा से दूरी है और जनसरोकारों से गहरा जुड़ाव है। यही कारण है कि वे मीडिया की सुर्खियों से दूर रहकर भी जनता के मन में गहराई से बसे हुए हैं। शिक्षा के साथ-साथ वे युवाओं के कौशल विकास, तकनीकी सशक्तिकरण और नवाचार के क्षेत्रों में भी गंभीर दृष्टिकोण रखते हैं।

ITI संस्थानों को सुदृढ़ बनाना, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देना और खेल नीतियों में बदलाव लाना, ये सब उनके नेतृत्व की समग्र दृष्टि का संकेत हैं। वे चाहते हैं कि हिमाचल की युवा पीढ़ी केवल नौकरी की तलाश में न रहे बल्कि अवसरों की सर्जना करे। राज्य की पहचान सेब और पर्यटन तक सीमित न रहकर शिक्षा, नवाचार और सांस्कृतिक नेतृत्व तक फैले, यह उनकी स्पष्ट मंशा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नशा** एक खतरनाक आदत है, जो इंसान को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर बना देता है। शराब, तंबाकू, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने से शरीर में कई तरह की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। यह न केवल व्यक्ति के जीवन को संक्षिप्त करता है, बल्कि समाज में भी इसके प्रतिकूल प्रभाव होते हैं। नशा करने से मनुष्य का आत्मविश्वास घटता है, और वह अपने परिवार, दोस्तों और समाज से दूर होता जाता है। नशे की लत में पड़कर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों से बचने लगता है। इसके साथ ही यह स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है, जैसे कि लिवर की बीमारी, हार्ट अटैक और मानसिक विकार। हमें नशे से दूर रहकर अपनी जिंदगी को स्वस्थ और खुशहाल बनाना चाहिए।

**-स्वास्तिका, जंडपुर ( बैजनाथ )**

# सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का, जेलों में मरने वालों का क्या दोष?

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित कई ऐसे फैसले सुनाये गए, जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की 'कारगुजारियों' पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के, एक तो यह कि यदि संबद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आखिर अपराध करने वाले कौन थे?

उन्हें सामने लाने की जिम्मेदारी आखिर किस एजेंसी की है और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने, कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने, इतने वर्षों तक अपने कामकाज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामने करने वाले आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कौन करेगा? गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया, जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। गौरतलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे।



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोजाना लाखों यात्री सफर करते हैं। इसी तरह का दूसरा फैसला गत 31 जुलाई, 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फोट मामले में 17 साल बाद सुनाए गए इस फैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाके में हुए इस मोटरसाइकिल बम विस्फोट में फरहीन, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान , सैयद अजहर सैयद निसार, और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमजान के पवित्र महीने और नवरात्र से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था।

यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (**UAPA**), भारतीय दंड संहिता (**IPC**) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक लगाकर उड़ाया गया था, वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी, जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराई थी। उस समय एटीएस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन 'अभिनव भारत' की साजिश के तहत किया गया था। इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और 'आप' के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है।





4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोनिवि में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था। परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सी बी आई को लंबी जांच के बाद भी जैन के खिलाफ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले। अब आरोप लग रहा है कि ईडी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की, क्योंकि **ED** ने जैन के घर से नकद या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ईडी को फटकार भी लगाई।

अनंत ज्ञान

उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का जिक्र यहां इसीलिए किया जा रहा है क्योंकि ये मामले न केवल हाई प्रोफाइल थे, बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्खियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीके से मीडिया ट्रायल भी चलाया था, अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फैसले आए दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों, साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो।

इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाज़िमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएं परंतु किसी एक भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए। ज़ाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोर्ट्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है परंतु हम जांच एजेंसियों की दोषसिद्धि दर की भी अनदेखी नहीं कर सकते।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# शिक्षाविदों को शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाने के लिए करना होगा काम

70 लाख की वोल्वो कार और 800 ग्राम सोना भारत में गिने चुनों को ही नसीब होता है, वह भी सिर्फ इसलिए कि आपने शादी की है, पर हाय रे लालची आदमी, तब भी तेरे लालच की वजह से किसी मासूम बेटी, बहन को अपनी जान गवानी पड़ी। बात तमिलनाडु के तिरुपुर क्षेत्र की है, जहां शादी में इतना दहेज देकर भी कन्या पक्ष की लड़की ने लालची ससुराल पक्ष के साथ रहने की बजाए अपनी जीवनलीला समाप्त करना बेहतर समझा।



डॉ. दमन आहूजा
माइंडफुलनेस एक्सपर्ट, सोलन

दूसरी तरफ महर्षि दयानंद विश्विद्यालय, रोहतक की एक पीएचडी छात्रा द्वारा लगाए गए उसके प्रोफेसर पर यौन आरोपों को जब कमेटी ने सच पाया तो उस प्रोफेसर को विश्विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। दोनों ही उदाहरण पढ़े लिखे समाज में महिलाओं के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार के कटु, लेकिन सत्य घटनाएं हैं। सवाल कई उठते हैं कि यदि महिलाएं पढ़-लिखकर ज्ञानवान हो रही हैं तो अपने साथ होने वाले इस तरह के अत्याचार पर समय रहते आवाज क्यों नहीं उठाने में सक्षम हो रही हैं?

क्या हमारी वर्तमान शिक्षा उन्हें भीतर से सशक्त एवं समर्थ नहीं बना रही है कि वे अपने खिलाफ हो रहे शोषण पर बोल सकें? क्या पढ़े लिखे संपन्न परिवार दहेज जैसी प्रवृति का जानबूझ के शिकार हो रहे हैं? क्या डिग्री लेना इतना महत्वपूर्ण है कि अपनी इज्जत गवां कर भी उसे हासिल किया जाए? क्या पुरुषों को महिलाओं का शरीर सिर्फ अपनी वासना पूरी करने का एक यंत्र मात्र दिखता है ?

क्या जो व्यवहार वे किसी अन्य के घर की महिला के साथ करते हैं, वैसा वे अपने घर की महिलाओं के साथ भी होते हुए देखना चाहेंगे? अनगिनत सवालों के ढेरों में यदि ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि भले ही वे उन्नत राष्ट्र अमेरिका के प्रेजिडेंट के चरित्र की बात हो अथवा एलन मस्क के पिता के अपनी सौतेली बेटी से संबंधों की बात हो, जब तक शरीर और शरीर से संबंधित सुख के साधनों की अंधी दौड़ से अलग हटकर नहीं सोचेंगे, तब तक समाज में इस तरह की घटनाओं को रोकना मुश्किल होगा। कुछ तो खबरों के माध्यम से सामने आ जाती हैं, ऐसे अनगनित घटनाएं हमारे अपने घरों में घटती हैं, जो लोकलाज की वजह से कभी सामने नहीं आतीं। प्रश्नों के मूल में जाएं तो मनुष्य की लालच, अनियंत्रित काम वासना एवं सही शैक्षिक मूल्यों का अभाव इसमें स्पष्ट नजर आता है।



अनंत ज्ञान

सोचने वाली बात यह भी है कि पढ़ाई लिखाई यदि आप को भीतर से सशक्त नहीं कर रही है तो ये हमारी शिक्षा व्यवस्था की कमी है, इस पर तमाम शिक्षाविदों को हमारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाने के लिए काम करना होगा। समृद्ध परिवार अपनी शानोशौकत को दिखाने के लिए देहज देने जैसी कुरीतियों को जब तक जारी रखेंगे, हमारी बेटियां मरती रहेंगी।

क्या ही अच्छा हो कि संपन्न परिवार जब भी अपनी बेटी की शादी करें तो देहज न देकर उस संसाधन को दूसरी बहन बेटियों को शिक्षित एवं सशक्त करने में खर्च करें। कोई भी बाहरी डिग्री आपकी भीतरी संपन्नता से ऊपर नहीं है, यदि कोई व्यक्ति डिग्री के नाम पर आपको अपनी इज्जत से समझौता करने को बोल रहा है तो सेक्सुअल हैरासमेंट पॉलिसी के अंतर्गत उसे उच्च अधिकारी से रिपोर्ट कीजिए। दहेज के लालचियों को सुंदरनगर हिमाचल प्रदेश की छठी में पढ़ने वाली मोक्षथीका से सीख लेनी चाहिए, जिसने हाल ही में आए मौसम के सैलाब में अपनी गुल्लक तोड़ कर अपने पापा को 1660/- रुपए लोगों के पुनर्वास हेतु खर्च करने को कहा। देश एक ही है, एक तरफ अनैतिकता का सैलाब है, दूसरी तरफ संवेदना की मलहम है, आप किस तरफ जाना चाहेंगे?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# किसानों को 4 गुना मुआवजे से किया वंचित

## हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट से रोक, भूमि अधिग्रहण मंच ने कांग्रेस सरकार की नीयत पर उठाए सवाल

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** भूमि अधिग्रहण प्रभावित मंच के अध्यक्ष बेलीराम कौंडल ने कहा कि किसान विरोधी कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में रोक लगवा कर किसानों को चार गुणा मुआवजे से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश भू-अधिग्रहण फैक्टर-1 की 1 अप्रैल 2015 की अधिसूचना को निरस्त कर दिया था, उसको जिसमें भूमि अधिग्रहण प्रभावित लोगों को चार गुना मुआवजा दो फैक्टर दिए जाने के खिलाफ सरकार उच्चतम न्यायालय में चली गई तथा वहां से उस आदेश के खिलाफ एकतरफा स्थगन आदेश प्राप्त कर लिए हैं। सरकार की यह मानसिकता बताती है कि सत्ता में बैठे लोग नहीं चाहते कि किसानों को उनकी जमीन और घरों का सही मुआवजा मिले। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने दिया है। आने वाले दिनों में इस याचिका को निरस्त करवाने के लिए फोरलेन प्रभावितों के साथ मंच सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा।

संयोजक जोगिंद्र वालिया ने कहा कि हिमाचल हाईकोर्ट ने मई 2025 में दिए फैसले में राज्य सरकार की उस अधिसूचना को खारिज कर दिया था, जिसमें भूमि अधिग्रहण मुआवजा देने के लिए फैक्टर-वन लगाया गया था। इससे अपनी जमीन गंवाने वाले प्रभावितों को दोगुनी कीमत मिलनी थी, जबकि एक्ट के प्रावधान के अनुसार फैक्टर-टू तक राज्य सरकार लगा सकती थी, जिससे चार गुना मुआवजा सुनिश्चित होना था। उन्होंने कहा कि सुन्नी डैम प्रभावितों के केस में न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने ये आदेश दिए थे। राज्य सरकार ने यह अधिसूचना पहली अप्रैल, 2015 को जारी की थी। इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण मुआवजे में फैक्टर-वन लगाने को कहा गया था। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि राइट-टू- फेयर कंपनसेशन एंड ट्रांसपेरेंसी इन लैंड एक्विजिशन रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटलमेंट एक्ट, 2013 की मूल भावना के खिलाफ राज्य सरकार ने नोटिफिकेशन की थी। अपने फैसले में खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार की अधिसूचना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अन्याय हो रहा है। इसलिए इस अधिसूचना को रद्द किया जाता है, लेकिन भाजपा व कांग्रेस, दोनों दलों ने फोरलेन प्रभावितों के साथ धोखा किया है।

### भाजपा और कांग्रेस दोनों ने दिया धोखा

**भाजपा** ने 2017 में चुनावी वादा किया था कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो हम दो फैक्टर अर्थात चार गुणा मुआवजा प्रभावित किसानों को देंगे। सरकार सत्ता में आने के बाद जयराम सरकार नजरअंदाज करती रही है और कांग्रेस कि सरकार ने 2022 यह कहकर किसानों से वोट लिए कि वे चार गुना मुआवजा लागू करेंगे, लेकिन विधानसभा चुनाव के उपरांत आज तक कोई बैठक नहीं कर पाए, उलटे किसानों के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में चली गई तथा वहां से उस आदेश के खिलाफ एक तरफा स्थगन आदेश प्राप्त कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की अधिसूचना से किसानों को भूमि का चार गुना मुआवजा मिलने की आस जग गई थी, जिससे आम जनता एवं किसानों को भरी राहत होनी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है, जिसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ेगा।

# नगर परिषद सुंदरनगर के चांगर वार्ड में भारी बारिश से डंगा ध्वस्त, संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर 10 के चांगर में मंगलवार और बुधवार को हुई मूसलाधार वर्षा ने कहर बरपाया। क्षेत्र में भारी बारिश के चलते चांगर में एक बड़ा डंगा ध्वस्त हो गया, जिससे संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। वहीं, भूस्खलन की जद में आने से दो रिहायशी मकानों पर खतरा मंडराने लगा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, तहसीलदार अंकित शर्मा सहित अन्य अधिकारियों संग मौके का दौरा कर हालात का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को तिरपाल इत्यादि फौरी राहत सामग्री प्रदान की गई। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने नगर परिषद सुंदरनगर व बीबीएमबी प्रबंधन से संयुक्त रूप से डंगे की मुरम्मत कार्य को शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई, ताकि सड़क बहाल हो सके और लोगों के घरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने खतरे की जद में आए मकानों के मालिकों को भी मौके पर मकानों की सुरक्षा के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

- दो मकानों पर भी मंडराया खतरा; पूर्व सीपीएस सोहन लाल व एसडीएम मौके पर पहुंचे, नुकसान का लिया जायजा

## न्यूज ब्रीफ

### जवाहरनगर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल मंडी नंबर-3 के सहायक अभियंता ई. होशियार सिंह ने बताया कि 11 केवी खलियार-पुरानी मंडी एचटी विद्युत लाइन की आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य के चलते 8 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जवाहरनगर, खलियार, छिपणु, पुरानी मंडी, टिंबर डिपो, ढंगसिधार, पुलिस कॉलोनी, डीएवी स्कूल, बाड़ी, बनाणु, लोअर बिजनी और मट्ट और इनके लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### पुराना मेला मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोगिंद्र नगर का उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह जोगिंद्रनगर स्थित पुराने मेला मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड इत्यादि टुकड़ियों के भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

### महादेव व्यापार मंडल ने जताया सीएम का आभार

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान।** महादेव व्यापार मंडल की एक आपात बैठक प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें व्यापारी कल्याण बोर्ड हिमाचल प्रदेश के पुनर्गठन और नोटिफिकेशन जारी होने पर माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कोटि-कोटि धन्यवाद किया गया। मंडल के महासचिव गोपाल शर्मा, मुख्य सलाहकार मोहन लाल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। व्यापारी मंडल ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह द्वारा 2006 में स्थापित व्यापारी कल्याण बोर्ड की याद दिलाई, जो लंबे समय से निष्क्रिय था। मंडल ने कहा कि विभिन्न सरकारों को बार-बार प्रस्ताव देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। अब पुनर्गठन के साथ प्रदेश के 111 गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति से व्यापारियों की उम्मीदें जागी हैं। मंडल ने बोर्ड की शीघ्र बैठक बुलाने की मांग की है।

### नौकरी लेने के लिए 12 को आएं जोगिंद्रनगर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 120 पदों के लिए साक्षात्कार 12 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे उप-रोजगार कार्यालय जोगिंदर नगर में आयोजित होगा। प्रभारी सुमित ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं रखी गई है। आवेदक की ऊंचाई कम से कम 168 सेमी और आयु 19 से 40 वर्ष होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 17,500 से 22,000 रुपए तक वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण पत्र, पंजीकरण कार्ड, अनुभव प्रमाणपत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रिज्यूम और पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित निर्धारित समय पर पहुंचें। साक्षात्कार में भाग लेने वालों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

### ज्योतिरादित्य आईआईटी जम्मू के प्रशिक्षणार्थी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के 17 वर्षीय ज्योतिरादित्य जम्वाल ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर अपने शहर का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में इस वर्ष 2.5 लाख से अधिक आईआईटी अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। ज्योतिरादित्य ने आईआईटी जम्मू के बहुप्रतीक्षित कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रोग्राम में प्रवेश प्राप्त किया है, जो भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक है। इससे पहले उन्होंने जेईई मेन्स में 99.4 परसेंटाइल स्कोर करके अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। यह परीक्षा पूरे देश में 15 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा दी जाती है। इसके बाद उन्होंने जेईई एडवांस्ड में भी शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें आईआईटीज के सबसे लोकप्रिय कोर्सों में से एक में सीट प्राप्त हुई। जितेन्द्र जम्वाल और यशु जम्वाल के पुत्र ज्योतिरादित्य की यह सफलता उनके परिवार के लिए अत्यंत गौरव और खुशी का कारण बनी है। उनके माता-पिता ने कहा कि वह हमेशा से ही जिज्ञासु और तीव्र बुद्धि वाला छात्र रहा है।

# चौक से महादेव तक संपर्क मार्ग बना नाला, राहगीर व चालक हुए परेशान



चौक से महादेव तक का संपर्क मार्ग बारिश के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ।

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विस क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

चौक से महादेव तक का संपर्क मार्ग मूसलधार बारिश के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क जगह-जगह से उखड़कर गहरी खाइयों में बदल चुकी है, जो अब नाले का रूप ले चुकी है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा समय रहते मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था न किए जाने से हालात बिगड़े हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त मंडी से सड़क की शीघ्र मरम्मत और पानी की निकासी के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# मसौली के वरिष्ठ शिक्षक व समाजसेवी चुनी लाल का निधन, क्षेत्र में शोक

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** मसौली गांव के वरिष्ठ शिक्षक, समाजसेवी और शनि धाम मंदिर समिति के पूर्व प्रधान चुनी लाल शर्मा का सोमवार रात 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। चुनी लाल शर्मा ने सरकारी सेवा में एक आदर्श अध्यापक के रूप में वर्षों तक योगदान दिया और सेवानिवृत्ति के बाद भी निजी स्कूलों में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहे। धार्मिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। वे मसौली के शनि धाम मंदिर निर्माण समिति के प्रधान रहे और मंदिर विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निधन की खबर से मसौली व आसपास के गांवों में गहरा दुख व्याप्त है। आज मच्छयाल घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।



# मासड पंचायत में भूस्खलन की चपेट में आई गोशाला, चार गाय जिंदा दबी

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



**दरंग** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मासड में गोशाला पर हुए भूस्खलन से 4 गाय भी दब कर मर गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा मासड गांव के गुलशन कुमार के साथ हुआ।

उन्होंने हर रोज की तरह बुधवार सुबह गाय की सेवा करते हुए उन्होंने खास पानी दिया और साथ में अपने घर आ गए। बारिश बहुत तेज हो रही थी कि अचानक गड़गड़ की आवाज आई और उनकी गोशाला मलवे -पथर से दब गई। जिसमे बंधी चारों गाय भी पर भर में समाप्त हो गई। जिनमें 3 गाय दुधारू थी, जबकि एक बछड़ी थी। जैसे ही इस घटना की सूचना गांव में फैली ग्रामीण भी मौका पर आए और मलबे को हटाने में जुट गए। मलबा बहुत ज्यादा था, मगर पूरे मासड गांव के लोगों ने मरी हुई सभी गायों को बाहर निकालकर दम लिया। गुलशन कुमार ने बताया कि वह निर्धन परिवार से हैं। अब वह कैसे गोशाला बनाएगा और कैसे गाय खरीद सकेगा। यह मेरे वश में नहीं है। मासड पंचायत प्रधान लोकपाल ने घटना की पुष्टि करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवारों को अतिशीघ्र आर्थिक सहायता की मांग की है।

- पंचायत ने प्रशासन से की परिवार की आर्थिक सहायता की मांग

# एनएच निर्माण से घरों के गिरने के लिए कंपनी व प्रशासन जिम्मेदार: भूपेंद्र सिंह

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** एनएच निर्माण कार्य से लोगों के घर गिरने के कगार पर हैं। इसके लिए गावर, सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी और सरकाघाट प्रशासन जिम्मेदार है। यह आरोप पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, हिमाचल किसान सभा धर्मपुर के प्रधान रणताज राणा, गोपालपुर खंड कमेटी के दिनेश काकु, चोलथरा व्यापार मंडल के प्रधान बिहारी लाल वरखोह, एनएच संघर्ष समिति के पूर्ण चंद और अमृत लाल तथा सरकाघाट नागरिक सभा के विजय कौशल, बीडी शर्मा और अविनाश चंदेल ने लगाया है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि चोलथरा में दिव्यांग पूर्व सैनिक रमेश चंद के घर गिरने के खतरे के कारण उनकी पत्नी मानसिक तनाव में हैं व तीन दिन पहले बड़सर अस्पताल में भर्ती हुई थीं। पिछले 4 दिनों में न तो एसडीएम और न ही कोई अधिकारी सुध लेने पहुंचे हैं। चोलथरा के आसपास एक दर्जन अन्य घर जैसे सूबेदार श्रवण कुमार, रणबीर, जमना, मेहर चंद, बलबीर के घर भी गिरने के कगार पर हैं, लेकिन प्रशासन और कंपनी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सीएम सुक्खू दौरे के दौरान उठाया जाएगा मुद्दा



**धर्मपुर,** बनाल, बरोटी, कुमाहरड़ा में घरों के गिरने का खतरा कंपनी द्वारा की गई अवैध डंपिंग, स्टीप कटिंग, सुरक्षा दीवार न लगाने, टूटे कलवर्ट और नालियां न बनाने के कारण है। किसान सभा ने निर्णय लिया है कि 15 अगस्त को मुख्यमंत्री के सरकाघाट दौरे के दौरान यह मुद्दा उठाया जाएगा और उससे पहले प्रभावित लोगों से संपर्क कर स्थिति का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# डॉ. राधाकृष्ण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पढ़ेगा युवराज सिंह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत हरिवैहना के गांव लंगेहड़ निवासी होनहार छात्र युवराज सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से नीट-2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉ. राधाकृष्ण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एमबीबीएस सीट प्राप्त की है। युवराज का चयन एनआईटी हमीरपुर में सिविल इंजीनियरिंग के लिए भी हुआ था, लेकिन उन्होंने डॉक्टर बनने के अपने सपने को प्राथमिकता दी। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी माता मीना कुमारी स्कूल प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुई हैं जबकि पिता संजय गुलेरिया सरकाघाट बार में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। युवराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है।

# भूस्खलन में फंसे यात्रियों के लिए देवदूत बने एफकोनस कंपनी के इंजीनियर विश्वा

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** मंगलवार को चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर मंडी से झलोगी तक का मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हो गया, जिससे सैकड़ों लोग हणोगी टनल और सड़क पर फंस गए। रातभर यात्री वाहनों में अंधेरे और भूख के बीच फंसे रहे। इसी दौरान एफकोनस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के इंजीनियर विश्वा शर्मा ने भूख से तड़पते बच्चों को देखकर लोगों की मदद का निर्णय लिया।

उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर सिर्फ एक घंटे में 150 गाड़ियों और लगभग 500 फंसे लोगों को खाने-पीने की वस्तुएं वितरित कीं। इसमें अमूल दूध, बिस्किट, नमकीन, क्रीम रोल, चिप्स, पानी की बोतलें आदि शामिल थीं। यह राहत कार्य कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद ठाकुर और एचआर हेड ज्ञान चंद के निर्देशों पर हुआ। टीम में फोरमैन कर्म सिंह, नरेंद्र, संजू, सुनील, राजकुमार और थलू राम शामिल रहे।

यह कार्य न सिर्फ आपात स्थिति में मानवता का उदाहरण बना, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी बना। क्षेत्र में इंजीनियर विश्वा शर्मा और उनकी टीम की सराहना की जा रही है।

- सड़क बंद होने से फंसे लोगों को भोजन देकर पेश की मानवता की मिसाल
- इंजीनियर विश्वा शर्मा व टीम की हो रही सराहना

# प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा है प्राकृतिक आपदाएं, यज्ञ से होती शुद्धि: आचार्य रणवीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- आर्य समाज की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पर श्रावणी महोत्सव का शुभारंभ

**महर्षि** स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित आर्यसमाज की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर आर्य समाज मंदिर मंडी में श्रावणी महोत्सव का शुभारंभ हवन यज्ञ और प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति की कामना के साथ शुरू हुआ। आर्य समाज मंदिर के प्रधान अरूण कुमार कोहली ने बताया कि 6 से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावणी पर्व वेद सप्ताह में सहारनपुर उतत्र प्रदेश के प्रख्यात विद्वान आचार्य रणवीर शस्त्री वेद ज्ञान की गंगा प्रवाहित करेंगे। वहीं पर भजनोपदेशक कुलदीप भास्कर करनाल ने अपने सुमधुर भजनों से श्रावणी महोत्सव का शुभारंभ किया। इससे पूर्व चतुर्वेद शतकम यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित यजमानों ने आहुति डाली।

इस अवसर पर अपने आचार्य रणवीर शास्त्री ने कहा कि प्रकृति ,सूर्य, वायु, जल और अंतरिक्ष जड़ देवताओं की श्रेणी में आते हैं, जबकि माता-पिता जीवंत देवता हैं। उन्होंने कहा कि एक मधुमक्खी अपने काम में लगी रहती है, जब तक उससे छेड़छाड़ नहीं करोगे वह डंक नहीं मारेगी। उसी प्रकार प्रकृति, वायु, जल और अंतरिक्ष से मनुष्य अपने स्वार्थ, लालच के छेड़छाड़ कर रहा है, जिसकी वजह से प्रकृति का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। मनुष्य अपने वैभव, ऐश्वर्य और अहंकार के चलते प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहा है। जिसके परिणाम स्वयरूप दैवीय प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है। इसके विपरीत यज्ञ का अर्थ केवल आहूति मात्र नहीं है, यह वातावरण का संरक्षण करता है। उन्होंने कहा कि अग्निहोत्र से वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पर लोग सामुदायिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि पैट्रोल और डीजल से उत्सर्जित होने वाली गैसों से प्रकृति को बचाया जा सके। जबकि हमारे देश में एक व्यक्ति भी गाड़ी लेकर निकल पड़ता है, इस तरह एक मार्ग पर हजारों गाड़ियां एकसाथ निकलने से वातावरण अशुद्ध होता है। इसके साथ ही लोगों के घरों में लगे एसी आदि भी ग्लोवल वार्मिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति से कितनी छेड़छाड़ कर रहा और प्रकृति उससे नाराज होकर दैवीय प्रकोप से प्राणी मात्र को आक्रांत कर रही है। इस अवसर पर आर्यसमाज मंदिर के अन्य पदाधिकारियों में हरी बहल, पंडित वेदमित्र शर्मा, जगदीश कपूर आदि ने यज्ञशाला में हवन पाठ कर आहूति प्रदान की। पंडित वेद मित्र शर्मा ने बताया कि श्रावणी महात्सव के दौरान हर रोज सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक तथा सांय पांच बजे से सात बजे तक भजन प्रवचन का आयोजन दस अगस्त तक जारी रहेगा।

# मंडी में अंडर-13 राज्यस्तरीय शतरंज स्पर्धा 17-18 को, रजिस्ट्रेशन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** मंडी शतरंज संघ द्वारा अंडर-13 छात्र और छात्रा वर्ग की राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 17 और 18 अगस्त को सनातन धर्म सभा, पुराना बाजार सुंदरनगर में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष केशव नायक ने दी। चीफ अधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि सभी इच्छुक खिलाड़ी 15 अगस्त शाम 5 बजे तक अपने संबंधित जिला शतरंज संघ के माध्यम से पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क सात सौ रुपये है, जबकि जिला मंडी के खिलाड़ियों के लिए यह केवल पाँच सौ रुपये रहेगा। सभी प्रतिभागियों के लिए अपने जिला शतरंज संघ की वार्षिक सदस्यता अनिवार्य है। जिला मंडी शतरंज संघ ने पंजीकरण के लिए गूगल फॉर्म तैयार किया है, जिसमें प्रवेश शुल्क के लिए क्यूआर कोड भी उपलब्ध है। प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण जिला मंडी और हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के आधिकारिक फेसबुक पृष्ठ पर उपलब्ध होगा। प्रतियोगिता का समापन 18 अगस्त को लगभग सांय चार बजे होगा। हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के महासचिव संजीव ठाकुर ने कहा कि अंडर-13 ओपन और छात्रा वर्ग से शीर्ष दो-दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुल्क राज्य शतरंज संघ वहन करेगा।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 से 9 सितंबर तक गोवा में आयोजित होगी। उप-प्रमुख अधिकारी हंसराज ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का समय नियंत्रण 45 मिनट और 15 सेकंड वृद्धि वाला रहेगा, जबकि डिफ़ॉल्ट समय 15 मिनट रखा गया है। यह प्रतियोगिता स्विस प्रणाली और शतरंज के नियमों के अनुसार संचालित होगी।

# गीला, सूखा और बायो मेडिकल कचरे को अलग अलग करने की अपील

**अनंत ज्ञान, पधर।** भारत स्माइल एंड शाइन फॉरएवर ट्रस्ट पधर द्वारा उपमंडल मुख्यालय पधर में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्य कमलेश वर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पधर बाजार के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे गीला, सूखा और बायो-मेडिकल कचरे को अलग-अलग करें। गीला कचरा में केवल बचा हुआ खाना और फल-सब्जियों के छिलके डालें। सुखा कचरा प्लास्टिक, कागज, रैपर, टीन और बोतलों के लिए होगा। बायो-मेडिकल कचरे में मास्क, सीरीज, दवाइयां, गंदे कॉटन, नेपकिन और डायपर रखे जाएं।

**दुकानदारों और नागरिकों से विशेष अपील:** कमलेश वर्मा ने कहा कि प्लास्टिक और कबाड़ को न जलाएं और न ही इधर-उधर फेंकें। इसे सफाई कर्मचारियों को दें। स्वच्छता केवल सरकारी कर्मचारियों पर निर्भर नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। स्थानीय प्रशासन का सहयोग- पंचायत प्रधान हेमंत कुमार महंत ने कहा कि कूड़ा संयंत्र में कार्य जारी है, जिसे पूरा होने में 15 से 20 दिन लग सकते हैं।

# आपदा प्रभावितों पर दर्ज झूठी एफआईआर को तुरंत रद्द करे सरकार: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**प्रदेश** सरकार द्वारा सराज की प्राकृतिक आपदा के 72 प्रभावितों पर एफआईआर दर्ज करने के विरोध में भाजपा ने मंडी में रोष रैली निकाल प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में मंडी जिला भाजपा ने सेरी बाजार से होकर उपायुक्त कार्यालय के बाहर तक एक रोष रैली निकाली व सराज के आपदा प्रभावितों पर दर्ज झूठी एफआईआर को तुरंत रद्द करने की मांग उठाई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि 30 जून की उस रात आपदा से सराज में जो करोडों का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कर पाना मुश्किल कार्य है। आपदा की इस घड़ी में जहां सरकार को पीड़ित लोगों का दु:ख दर्द बांटना चाहिए था, वहां इस सरकार ने आपदा के जख्मों पर मरहम के बजाय एफआईआर दर्ज करके नमक छिड़कने का काम किया है। उन लोगों का इतना ही कसूर था कि अपने बागवानी कॉलेज को कहीं और बदलने की सरकारी कोशिशों से वे आहत थे और अपनी बात संबंधित मंत्री के समक्ष उठाना चाहते थे लेकिन उल्टा मंत्री ने उन्हें धमकाने का प्रयास किया और इन्हीं लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। उस दिन से आज तक प्रदेश में करीब 2 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है, जिसमें 1000 करोड़ से अधिक का केवल सराज में ही हुआ है। अकेले लोक निर्माण विभाग को ही 500 करोड़ की चपत लगी है। इसके बाद अगर किसी विभाग को ज्यादा नुकसान हुआ है वो जलशक्ति है जिसका करीब 250 करोड़ तक का नुकसान हुआ है। 1000 के आसपास पशुधन लोगों ने आपदा में गंवाए हैं। इतना नुकसान झेलने वाले इन लोगों की फरियाद सुनने के बजाए एक मंत्री के आदेश पर पुलिस ने 3 मामले दर्ज कर दिए।

**राहत** विभागीय प्रयासों से अस्पताल क्षेत्र, पुरानी मंडी सहित कई क्षेत्रों में सप्लाई सामान्य

# मंडी शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जल शक्ति विभाग मंडी द्वारा त्वरित राहत कार्यों के चलते शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल मंडी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल, तोम्बरा, पैलेस, सैन, भ्यूली, पुरानी मंडी और बाजार क्षेत्रों में सप्लाई पूरी तरह शुरू कर दी गई है। तल्याहड़, लाल कोठी और जेल रोड क्षेत्रों में आंशिक रूप से आपूर्ति शुरू हुई है। शेष प्रभावित क्षेत्रों में भी आज सायं तक अस्थायी रूप से जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जहां पाइपलाइन को अत्यधिक क्षति पहुंची है, वहां विभाग द्वारा प्रतिदिन 13 टैंकरों की मदद से 35 से अधिक स्थानों पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। 29 जुलाई को भारी वर्षा के कारण ऊहल दरिया आधारित बहाव पेयजल योजना की 450 एमएम व्यास की मुख्य पाइप लाइन 'स्कोर' स्थान के पास क्षतिग्रस्त हो गई थी। नगर निगम मंडी क्षेत्र के कई हिस्सों में भूस्खलन और भूमि कटाव के चलते सप्लाई लाइनों को भारी नुकसान पहुंचा, जिनमें तुंगल कॉलोनी और क्षेत्रीय चिकित्सालय क्षेत्र प्रमुख रहे।

अधिशाषी अभियंता ने बताया कि आपदा के तुरंत बाद विभाग ने त्वरित निरीक्षण कर आपातकालीन पुनरुत्थान योजना बनाई और बहाली कार्यों में 16 वेल्डिंग दलों समेत लगभग 250 तकनीकी, कुशल एवं अकुशल श्रमिकों को लगाया गया। अस्पताल क्षेत्र में क्षतिग्रस्त 65 एमएम और 80 एमएम व्यास की दो लाइनों के 200 मीटर हिस्से की मरम्मत हेतु विशेष टीमों को कार्य पर लगाया गया।

टारना टैंक से हॉस्पिटल टैंक तक जाने वाली 200 एमएम व्यास की मुख्य लाइन की भी मरम्मत शीघ्रता से की गई। जहां आवश्यकता थी, वहां एचडीपीई पाइपें बिछाकर अस्थायी रूप से जल आपूर्ति शुरू की गई। विभाग द्वारा 4 अगस्त तक अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल बहाल कर दिया गया था, लेकिन 5 अगस्त की रात पुनः हुई वर्षा से आरडी इंडस्ट्रीज के पास भूमि धंसने से मुख्य पाइपलाइन फिर क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे तत्काल प्रभाव से ठीक कर लिया गया है।

# सरकाघाट शहर में हफ्ते से नहीं आ रहा पानी, एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**सरकाघाट** शहर में पिछले 1 हफ्ते से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है इसे लेकर पीपल्स वेलफेयर सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल समिति के अध्यक्ष केसी ठाकुर की अध्यक्षता में अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग मंडल सरकाघाट से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता को एक मांग पत्र दिया जिसके तहत सरकाघाट शहर और डबरोग गांव में पानी की सुचारू रूप से सप्लाई करने की मांग की गई।

गौरतलब है कि पिछले 6-7 दिनों से नगर परिषद सरकाघाट सहित डबरोग गांव में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद है जिससे लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिशासी अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही पानी की सप्लाई चालू कर दी जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के वरिष्ठ प्रधान राजकुमार शर्मा, महासचिव सुरेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता लालचंद ठाकुर व अधिवक्ता अरविंद कुमार भी शामिल थे। उधर, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर विवेक हाजरी ने कहा की राइजिंग लाइन कई जगह से टूट गई है रात दिन युद्ध स्तर पर सप्लाई जोड़ने का काम किया जा रहा है बहुत जल्दी सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### लंगर संस्थाएं धरोहर राशि लेने के लिए भटक रहीं

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में लंगर संस्थाओं को अपनी धरोहर राशि वापस लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। एसडीएम ऑफिस द्वारा लंगर परमिशन देने के दौरान प्वाइंट नंबर 14 पर सेक्टर मजिस्ट्रेट से सफाई की रिपोर्ट करवाना अनिवार्य था लेकिन सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी 3 तारीख तक की थी और अब वे अपने-अपने कार्यालय वापस लौट चुके हैं। लंगर संस्थाओं को अब एसडीएम ऑफिस के नाम एक एप्लीकेशन लिखकर सुलभ इंटरनेशनल वालों से सफाई को लेकर रिपोर्ट करनी होगी। इसके बाद एसडीएम ऑफिस द्वारा मेले में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा दी गई रिपोर्ट के मुताबिक ही लंगर संस्थाओं की सिक्योरिटी वापस की जाएगी। एसडीएम सचिन शर्मा ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा कुछ लंगर संस्थाओं के खिलाफ रिपोर्ट दी गई थी। लंगर संस्थाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब यह फैसला लिया गया है कि सुलभ इंटरनेशनल वालों से सफाई को लेकर रिपोर्ट करवाई जाएगी। जिन लंगर संस्थाओं के खिलाफ सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा साफ-सफाई न रखने की रिपोर्ट की गई होगी, उनकी सिक्योरिटी वापस नहीं मिलेगी।

### विदेश में रोजगार के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ : अक्षय

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा विदेशों में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके गूगल शीट के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पंजीकरण प्रक्रिया भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। जब किसी विदेशी देश से कार्यबल की मांग संबंधित विभाग को प्राप्त होगी, तो पंजीकृत अभ्यर्थियों की योग्यता और अनुभव के आधार पर उनके नाम पर विचार किया जाएगा, साथ ही चयनित अभ्यर्थियों को उस देश के नियम, शर्तें और कार्य की प्रकृति से भी समय रहते अवगत करवा दिया जाएगा। शर्मा ने प्रदेश के युवाओं से अपील की है कि जो भी युवा विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे शीघ्र अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें भविष्य में वैध, सुरक्षित और उपयुक्त अवसर मिल सके।

## पेंशनर्स ने सरकार से मांगी बकाया डीए किस्त

**अनंत ज्ञान, घनारी।** पेंशनर्स संघ खंड गगरेट की एक आम सभा गगरेट के एक निजी होटल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता खंड के अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने की। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनधारकों ने भाग लिया। सभा में सरकार से मांग की गई कि जुलाई 2023 से जनवरी 2025 तक के 13 फीसदी डीए की बकाया किस्तों का क्रमवार और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। यह भी बताया गया कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को अभी तक कोई भुगतान नहीं मिला है, साथ ही पेंशनरों के मेडिकल बिलों का निपटारा भी वर्षों से लंबित है, जिस पर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। पेंशनरों ने सरकार से वर्षों पुरानी मांग दोहराई कि 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी करने पर मूल पेंशन में क्रमश: 5 फीसद 10 फीसद और 15 फीसद अतिरिक्त भत्ता जोड़ा जाए।

संघ ने सरकार से सभी लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान मांगा है। बैठक में प्रदेश वित्त सचिव ओमराज कंवर, राजकुमार शर्मा, तरसेम सिंह, कैलाश कुमार, रघुवीर सिंह, सतदेव कंवर, नसीब सिंह राणा, हरभजन सिंह, कृपाल सिंह डडवाल, धर्मपाल शास्त्री, सुरेश कुमार भारद्वाज, राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुभाष चंद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# ढोंगी बाबा को गुरु-शिष्या की हत्या मामले में उम्रकैद

## जुर्माना भी लगा, 22 वर्षीय युवती का आश्रम में दबा मिला था शव

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम ऊना राजेंद्र कुमार की अदालत ने एक ढोंगी बाबा द्वारा अपनी गुरु-शिष्या की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। बता दें कि 22 वर्षीय युवती की हत्या के आरोप में एक धार्मिक आश्रम के शिष्य ढोंगी बाबा को दोषी करार पाया है। दोषी की पहचान विकास दुबे निवासी भदोही, यूपी (हाल निवासी जाडला कोयड़ी धार्मिक आश्रम) के रूप में हुई है।

अदालत ने दोषी विकास को विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास और 60 हजार रुपए अदा करने की सजा सुनाई है। इस मामले की पैरवी जिला उपन्यायवादी नवीन कुमार ने की है। जिला न्यायवादी एकलव्य ने बताया कि 3 अप्रैल, 2021 को जाडला कोयड़ी की 22 वर्षीय नेहा पुत्री दिलबाग सिंह अचानक घर से लापता हो गई। घर से जाते हुए नेहा ने गांव में स्थित आश्रम में महंत के पास जाने की




बात कही थी। इस पर परिजनों ने आश्रम पहुंचकर नेहा की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। परिजनों द्वारा दी गई शिकायत के बाद जब पुलिस ने नेहा की कॉल डिटेल निकाली, तो आखिरी लोकेशन आश्रम की ही निकली, साथ ही यह पाया कि नेहा व महंत के शिष्य विकास दुबे निवासी यूपी के बीच पिछले लंबे समय से बातचीत चल रही थी। इस पर पुलिस ने शक के आधार पर विकास दुबे से पूछताछ की।

7 अप्रैल, 2021 को विकास दुबे ने नेहा की हत्या का गुनाह पुलिस के समक्ष कबूल किया, साथ ही शव को आश्रम के पीछे दबाने की बात भी मानी। पुलिस ने तहसीलदार की अगुवाई में खुदाई कर नेहा के शव को बाहर निकाला और महंत के शिष्य पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जिला न्यायवादी एकलव्य ने बताया कि इस मामले में 27 गवाह पेश किए गए। उन्होंने बताया कि धारा 302 के तहत दोषी विकास दुबे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। लगभग चार वर्ष के भीतर इस मामले में दोषी को सजा का फैसला आया है। उधर, युवती के स्वजनों ने इस मामले में फैसले पर संतोष व्यक्त किया है। कुछ लोगों ने कहा कि ऐसे मामले में दोषी विकास दुबे को 50 हजार रुपए जुर्माना भी अदा करना पड़ेगा। जुर्माना न देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास विकास को भुगतना पड़ेगा। वहीं, धारा 201 के तहत 3 वर्ष की सजा व 10 हजार रुपए अदा करने की सजा दी। जुर्माना न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उन्होंने बताया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

## बढ़ेड़ा में किसानों को उन्नत खेती के लिए किया प्रेरित



बढ़ेड़ा में किसान जागरूकता शिविर में इफ्को के प्रोडक्ट्स की जानकारी दी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली क्षेत्र कि दी बढेड़ा कृषि सहकारी सभा समिति की ओर से इफ्को कंपनी के सौजन्य से किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के किसानों ने भाग लिया। इफ्को कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपने प्रोडक्ट्स की जानकारी दी, वहीं किसानों ने भी फसल से जुड़े सवाल करके बेहतर पैदावार लेने का ज्ञान प्राप्त किया।

इस शिविर में सभा समिति के प्रधान अनिल ठाकुर, भू-संरक्षण कमेटी प्रधान सतीश कुमार, पूर्व प्रधान कश्मीर सिंह, रोशन लाल, कमेटी सदस्य, सचिव अनीता राणा, अग्रणी किसान राम लाल सैनी, छोटू राम, तिलक, जीत, रघुबीर सिंह, अमन शर्मा समेत गांव के अन्य किसानों ने भाग लिया। इफ्को कंपनी के टेरीटरी मार्केटिंग मैनेजर नवनीत ठाकुर व विशाल राणा ने इफ्को कंपनी द्वारा किसान हित में दी जा सुविधाएं बताईं । उन्होंने फसलों में होने वाली बीमारियों को विस्तार से बताया ओर रोकथाम के बारे में जानकारी दी। बंपर फसल लेने के लिए इफ्को की कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के लिए सुझाव दिए।

सभा प्रधान अनिल ठाकुर ने किसानो को उन्नत पैदावार लिए जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभा किसानों के साथ खड़ी है। सभा में किसानों को बाजार से सस्ते रेट पर गेहूं व मक्की का बीज भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। किसानों को फसलों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं ताकि किसानों को कोई भी कठिनाई पेश न आए।

## नवजात को छह माह तक सिर्फ मां का दूध दें : आंगरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**




इन्नरव्हील क्लब ऊना ने मदर केयर अस्पताल में कार्यशाला का किया आयोजन।

विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में इन्नरव्हील क्लब ऊना द्वारा आंगरा मदर केयर अस्पताल ऊना में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजन आंगरा मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित हुए। कार्यशाला में गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ. राजन आंगरा ने नवजात शिशुओं के लिए मां के दूध के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों को छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म लेने के साथ ही उसे शहद या अन्य कोई भी पदार्थ खिलाने से पहले उसे सबसे पहले मां का दूध पिलाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जच्चा का दूध बच्चे के लिए अमृत के सम्मान होता है। यह नवजात बच्चे को विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। वहीं, उसकी सेहत के लिए यह अत्यावश्यक है। उन्होंने महिलाओं को समझाया कि किस प्रकार से गर्भवती महिलाओं में दूध बनता है व यह किस प्रकार से बच्चों के लिए लाभदायक है। उन्होंने गर्भ में पल रहे बच्चे से लेकर उसके जन्म तक मां के शरीर में आने वाले परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से स्तनपान मां और बच्चे के बीच में भावनात्मक रिश्ता पैदा करता है।

डॉ. राजन आंगरा ने गर्भवती महिलाओं को बच्चों को दूध पिलाते समय उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को दूध पिलाने के समय पौस्चर के बारे में भी बताया। उन्होंने नवजात बच्चों की सेहत के लिए मां के दूध को रामबाण करार दिया। इस अवसर पर इन्नर व्हील क्लब की अध्यक्ष शोभा सोनी ने कहा कि महिलाओं को अपने नवजात बच्चों को कम से कम छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। इन्नरव्हील क्लब की उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने मंच संचालन किया।

कार्यक्रम में डॉ. अंशुल आंगरा, इन्नरव्हील क्लब अध्यक्ष शोभा सोनी, सचिव अमरजीत बबली,क्लब उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, कोषाध्यक्ष निरूपमा महाजन, वरिष्ठ सदस्य जतिंद्र कौर, आईएसओ मीरा मेहता, सदस्य सुमन पुरी, रंजना जसवाल, रमा कालिया, रजिता कसाणा, रेखा शर्मा, मीनू आंगरा, अनु आंगरा व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## गगरेट में 10 से आध्यात्मिकता व भक्ति का मिलेगा दिव्य अनुभव

**अनंत ज्ञान, पंजावर**

गगरेट क्षेत्र में 10 से 17 अगस्त तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन बड़े धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से किया जा रहा है। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्वितीय संगम होगा, जिसमें परम पूज्य तपस्वी संत, शुकदेव स्वरूप, परिव्राजकाचार्य स्वामी स्वयांनंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य वाचन होगा।

महायज्ञ की शुरुआत 9 अगस्त को शाम 4.30 बजे ऊना रोड स्थित तहसील कार्यालय से कथा स्थल तक निकलने वाली भव्य शोभायात्रा से होगी। शोभायात्रा की विशेषता 108 श्रद्धालु महिलाओं द्वारा कलश यात्रा होगी, जो वातावरण को भक्तिमय बना देगी। 10 अगस्त को दिन में पूजन, वास्तु आराधना, संकल्प पूजन व ब्राह्मण भोज जैसे शुभ अनुष्ठान आयोजित होंगे। 11 से 16 अगस्त तक प्रतिदिन प्रात: 4 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसके बाद प्रात: 7 से दोपहर 12 बजे तक कथा वाचन का मुख्य क्रम चलेगा। इसके अतिरिक्त संध्या 3 बजे से 6 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए नित्य संकीर्तन व प्रवचन की व्यवस्था रहेगी, जो सभी को भक्ति रस में सराबोर कर देंगे।

17 अगस्त को पूर्णाहुति, विशाल भंडारा और संत महापुरुषों के आशीर्वचन के साथ इस धार्मिक उत्सव का समापन होगा। आयोजक कमेटी के सदस्य एमसी शर्मा ने बताया कि यह आयोजन समस्त शिष्यगणों और गगरेट क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस दिव्य कथा श्रवण का लाभ लें और महायज्ञ की शोभा बढ़ाएं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## बारिश से नुकसान को लेकर सीएम से की बात : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

### बोले-कुटलैहड़ के प्रभावितों को जल्द मिलेगी राहत

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर मकानों को नुकसान पहुंचा है, सड़कें ध्वस्त हुई हैं और कृषि भूमि को भी भारी क्षति हुई है। इस आपदा को लेकर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस विषय पर विशेष चर्चा की। इस चर्चा में विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं और बारिश से हुए नुकसान का विस्तृत ब्योरा मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।



मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के दुख में भागीदार है और राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, कृषि विभाग, बिजली बोर्ड, खंड विकास अधिकारी और पंचायतीराज विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं कि क्षेत्र में जन सुविधाओं को बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनता को रोजमर्रा की आवश्यक सुविधाओं जैसे जल आपूर्ति, विद्युत सेवा, सड़क संपर्क और अन्य जरूरी सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान में कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे आवाजाही में परेशानी हो रही है।

इसके अलावा कई गांवों में बिजली और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि ~~विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि~~ आवश्यक मशीनरी और कर्मचारियों को तुरंत तैनात कर क्षतिग्रस्त ढांचे की मुरम्मत करवाई जाए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को भी भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं और खेतों में मलबा भर गया है। इसके लिए कृषि विभाग को सर्वेक्षण कर उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिन लोगों के मकान आंशिक या पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके लिए राजस्व विभाग की मदद से नुकसान का आकलन कर सरकार की ओर से राहत राशि प्रदान की जाएगी।

विधायक विवेक शर्मा ने भरोसा दिलाया कि कुटलैहड़ की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है और सरकार की मंशा स्पष्ट है, हर प्रभावित परिवार तक राहत पहुंचाना और जन सुविधाएं बहाल करना। इस दौरान उन्होंने जनता से अपील भी की कि वे संयम बनाए रखें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग को दें, ताकि समय पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राहत कार्यों में और गति लाई जाएगी, जिससे पीड़ितों को राहत और विश्वास दोनों मिल सके।

## इस साल बारिश से 134.71 करोड़ रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में इस मानसून में नुकसान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस बार की मानसून बारिश से हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। बारिश का कहर केवल जलभराव या भूस्खलन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने जन-जीवन, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे को भी गहरा नुकसान पहुंचाया है।

शनिवार को हुई भारी बारिश के बाद जिला प्रशासन ने पूरे मानसून सीजन में 20 जून से 6 अगस्त तक भारी नुकसान पहुंचाया है। जिला प्रशासन ने इस नुकसान को लेकर विस्तृत ब्यौरा तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजा है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में अब तक लगभग 134 करोड़ 71 लाख रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है, जिसको लेकर अभी भी लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

## शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के आधुनिक गुर बताए

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में एचपी जोन-एफ के अंतर्गत पीजीटी, टीजीटी और अन्य शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ भव्य और प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ ज्ञान के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य व एआरओ नमित शर्मा तथा उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर इस प्रशिक्षण का आध्यात्मिक एवं वैचारिक शुभारंभ किया, तत्पश्चात उपस्थित सभी शिक्षकों और अतिथियों द्वारा भावपूर्ण डीएवी गान की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को अनुशासन और संस्थागत गरिमा से भर दिया।

डीएवी स्कूल भरमौर के प्रधानाचार्य राकेश ठाकुर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र की आत्मा होता है। तकनीक, मूल्य और संवेदनशीलता के समन्वय से ही एक योग्य शिक्षक तैयार होता है। ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के व्यक्तित्व, नेतृत्व और रचनात्मकता को निखारने का उत्तम मंच हैं। डीएवी चौंतड़ा की



डीएवी अंबोटा में शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित अध्यापक।

प्रधानाचार्या सुमन कुंद्रा ने कहा कि आज शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। शिक्षक को आत्म-विश्लेषण, नवाचार, और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व एआरओ नमित शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं होता, बल्कि वह समाज निर्माण की नींव होता है। उन्होंने कहा कि आईसीटी की समझ और उपयोग आज समय की मांग है और यह प्रशिक्षण इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने शिक्षकों को नवाचार, संवेदनशीलता और आत्म-विकास की ओर प्रेरित किया। प्रथम दिवस के सत्र में विभिन्न सीबीएससी के प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों को अत्यंत उपयोगी ज्ञानवर्धक और समकालीन जानकारियां प्रदान की गईं।

इसके पश्चात पूजा गुप्ता ने अपने व्यावहारिक सत्र में शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के आधुनिक और प्रभावशाली उपाय बताए गए। तीसरे सत्र में एनईपी 2020 पर वंदना गुलेरिया ने नवीन संरचना, शिक्षण में लचीलापन, बहुभाषी शिक्षा, कौशल आधारित शिक्षण और आईसीटी एकीकरण जैसे प्रमुख बिंदुओं पर रोचक ढंग से चर्चा की गई। तीन दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस की यह यात्रा ज्ञान, जागरूकता और नवाचार से परिपूर्ण रही। सभी सत्रों में शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

## नई टीम के जोश से और मजबूत होगा संगठन : भुट्टो

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने जिला ऊना भाजपा की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि यह नई टीम संगठन को नए जोश और उत्साह के साथ मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन हमेशा कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन से मजबूत हुआ है और जिला ऊना की नई कार्यकारिणी इसी परंपरा को आगे बढ़ाएगी।

बंगाणा में भुट्टो ने कहा कि भाजपा का असली बल उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हर बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा का लक्ष्य प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करना है और इसके लिए संगठनात्मक ढांचे को बूथ से लेकर



देवेंद्र भुट्टो ने जिला भाजपा के कार्यकारिणी के सदस्यों को दी बधाई

जिला स्तर तक मजबूत करना अनिवार्य है। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जिसमें संगठन सर्वोपरि है। कार्यकारिणी में शामिल नए पदाधिकारी पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहे हैं और अब उन्हें जो नई जिम्मेदारी मिली है, वह निश्चित रूप से संगठन के विस्तार और मजबूती में सहायक सिद्ध होगी।

उन्होंने कहा कि आज जनता केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के नए आयाम छू रहा है। ऐसे में जरूरत है कि कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जनता से संवाद बनाएं और केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं, ताकि पार्टी की नीति और नीयत दोनों का लाभ जनता को हो।

भुट्टो ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की विफलताओं से जनता त्रस्त है और भाजपा ही एकमात्र विकल्प है, जो राज्य को स्थिर नेतृत्व और विकास दे सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आने वाले समय में भाजपा को सत्ता में लाने का लक्ष्य तय करना चाहिए। कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, न कि सत्ता का। भाजपा में कार्यकर्ताओं को हमेशा सेवा, समर्पण और संगठन के सिद्धांतों पर चलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला ऊना की नई भाजपा कार्यकारिणी प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में एक आदर्श और प्रभावशाली टीम बनकर उभरेगी।

भुट्टो ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को फिर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनका कार्यकाल जिला भाजपा के लिए प्रेरणादायक और सफल रहेगा। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार मनकोटिया सुमित वशिष्ठ मौजूद रहे।

## छात्र-एथलीटों के साथ संवाद का केंद्र बना बंगाणा महाविद्यालय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, बंगाणा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. सिकंदर नेगी ने की, जिन्होंने छात्र-खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की खेल उपलब्धियों और संसाधनों पर प्रकाश डाला। खेल विभाग के अरविंद रत्न ने खेल सुविधाओं की जानकारी दी, जबकि प्रो. कृष्ण चंद ने नियमों और आचार संहिता पर चर्चा की। डॉ. किरण ठाकुर ने चयन प्रक्रिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम में संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-एथलीटों ने अपने विचार और सुझाव रखे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को विकसित करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों से परिचित कराना था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



स्पोर्ट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बंगाणा कॉलेज के छात्र, साथ हैं अन्य।

**जानकारी** सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य : नरेंद्र

## ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले लाभार्थियों को नहीं मिलेगी पेंशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही वृद्धावस्था, अपंगता, विधवा एवं एकल नारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के सभी पात्र लाभार्थियों के लिए अब ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कल्याण भवन ऊना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नरेंद्र कुमार ने बताया कि पेंशन लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन कार्य विशेष रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा, क्योंकि उन्हें अपने क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों की गहन जानकारी होती है। इस कार्य के लिए राज्य सरकार द्वारा



आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 'ई-कल्याण' मोबाइल एप्लिकेशन उपलब्ध कराया गया है, जिसकी प्रक्रिया अगस्त 2025 से आरंभ की गई है। अब तक अधिकांश आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस ऐप पर अपना पंजीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि समाज के जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम वर्गों के सशक्तिकरण हेतु 'ई-कल्याण' पोर्टल की शुरुआत की गई है, जो 'हिम परिवार पोर्टल' के अंतर्गत विकसित किया गया है। यह पोर्टल लाभार्थियों के प्रमाणिक और पारदर्शी सत्यापन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी लाभार्थी की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती है, तो वह आगामी समय में पेंशन प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा, ऐसे में सभी लाभार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे शीघ्र ही अपनी स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करवाएं, साथ ही, आसपास के अन्य पात्र व्यक्तियों को भी इस प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें।

इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंदर कुमार तथा पर्यवेक्षक आशा, कुलवीर, नानकी, संतोष, कंचन, वीना, मीनू, नरेश सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## नवनियुक्त जिला सोशल मीडिया प्रभारी अर्चित ने शीर्ष भाजपा नेतृत्व का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा ऊना जिले की कार्यकारिणी गठित कर दी गई है, जिसमें जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के 10 मंडलों में से 65 लोगों को जगह मिली है। ऐसे में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की पंचायत झंबर के वार्ड पंच एवं युवा नेता अर्चित शर्मा पर भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक भुट्टो ने पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का विश्वास जताते हुए उनका नाम भाजपा शीर्ष नेतृत्व को जिला कार्यकारिणी में सहमति के लिए भेजा था, जिस पर प्रदेश वरिष्ठ नेताओं द्वारा गहन मंथन के बाद अर्चित शर्मा को जिला ऊना का सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।



नवनियुक्त सोशल मीडिया प्रभारी अर्चित शर्मा ने अपनी इस नियुक्ति का श्रेय भाजपा शीर्ष नेतृत्व को देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी ईमानदारी और कर्तव्य के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भाजपा से ऊपर किसी भी पार्टी के पास कोई विकल्प नहीं है, और केंद्र की मोदी सरकार के इन 11 वर्षों के कार्यकाल में भारतवर्ष पूरे विश्व के मानचित्र पर देखा जा सकता है। अर्चित शर्मा ने अपनी इस नियुक्ति का श्रेय भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सदर ऊना के विधायक सतपाल सत्ती, चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी पवन काजल, सह-प्रभारी संजीव कटवाल, चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, कुटलैहड़ के पूर्व विधायक भुट्टो, गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, हरोली भाजपा नेता प्रो. रामकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास, पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, भाजपा नेत्री संतोष सैनी आदि को दिया है। पार्टी के आदेशानुसार जल्द ही जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 10 मंडलों की कार्यकारिणी गठित कर ली जाएगी।

# आपदा के जख्मों पर एकजुटता की मरहमपट्टी

## मलाणावासियों ने आपदा की घड़ी में एकजुटता का दिया परिचय, रंग लाई मलाणावासियों की हिम्मत और कड़ी मेहनत

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कहते हैं कि यदि एकजुट होकर किसी कार्य को किया जाए, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है, फिर चाहे रास्ते में कितनी ही रुकावटें क्यों न हो।

इस बात को सही मायने में चरितार्थ किया पुरातन गांव मलाणा के बाशिंदों ने। पुरातन गांव मलाणा के लोगों ने इस बार भी आपदा की इस घड़ी में एकजुटता की मिसाल कायम करते हुए बिना सरकार व प्रशासन की मदद के आवाजाही के लिए करीब पांच दिनों में उफनते नाले पर लकड़ी का पुल बनाकर आपदा के जख्मों पर एकजुटता की मरहमपट्टी लगा दी है। मणिकर्ण घाटी के मलाणा नाले में पांच दिन पहले आई बाढ़ के कारण भारी नुकसान हुआ है। वहीं, मलाणा बांध को भी नुकसान हुआ है। साथ ही मलाणा गांव की ओर जाने वाला लकड़ी का पुल भी बह गया था। बीते वर्ष की भांति इस बार भी मलाणावासियों ने पुल बनाने के लिए सरकार की राह नहीं देखी एक बार फिर से खुद मिलकर लकड़ी का पुल बनाकर तैयार कर दिया। साल 2024 अगस्त माह में जब यहां बाढ़ आई थी, तो उस दौरान भी गांव का संपर्क कट गया था। ग्रामीणों ने एक साल पहले भी मिलकर लकड़ी का पुल तैयार किया था, लेकिन इस साल आई बाढ़ में वह भी पानी की चपेट में आ गया। ऐसे में ग्रामीण इस साल भी बिना सरकार और प्रशासन की मदद के मिलकर पुल निर्माण के कार्य में जुट गए हैं, ताकि गांव में आवागमन आसान हो सके। बीते साल से लोगों को पुल और सड़क न होने का खामियाजा महंगे दामों में राशन लेकर चुकाना पड़ रहा है। पिछले साल मलाणा में आई बाढ़ से बांध के पास सड़क पूरी तरह से टूट गई थी, जो अभी तक नहीं बनी। सड़क बनाने की जगह मलाणा बांध के पास एक झूला (तार स्पैन) तो लगा दिया गया था, लेकिन झूले के बाद गांव तक राशन पहुंचना भी किसी चुनौती से काम नहीं है। मलाणा गांव के लोगों को राशन खरीदने के लिए जरी पहुंचना पड़ता है, जहां से जीप के माध्यम से ये राशन पहले मलाणा बांध तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद तार स्पैन से उसे दूसरी तरफ ले जाया जाता है और मजदूरों की सहायता से फिर उसे गांव पहुंचाया जाता है। ऐसे में 500 रुपए की चीज को गांव तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को 1500 रुपए तक किराया अदा करना पड़ रहा है। लिहाजा, मलाणावासियों की हिम्मत और कड़ी मेहनत रंग लाई है और नदी पर अस्थायी पुल बनकर तैयार हो गया है।



पुरातन गांव मलाणा के लोगों ने उफनती नदी पर बनाया लकड़ी का अस्थायी पुल।

"सड़क न होने के कारण एक साल से दिक्कतें झेल रहे हैं। सारा राशन मजदूरों के द्वारा पैदल लाया जा रहा है। इस साल फिर से यहां पर लकड़ी का पुल बह गया था, जिसे बनाकर तैयार कर दिया है, ताकि लोगों को जरी जाने में आसानी हो सके। इसके अलावा सड़क न होने से बहुत दिक्कत हो रही है। एक साल से सड़क बंद होने से 150 के करीब गाड़ियां वहीं, फंसी हुई हैं। राशन गांव तक पहुंचाना महंगा पड़ रहा है। खासकर मरीजों को परेशानी आ रही है। सरकार व प्रशासन से अपील है कि इस समस्या का शीघ्र कोई समाधान निकालें।

**रामजी ठाकुर, उपप्रधान मलाणा।**

### लकड़ी के स्लीपर जोड़कर बनाया पुल

**इस** बार भी बाढ़ से हुए नुकसान से जब मलाणा का पूरे विश्व से संपर्क कट गया, तो ऐसी स्थिति में सभी ग्रामीणों ने मिलकर इस बार भी पुल बनाने का फैसला लिया। ग्रामीणों ने बड़े-बड़े लकड़ी के स्लीपर को खींचकर नाले तक पहुंचाया। सभी ग्रामीणों ने मिलकर काम किया और अब नाले के ऊपर पुल बना दिया गया है। हालांकि, सड़क न होने के चलते अभी भी लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आपातकाल की स्थिति में लोग इस लकड़ी के पुल को पार कर जरी पहुंच सकते हैं।

### किसी ने नहीं सुनी पुकार, तो खुद बनाया पुल

**ग्रामीणों** ने समस्या के समाधान के लिए इस बार सरकार व प्रशासन से गुहार लगाने की जगह आवागमन के लिए खुद ही राह आसान करने की ठानी और कर दिखाया। ग्रामीणों के अनुसार अभी तक एक साल पहले आपदा से हुए नुकसान के जख्म तक नहीं भरे हैं। सरकार व प्रशासन के पास एक साल से राहत देने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई राहत नहीं मिल रही।

# पर्यटन कारोबारियों के साथ बागवानों पर भारी पड़ रही बारिश

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

मनाली। मनाली में पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश ने पर्यटन उद्योग के साथ-साथ बागवानी पर भी गहरा असर डाला है। लगातार हो रही वर्षा के कारण बागवान समय पर सेब का तुड़ान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल पेड़ों पर ही खराब होने लगी है।



सड़कों के अवरुद्ध होने से सेब को समय पर मंडियों तक नहीं पहुंचाया जा रहा है, जिससे फल काला पड़ने लगा है और उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। सेब कुल्लू और मनाली क्षेत्र की प्रमुख नकदी फसल है और हजारों परिवारों की आर्थिकी इसी पर निर्भर करती है। आमतौर पर अगस्त महीने में सेब सीजन की शुरुआत हो जाती है, लेकिन इस साल मौसम की मार ने पूरे शेड्यूल को बाधित कर दिया है। नेशनल हाईवे और मनाली-चंडीगढ़ मार्ग पर भू-स्खलन की घटनाओं के कारण परिवहन व्यवस्था ठप हो गई है। इसका असर सीधे सेब के बाजार पर पड़ा है, जहां न तो दाम बढ़ रहे हैं और न ही समय पर उत्पाद पहुंच पा रहे हैं। बागवान राम सिंह, राजेंद्र, रोहित राम और प्रेम लाल ने बताया कि बारिश लगातार बनी रहने से न केवल तुड़ान रुका है, बल्कि पेड़ों पर दवाइयों का छिड़काव भी नहीं हो पा रहा है। इससे रोगों और फफूंद का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने चिंता जताई कि अगर मौसम यूं ही खराब रहा, तो सेब का उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे, जिससे आर्थिक नुकसान होना तय है। बागवानी विभाग के उपनिदेशक रामनाथ ने बागवानों से अपील की है कि वे विभाग द्वारा सुझाए गए निर्देशों का पालन करें और जहां संभव हो, वहां समय पर दवाइयों का छिड़काव करें, ताकि फसल को रोगों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग की टीम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और बागवानों को हरसंभव तकनीकी सहायता दी जा रही है। परिवहन बाधित रहने और मौसम खराब होने की स्थिति में सरकार से राहत पैकेज की मांग भी उठने लगी है।

# विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का किया भौतिक सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने जनसाधारण को सूचित किया कि भारत निर्वाचन आयोग व निर्देशानुसार 2-मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पड़ने वाले जिला कुल्लू के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 22-मनाली, 23-कुल्लू, 24-बंजार तथा 25 आनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की देखरेख में 21-07-2025 से 5-08-2025 तक किया गया।

भौतिक सत्यापन के दौरान विद्यमान मतदान केंद्रों के भवनों का निरीक्षण किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि भवन मतदान के लिए उपयुक्त है या नहीं तथा सभी मूलभूत सुविधाएं भी जांची गईं। अत: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 में दिए गए प्रावधानों के अनुसरण में मतदान केंद्रों की सूचियां आज प्रारूप में प्रकाशित की जाएंगी, जो कि आगामी 13 तक जिला निर्वाचन कार्यालय तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (उपमंडल अधिकारी/समस्त तहसीलों व उपतहसीलों के कार्यालयों में जनसाधारण के निशुल्क निरीक्षणार्थ उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान उपरोक्त सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट http://ceohimachal.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं। जिले के समस्त जागरूक नागरिकों से यह आह्वान किया कि यदि वे मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में कोई आपत्ति/परामर्श प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो वे अपना अभ्यावेदन दिनांक आज से 13 के मध्य जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त), तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों उपमंडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# भूस्खलन से 3 दिन से निथर-ढमाह सड़क बंद

**अनंत ज्ञान, आनी**

निरमंड मंडल के तहत निथर से ढमाह सड़क मार्ग पिछले तीन दिनों से भूस्खलन के कारण बंद पड़ा है। यह भूस्खलन निथर से करीब चार किलोमीटर दूर क्योरी नामक स्थान पर हुआ, जहां पहाड़ी से भारी मलबा और विशाल चट्टानें सड़क पर आ गिरीं।

इसके चलते निथर उपतहसील के ढमाह, क्योरी, तांदी, कुठेढ, गरशाई व आसपास के गांवों के सेब उत्पादकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों सेब सीजन चरम पर होने के कारण बागवानों ने अपने बागीचों से तुड़ान कर सैकड़ों पेटियां भर रखी हैं, जिन्हें मंडियों तक भेजना था। सड़क बंद होने से यह सेब अब सड़ने की कगार पर पहुंच गए हैं। बागवानों का कहना है कि बुधवार सुबह उन्होंने पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता से संपर्क किया, जहां से आश्वासन मिला था



सड़क पर भूस्खलन होने से पीठ पर सेब की पेटी ढोकर गाड़ी तक पहुंचाते हुए।

कि दोपहर तक मशीनरी भेजकर शाम तक मार्ग खोल दिया जाएगा, लेकिन देर शाम तक विभाग की मशीनरी मौके पर नहीं पहुंची। मजबूरन बागवानों को अपना सेब बचाने के लिए अतिरिक्त मजदूरी देकर एक वाहन से दूसरे वाहन में माल उतारकर सेब मंडियों तक पहुंचाना पड़ा। इससे उनकी लागत भी बढ़ गई और समय की बर्बादी अलग हुई। बागवानों ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सड़क को जल्द बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि सड़क पर गिरी बड़ी-बड़ी चट्टानों को हटाने के लिए ब्लास्टिंग करनी पड़ेगी। इसके लिए कंप्रेशर मंगवाया गया है और जल्द ही बहाली कार्य शुरू कर सड़क यातायात के लिए खोल दी जाएगी।

# नीलेश गौतम बने कुल्लू जिला भाजपा के सह-सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### महामंत्री बने नवल नेगी

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने जिला कुल्लू में कार्यकारिणी का गठन किया है। भाजपा द्वारा नीलेश गौतम को जिला सह-सचिव चुना गया है।



जिले से सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर नीलेश गौतम ने प्रदेश भाजपा संगठन व जिलाध्यक्ष अमित सूद का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वे उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। इसके अलावा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी जगरनाथ, ठाकुर चंद, अमर सिंह ठाकुर, योगेश वर्मा, बलदेव राज महंत, अनिता ठाकुर व अमर ठाकुर को सौंपी गई, जबकि महामंत्री नवल नेगी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बोद्ध, नयना शर्मा, माला ठाकुर, चमेलू देवी, दुर्गा सिंह ठाकुर व प्रकाश चौधरी को सचिव चुना गया।

वहीं, कार्यालय सचिव जयसिंह ठाकुर, कार्यालय सहसचिव नरेश नीलमणी चौहान, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार, विनोद कुमार कायस्था प्रवक्ता, मंजरी नेगी व रविंद्र पॉल प्रवक्ता, आईटी संयोजक, दुर्गा सिंह आईटी सहसंयोजक, चमन ठाकुर, सोशल मीडिया संयोजक मधुसूदन शर्मा, रूचिन चौहान को सोशल मीडिया सहसंयोजक चुना गया, जबकि गोवर्धन नारायण, शेर सिंह, जिंदू ठाकुर, शिव चंद, शिव राम, रेशमा ठाकुर, प्रताप पठानिया व अनोख राम महंत को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

# मार्केट में धमाल मचाएगी आशिकी डीजे नॉनस्टॉप वीडियो एलबम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आशिकी डीजे नॉनस्टॉप वीडियो एलबम, मार्केट में धमाल मचाने वाली है। प्रसिद्ध व पारंपरिक लोक गायिका पिंकी भंडारी की यह बेहतरीन प्रस्तुती होगी। आशिकी की शूटिंग कुल्लू-मनाली की हसीन वादियों में हुई है। गायिका पिंकी भंडारी ने अपने स्वयं लिखित व स्वयं गाए हुए गीतों को डीजे एलबम में पिरोया है और यह एलबम पहाड़ी नाटी में भी कमाल करने बाली है। प्रभु नेगी ने इस एलबम में म्यूजिक दिया है, जबकि शौना गौतम, दिव्यकशी, अक्षय कुमार, पंकज ठाकुर व शिवांश ने इस एलबम में अभिनय किया है। आज बुधवार रात को पीकिंस फोक मैलोडिज यू-ट्यूब आईडी में यह एलबम अपलोड होगी। पिंकी भंडारी ने सभी दर्शकों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा इस एलबम को शेयर व लाइक करें।

## न्यूज ब्रीफ

### आनी में 11 को रोगी कल्याण समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, आनी।** सिविल अस्पताल आनी की रोगी कल्याण समिति की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक बैठक 11 अगस्त को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक पुराने अस्पताल भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी आनी व समिति के अध्यक्ष करेंगे, जबकि आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सदस्य सचिव, रोगी कल्याण समिति, सिविल अस्पताल आनी ने सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि और समय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया।

### निथर-बागीपुल-निरमंड सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड उपमंडल की रहाणू पंचायत के नौणी नाले में बुधवार तड़के अचानक आई बाढ़ ने निथर-बागीपुल-निरमंड सड़क मार्ग उरटू के पास बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। रात करीब एक बजे आई इस बाढ़ से उरटू में लगभग 200 मीटर सड़क जगह-जगह ध्वस्त हो गई। इससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सड़क मार्ग बंद होने से नित्थर उपतहसील के कई गांवों का संपर्क उपमंडल मुख्यालय निरमंड से कट गया। स्थानीय लोगों को अब रोजमर्रा की जरूरतों और अन्य कार्यों के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग, निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि सड़क मार्ग को बहाल करने के लिए कार्य जारी है और यदि मौसम अनुकूल रहा, तो शनिवार तक आवागमन सुचारु कर दिया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों ने विभाग से जल्द मरम्मत कार्य पूर्ण करने की मांग की है, ताकि उन्हें आ रही कठिनाइयों से राहत मिल सके।

# विदेशी शिक्षकों ने छेड़ा स्वच्छता अभियान, मैदानों की सफाई की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



विदेशी शिक्षक जहां कुल्लू के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को शिक्षित कर रहे हैं वहीं, अब इन शिक्षकों ने स्वच्छता की मुहिम छेड़ी है।

इसी कड़ी में बुधवार को जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के कैटल ग्राउंड और कलाकेंद्र के आसपास वालंटियर विदेशी शिक्षकों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। यह विदेशी शिक्षक इन दिनों अंतरराष्ट्रीय भाषा कार्यक्रम के तहत यहां आए हुए हैं और विभिन्न स्कूलों में छात्रों को भी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में इन दिनों जिला कुल्लू के स्कूलों में छुट्टियों का दौर चल रहा है, तो उन्होंने कुल्लू शहर में सफाई अभियान चलाने का प्रण लिया। इस बारे उन्होंने नगर परिषद कुल्लू के मनोनीत पार्षद वीरेंद्र शर्मा से संपर्क किया और बुधवार को ढालपुर के पशु मैदान अस्पताल और फूड कोर्ट के समीप सफाई अभियान चलाया।

नप कुल्लू के मनोनीत पार्षद वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि कुल्लू शहर में बीते दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते यहां कूड़े की समस्या भी बढ़ी हुई है। ऐसे में इन सभी वालंटियर शिक्षकों के द्वारा सफाई अभियान चलाने की बात कही गई और नगर परिषद कुल्लू के साथ मिलकर इस अभियान को चलाया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी कुल्लू शहर के विभिन्न इलाकों में मिलकर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# कास्ता गांव का पुल बहा, ग्रामीणों को झूले से पार करनी पड़ रही नदी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम गांव कास्ता के लिए बना एकमात्र पुल भारी बारिश के चलते बह गया। नदी का जलस्तर रात को अचानक बढ़ने के कारण यह हादसा हुआ। इससे गांव का मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। पुल के बहने के बाद ग्रामीणों की आवाजाही ठप हो गई है, अब गांव के लोग जान जोखिम में डालकर एक अस्थायी झूले के सहारे नदी पार कर रहे हैं। गांव के निवासी शेरू, मोहन लाल और प्रेम सिंह ने बताया कि इस स्थिति में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि जल्द से जल्द एक वैकल्पिक पुल की व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो सकें और आपातकालीन स्थिति में गांव तक पहुंचना आसान हो सके।

# नौतोड़ भूमि बहाली की मांग को लेकर ट्राइबल काउंसिल ने राज्यपाल से की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों के ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल सदस्यों ने नौतोड़ भूमि को बहाल करने की मांग को लेकर राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट राजभवन शिमला में हुई।

जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल मिला। वहीं, लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रही। विधायक ने बताया कि इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इसमें वन संरक्षण अधिनियम 1980 को निरस्त कर नोतोड़ भूमि की पारंपरिक स्वामित्व प्रणाली की बहाली की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यह जनजातीय समुदायों की संस्कृति, आजीविका और परंपरागत अधिकारों से जुड़ा विषय है। नेगी ने कहा कि सरकार आदिवासी समुदायों के हक और अधिकारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नौतोड़ प्रणाली का पुनरुद्धार जनजातीय क्षेत्रों में विकास, कृषि और पारंपरिक जीवनशैली की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। विधायक अनुराधा ने कहा कि लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम और जनजातीय क्षेत्र के लिए नौतोड़ प्रणाली आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता की रीढ़ रही है। विधायक ने बताया कि राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों के साथ इस मुद्दे पर विचार कर उचित दिशा में कार्रवाई की जाएगी। जनजातीय समुदायों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा सरकार की संविधानिक जिम्मेदारी है। यह मुलाकात जनजातीय क्षेत्रों की आवाज को राज्य स्तर पर मजबूती से रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अब देखना होगा कि नोतोड़ भूमि बहाली को लेकर महामहिम राज्यपाल अगला क्या कदम उठाते हैं।



ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल के सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल को ज्ञापन देता हुआ।

# एलएमएस स्कूल कलैहली में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

कुल्लू के एलएमएस स्कूल कलैहली में दो दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 और अंडर-13 आयु वर्ग के लगभग 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन के उद्घाटन समारोह में भुंतर के खंड विकास अधिकारी गौरव धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास के लिए भी बहुत आवश्यक हैं। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष अरुण कंबोज ने कहा कि यह प्रतियोगिता शतरंज के उभरते सितारों के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में विजयी होने वाले खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कुल्लू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह शतरंज खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर दिखाने का एक शानदार मौका है। प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश शतरंज संघ के सौजन्य से कुल्लू जिला शतरंज संघ द्वारा एलएमएस स्कूल कलेहली में किया जा रहा है।

कुल्लू जिला शतरंज संघ के सचिव समीरू ठाकुर ने बताया कि यहां सभी खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, ताकि जिले से अधिक से अधिक युवा शतरंज के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। यह जिला स्तरीय टूर्नामेंट कुल्लू में शतरंज के खेल को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी खिलाड़ियों और आयोजकों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है। इस मौके पर ग्राम पंचायत कलेहली की प्रधान फूला देवी विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कंबोज, कुल्लू जिला शतरंज संघ के सचिव समीरु ठाकुर, सहसचिव चमन ठाकुर, राजेश, टीनू तथा अक्षय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**आयोजन** पर्यावरण अनुकूल व शून्य अपशिष्ट जनजातीय मेला के तहत किया पौधरोपण

# जैव-विविधता को बढ़ावा देने के लिए लगाए सैकड़ों पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन व वन विभाग के समन्वय से जनजातीय मेला 2025 को पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ठ के साथ मनाने के लिए एक भव्य पौधरोपण अभियान का आयोजन किया।

यह आयोजन जिला मुख्यालय केलांग के समीप बिलिंग गांव में आयोजित किया गया। इसमें जिले के सभी प्रमुख प्रशासनिक और सरकारी अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डीसी लाहौल-स्पीति किरण भडाना, उपमंडल अधिकारी आकांशा शर्मा, सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना, वनमंडल अधिकारी अनिकेत वानवे सहित जिला मुख्यालय में तैनात सभी कार्यालयों के प्रमुखों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह पौधरोपण अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास था, बल्कि जनजातीय मेला को पर्यावरण अनुकूल और शून्य



पौधरोपण अभियान के दौरान डीसी सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग।

अपशिष्ठ आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी था। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना है साथ ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना है।

पौधरोपण के माध्यम से आयोजन ने हिमाचल प्रदेश के इस सुदूर जनजातीय क्षेत्र में हरित भविष्य की नींव रखने का संकल्प लिया। डीसी ने इस अवसर पर कहा, लाहौल-स्पीति जैसे संवेदनशील पारिस्थितिकी क्षेत्र में पौधरोपण न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरित विरासत छोड़ने का भी तरीका है। जनजातीय मेला को शून्य कचरा आधारित बनाकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी सांस्कृतिक गतिविधियां पर्यावरण के लिए बोझ न बनें। वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे ने बताया कि इस अभियान के तहत स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल प्रजातियों के पेड़ लगाए गए हैं, जो क्षेत्र की जैव-विविधता को बढ़ाने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल पेड़ लगाना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि ये पेड़ भविष्य में फलें-फूलें और क्षेत्र की पारिस्थितिकी को मजबूत करें। अकांक्षा और सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामुदायिक भागीदारी और प्रशासनिक सहयोग से इस तरह के आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों में एकता और जागरूकता का संदेश भी प्रसारित करते हैं। इस अभियान में जिला मुख्यालय केलांग में तैनात सभी कार्यालयों के प्रमुखों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आयोजन के दौरान स्थानीय समुदाय के लोगों को भी पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

# ढालपुर मैदान में मनाया जाएगा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में 15 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस समारोह की तैयारी शुरू कर दी है।

डीसी तोरूल एस रवीश ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में भव्य मार्च पास्ट के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में हिमाचल प्रदेश पुलिस के अलावा भारत तिब्बत सीमा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स तथा रोवर्स और रेंजर्स के टुकड़ियां भी भव्य परेड में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, विभिन्न शिक्षण संस्थानों और अन्य संस्थाओं के कलाकार देश भक्ति के कार्यक्रम, लोक नृत्य प्रस्तुत करके जनसमूह का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को जिला स्तरीय समारोह के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध होने चाहिए तथा मुख्य मंच के अलावा दर्शकों को बैठने के लिए तथा मीडिया के लिए भी उचित व्यवस्था को सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक उपायुक्त जयवंती ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मानकपुर पुल गिरा, कई गांवों का संपर्क टूटा



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र मानपुरा के तहत डाबर चौक मानकपुर स्थित पुल गिरने से मानपुरा दबनी, ढेला, ठाना, कोंडी का संपर्क कट गया। वर्धमान से मानपुरा जाने के लिए यह पुल अहम कड़ी था क्योंकि एनएच की खस्ता हालत ओर जाम की स्थिति होने के चलते अकसर वर्धमान से वाया मानकपुर मानपुरा जाने के लिए यह रास्ता लाइफ लाइन था। एनएच के जाम से बचने के लिए बीते कुछ दिनों से इस रास्ते का अत्यधिक प्रयोग हो रहा था। वहीं, अब मानपुरा से औद्योगिक क्षेत्र दबनी का संपर्क टूटने से इंड्रस्टी को खासी दिक्कत होगी। मानकपुर पुल टूटने से पूरा दिन बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही।

### वीपी जसरा बने वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी फेस-2 सोलन के जनरल हाउस में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही बीते वार्षिक सभी विवरण प्रस्तुत किए, जो सर्वसम्मति से पारित हुए। नई कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मति से इंजीनियर एनके जिंदल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव में वीपी जसरा अध्यक्ष और एसके गुलाटी को महासचिव चुना गया, जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. बीके भारद्वाज, रंजन महाजन, कुमारी सुमति नेगी, कंचन शर्मा, आशीष देव, डॉ. घनश्याम अग्रवाल, विनोद ठाकुर, रविश कुमार, राजेश कुमार, भोपाल चौहान शामिल किए गए। वहीं, सर्वसम्मति से बीरबल विज को वरिष्ठ उपप्रधान, एसके गुप्ता को उपप्रधान, अशोक कुमार गुप्ता को सहसचिव, यशपाल मदान को संगठन सचिव विजयी घोषित किया गया। आम सभा में कॉलोनी की ज्वलंत समस्यायों पर चिन्तन किया गया और इसके निराकरण के लिए प्रस्ताव पारित कर रुपरेखा बनाई गई।

### 10 से चलाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी पूरे हिमाचल में 10 से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता हर घर में तिरंगा झंडा पहुंचाएगे, जिसे स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर पर लगाने की अपील की जाएगी। यह जानकारी नाहन में मीडिया से बात करते हुए पार्टी के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने दी।

### स्वास्थ्य शिविर में कामगारों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर की ग्राम पंचायत कटाह शीतला में भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड सिरमौर, द्वारा बोर्ड में पंजीकृत कामगारों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। श्रम कल्याण अधिकारी परितोष तोमर ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में कामगारों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से डॉ. रजत गर्ग, डॉ. कामया गुप्ता, डॉ. सुनील, स्वास्थ्य शिक्षक कृष्ण राठौर, आशा वर्कर, एनजीओ के सदस्यों ने भाग लिया। परितोष तोमर ने इस चिकित्सा शिविर के आयोजन में सहयोग देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिरमौर, डॉ. अमिताभ जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी, धगेड़ा, डॉ. मोनिशा अग्रवाल तथा प्रधान ग्राम पंचायत कटाह शीतला, लक्ष्मी देवी का आभार व्यक्त किया।

### नदी ने रुख बदला, मकान में घुसा पानी, बाइक बही

**अनंत ज्ञान, बरोटीवाला।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में भारी बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। सूरजपुर पंचायत के तहत गांव माजरी में नरेश कुमार पुत्र सीता राम के घर में नदी का पानी घुस गया। नरेश कुमार ने बताया कि तड़के करीबन साढ़े चार बजे तेज बारिश के चलते नदी में पानी का बहाव तेज होने के बाद नदी ने अपना रुख बदलते हुए सड़क को तोड़ दिया और सारा पानी उसके घर में घुस गया। इससे घर में खड़ा मोटरसाईकल भी बह गया। घर का गेट-दीवारें भी बह गईं और घर में मकान के अंदर पानी घुसने से मकान को भी खतरा पैदा हो गया। वहीं, माजरी और धौलर को जाने वाला संपर्क खत्म हो गया, जो लोगों के लिए परेशानी बन गया।

### नशा जागरण अभियान के बारे में बताया

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति ने सांस्कृतिक श्रृंखला में रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर नशा निवारण जागरूकता अभियान छेड़ा है। इस अभियान के तहत बुधवार को महिला पॉलिटेक्निक कंडाघाट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने की। समिति के राज्य संसाधन केंद्र से स्त्रोत व्यक्ति सत्यवान पुंडीर, सीताराम ठाकुर, उर्मिल ठाकुर ने प्रतिभागी छात्राओं को रक्षबंधन के मौके पर नशा जागरण अभियान बारे बताया। उन्होंने कहा कि आज नशे ने कई बहनों से उनके भाइयों की कलाई छीन ली, कई माताओं से बेटे और कई पत्नियों के सुहाग छीन लिए इसलिए इस रक्षाबंधन को बहने भाई से उपहार स्वरूप एक वचन मांगे। वह वचन है व-वादा करो कि मेरी आंखे कभी नम न हो। च-चलो ऐसी राह पर कि कहीं कोई गुम न हो। न-नशे के कारण भाई के घर कभी मातम न हो। इस प्रेरणादायक वचन को लेने के लिए सभी छात्राओं से शपथ दिलाई गई।

### गीतांजलि मिस, मयंक बने मिस्टर फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में फ्रेशर पार्टी नवागमन आयोजित की गई। इसमें बतौर मुख्यतिथि प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने शिरकत की। प्रथम वर्ष के नवागंतुकों का स्वागत द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन से हुई। इशिता और तनिषा ने मंच संचालक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश की गईं। बीए प्रथम वर्ष से गीतांजलि को मिस फ्रेशर व बी कॉम प्रथम वर्ष से मिस्टर फ्रेशर मयंक गुप्ता बने। इसके अलावा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को बेस्ट अटायर, बेस्ट पर्सनेलिटी व डांसिंग क्वीन जैसे टाइटल दिए गए। प्राचार्या ने मिस फ्रेशर को क्राउन व मिस्टर फ्रेशर को ब्रोच पहनाकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी फ्रेशर्स को गिफ्ट देकर प्राचार्या ने सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने नवागंतुकों का स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों को अनुशासन और ईमानदारी से जीवन जीने का भी प्राचार्या ने संदेश दिया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

### युवाओं को मानव सेवा के लिए तैयार कर रही रेडक्रॉस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस तथा जिला रेड क्रॉस शाखा सोलन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुग्गाघाट में जूनियर रेडक्रॉस क्लब के कार्य को बढ़ाने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुग्गाघाट के प्रधानाचार्य मीना वर्मा ने की। मीना वर्मा ने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य छात्रों में मानवीय मूल्यों, सेवा भावना और प्राथमिक चिकित्सा जैसे कौशल विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का ही एक अंग है और इसका उद्देश्य युवाओं को भविष्य में मानव जाति के कल्याण और विश्व शांति में योगदान के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को इस दिशा में प्रेरित कर उन्हें भविष्य का बेहतर व उत्तरदायी नागरिक बनाया जा सकता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट पैटर्न लेखराज कौशिक, राज्य समन्वयक वीरेंद्र सिंह बिष्ट, सक्रिय कार्यकर्ता प्रेम सिंह ने छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य व सेवा से संबंधित जानकारी प्रदान की। गृह रक्षा के कंपनी कमांडर दिलीप कुमार, प्लाटून कमांडर रमा गिल, अनीता देवी, गृह रक्षा जवान दीपक तथा भीम सिंह ने छात्रों को आपातकालीन बचाव विधियों के बारे में जागरूक किया। व्यावसायिक अध्यापक संदीप शर्मा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में जूनियर रेडक्रॉस क्लब की नोडल शिक्षक ईशा, उपप्रधानाचार्य, अध्यापक व लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# बारिश से एनएच-5 के चक्की मोड़ पर आया मलबा, दो घंटे बंद रहा हाईवे

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** समूचे क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से एक बार फिर से नेशनल हाईवे-5 के चक्की मोड़ पर बुधवार सुबह पहाड़ी से सड़क पर मलबा आ गया। इससे हाईवे करीब दो घंटे बंद रहा। सड़क बंद होने से दोनों तरह वाहनों की कतारें लगी रही पर सड़क मेंटेनेंस का जिम्मा संभाल रही कंपनी की तत्परता से मौके पर मशीनों की मदद से मलबा हटाया गया। इसके करीब दो घंटे बाद नेशनल हाईवे को सिंगल लेन से बहाल किया गया। वाहनों को सुचारू रूप से भेजने के लिए मौके पर पुलिस तैनात है। नेशनल हाईवे पर सलोगड़ा और अन्य जगहों पर छुटपुट लैंडस्लाइड होने से कुछ देर के लिए सड़क बंद रही। वहीं, वैकल्पिक मार्ग भोजनगर-चक्की मोड़ में लैंड स्लाइड आने से बंद है। इसी तरह सोलन-अर्की रोड भी सुबह के समय बंद रहा। हालांकि, दिन में बारिश रुकने के बाद संबंधित विभाग ने बंद सड़क मार्ग को बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि चक्की मोड़ पर सिंगल लेन से वाहनों की आवाजाही हो रही है। यातायात को सुचारु करने के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात है।



समूचे क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर आए मलबे को हटाते रेलवे कर्मचारी।

### रेल ट्रैक पर आया मलबा

**बारिश** के चलते विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल मार्ग एक बार फिर बाधित हो गया। बुधवार को पहाड़ों से गिरे मलबे के कारण इस रेल मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ। इससे ट्रैक अवरुद्ध हो गया। परिणामस्वरूप, कालका से शिमला जाने वाली तीन टॉय ट्रेनें रद्द कर दी गईं। सबसे ज्यादा असर शिवालिक एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 52451) पर पड़ा, जो सुबह 5:45 बजे कालका से रवाना होती है। यह ट्रेन टकसाल स्टेशन पर फंसी रही क्योंकि स्टेशन से कुछ ही दूरी पर पहाड़ का भारी मलबा ट्रैक पर आ गिरा। घंटों इंतजार के बाद जब ट्रैक क्लीयर नहीं हो पाया, तो ट्रेन को वापस कालका भेज दिया गया। रेलवे कर्मचारियों ने पूरे दिन ट्रैक को साफ करने के प्रयास जारी रखे। जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण कई जगहों पर मलबा गिरने से ट्रैक बाधित हो गया है, जिससे सामान्य रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केवल दो टॉय ट्रेनों को ही कालका से शिमला के लिए रवाना किया गया। इनमें मेल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 52457), जो सुबह 3:30 बजे रवाना होती है और ट्रेन संख्या 52455, जो 11:55 बजे चलती है, शामिल हैं। वहीं, शिमला से कालका के लिए भी दो ट्रेनों का ही संचालन किया गया। रेलवे प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और ट्रैक को जल्द सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

## बेहतर व नवीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा लोगों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयास सफल हो रहे हैं।

डॉ. शांडिल सोलन के परवाणू स्थित ईएसआई अस्पताल का निरीक्षण करने के उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य से अनौपचारिक विचार-विमर्श कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने तदोपरांत सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन बहुउद्देश्य अस्पताल, तृतीय स्तरीय ट्रांमा केंद्र तथा मातृ व शिशु शाखा का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश में लोगों की स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईएसआई अस्पताल परवाणू में हिमाचल के साथ-साथ यहां कार्य करने वाले श्रमिक व अन्य राज्य के श्रमिक भी उपचार करने आते हैं। इस अस्पताल में सभी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ईएसआई परवाणू में रोगियों के लिए लिफ्ट स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अस्पताल में नर्सिंग, डेंटल व अन्य रिक्त पदों को जल्द भरने का आश्वासन दिया।



ईएसआई परवाणू पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल रोगियों का कुशलक्षेम जानते हुए।

## स्वदेशी जागरण मंच ने प्रधानमंत्री के स्वदेशी के आह्वान का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वदेशी जागरण मंच ने बैठक का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी के आह्वान का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है।

मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है। वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में, जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है, अमेरिका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है, कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। स्वदेशी जागरण मंच देश के प्रत्येक नागरिक से स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलंबन अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान करता है।

इसका एकमात्र उद्देश्य हमारे भारत को फिर से महान बनाना है। प्रधानमंत्री ने भारतीयों द्वारा विदेशी विवाहों से परहेज करने का उदाहरण दिया है। स्वदेशी जागरण मंच का मानना है कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने के और भी कई उपाय हो सकते हैं।

## विवाहित महिला कृष्णा लापता परिजनों में चिंता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के शिलाई से विवाहित कृष्णा नामक महिला लापता हुई है। इसके मायके कुफ्फटी में हैं, जबकि विवाह बड़यार में हुआ था। पिता इंद्र सिंह बोले कि तुरंत घर आ जा बेटी, अब ज्यादा मत तड़पा। बेटी के गायब होने से माता-पिता दोनों परेशान हैं। पति ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि उसकी पत्नी को तलाशने में सहयोग करें। पिता का कहना है कि बेटी की उम्र 21 वर्ष है और करीब ढाई साल पहले ही शादी हुई है। अभी तक कोई संतान नहीं हुई है, अगर किसी को भी यह महिला कहीं नजर आए, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस संबंध में किसी को कोई भी सूचना मिले तो लापता महिला के पिता इंद्र सिंह के मोबाइल नंबर 9805694341 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कोर्ट ने पांवटा में सड़क के बीच लगे बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर का मांगा जवाब

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पावंटा साहिब।** हिमाचल हाईकोर्ट ने सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में सड़क के बीच मौजूद बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर के कारण बने खतरे का संज्ञान लिया है।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सख्त निर्देश दिए कि बिजली बोर्ड और राज्य सरकार पूरे प्रदेश में सड़कों के बीच खड़े बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों की संख्या और स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने इस मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए जल्द पूरी जानकारी मांगी है। इस जनहित याचिका की अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी। दरअसल यह मामला पांवटा साहिब के बद्रीपुर से पुरुवाला तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना से जुड़ा है। सड़क को चौड़ा तो कर दिया गया, लेकिन इसके बीच खड़े बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों को स्थानांतरित नहीं किया गया।



**युवक की बाइक खंभे से टकराने से हुई थी मौत**

इस लापरवाही के चलते एक रात को युवक की बाइक इन खंभों से टकरा गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना एक पत्र के माध्यम से कोर्ट के संज्ञान में आई, जिसे कोर्ट ने जनहित याचिका में बदलकर सुनवाई शुरू की। हाईकोर्ट के इस हस्तक्षेप से अब पूरे हिमाचल में सड़कों पर खड़े बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों की जांच और उनके स्थानांतरण की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसी लापरवाहियों को अब बख्शा नहीं जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। इस फैसले से आम लोगों की सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक संदेश गया है। साथ ही जिम्मेदारों को जवाब देना होगा। इससे लोगों की सुरक्षा बढ़ेगी।

### भारतीय जनता पार्टी जिला सिरमौर ने गठित की नई कार्यकारिणी

## तपेंद्र चंद शर्मा और रणवीर ठाकुर बने महामंत्री

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिरमौर की बैठक जिला मुख्यालय नाहन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा की देखरेख में आयोजित की गई।

इसमें जिला सिरमौर की भाजपा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें 66 सदस्यीय भाजपा की टीम की घोषणा की गई। भाजपा के जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इस कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, जबकि एक कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला स्तरीय कमेटी में छह सचिव, एक कार्यालय सचिव, एक मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता, आईटी संयोजक, आईटी सहसंयोजक, सोशल मीडिया संयोजक और सोशल मीडिया से संयोजक घोषित किए गए हैं, जबकि 44 कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए हैं। जिला अध्यक्ष द्वारा घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, सुलेखा देवी, अनिल सैनी, सतीश शर्मा, सुनील शर्मा, जयराम को बनाया गया। तपेंद्र चंद शर्मा और रणवीर ठाकुर को महामंत्री बनाया गया। प्रदीप विज को कोषाध्यक्ष, नीति अग्रवाल, विद्यानंद, सीता तोमर, ज्ञान शर्मा, द्रौपदी शर्मा और ललिता शर्मा को सचिव बनाया गया।



जिला सिरमौर भारतीय जनता पार्टी की नई कार्यकारिणी में चुने हुए सदस्य।

शिव कुमार को कार्यालय सचिव, राकेश गर्ग को मीडिया प्रभारी, प्रीत मोहन शर्मा को प्रवक्ता, विकेश तोमर को आईटी संयोजक, कमल नागवान को सह आईटी संयोजक, बीरु ठाकुर को सोशल मीडिया संयोजक और जयपाल ठाकुर को सोशल मीडिया सहसंयोजक बनाया गया। इसके अलावा 40 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। इनमें पुष्पा चौधरी, माया देवी, जय प्रकाश, लक्ष्मी देवी, शकुंतला ठाकुर, प्रेम पाल ठाकुर, बलवीर धीमान, शिक्षा देवी, रछपाल सिंह, पंकज पुरी, जगन्नाथ, बबीता प्रभार, कमला देवी, कठी राम, सुभाष चौधरी, सुनीता देवी, राजेंद्र नेगी, गंगाराम सिंगटा, सुरेंद्र नेगी, चंद्रकला, सूरत सिंह चौहान, पूर्ण ठाकुर राजपूत, हृदय राम, नीता देवी, आशा तोमर, सुमित्रा धीमान, देवेंद्र सिंह, उजागर सिंह, जगमोहन पुंडीर, कौशल्या देवी, राकेश पुंडीर, प्रेम सिंह, सुरेंद्र नेहरू, ओम प्रकाश शर्मा, भूपेंद्र ठाकुर, रीता ठाकुर, बालमुकुंद, नरेंद्र कुमार, नवीन शर्मा, सुमन, शकुंतला, हरि ठाकुर और रामलाल शामिल हैं।

## बिना अनुमति निर्माण से धंसी सड़क नगर परिषद ने जारी किया नोटिस

**महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान**

**परवाणू।** सेक्टर-1 ए में बिना अनुमति किए जा रहे भवन निर्माण के कारण क्षेत्र में भूस्खलन की स्थिति बन गई है। नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इससे भारी बारिश के दौरान निर्माण स्थल पर डंगा टूट गया और ऊपर की ओर से जाती सड़क का हिस्सा धंस गया।

इस घटना के बाद नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और निर्माणकर्ता को चेतावनी दी कि बिना अनुमति निर्माण कार्य बंद करें। बावजूद इसके, खुदाई का कार्य जारी रहा। इसके चलते हाल ही में हुई तेज बारिश के कारण सड़क का एक और बड़ा हिस्सा धंस गया। इसका असर ऊपर बने घरों तक पहुंचा और आवाजाही के लिए मार्ग को पूरी तरह बंद करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इस गंभीर स्थिति को लेकर नगर परिषद से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद परिषद ने आपदा प्रबंधन विभाग से संपर्क किया और आसपास के मकान मालिकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें रैन बसेरा में रहने का सुझाव भी दिया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आते ही उन्होंने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया और कनिष्ठ अभियंता को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा भवन निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन तो किया गया था, लेकिन नगर परिषद ने उसे अनुमति नहीं दी थी, अब इस मामले में नगर परिषद अधिनियम की धारा-138 के तहत नोटिस जारी किया गया है। यदि निर्धारित समय में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया या नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## रणवीर ठाकुर का हरिपुरधार पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिले के नवनिर्वाचित जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर का हरिपुरधार पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारेबाजी करके गर्मजोशी से स्वागत किया।

सिरमौर जिले के रेणुका चुनाव क्षेत्र में हरिपुरधार के पिछड़े क्षेत्र थोला गांव के निवासी रणवीर ठाकुर को सिरमौर जिला भाजपा का महासचिव बनाया गया है। रणबीर ने उन्हें महासचिव बनाए जाने के लिए शीर्ष नेतृत्व विशेषकर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता का आभार जताया। रणवीर ने शीर्ष नेतृत्व को आश्वासन दिलाया कि वह संगठन के लिए पहले की भांति बतौर जिला भाजपा महासचिव भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे।

**क्षति** 2023 में आई आपदा के बाद लोरियल कंपनी ने सुरक्षा के लिहाज से किया निर्माण

# अवैध खनन ने लील लिया 10 करोड़ का डंगा

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** अवैध खनन से बदले बाल्द नदी के स्वरूप और रुख ने 10 करोड़ के लागत से बने डंगे की रिटेनिंग वॉल को धराशायी कर दिया।

इस डंगे की दीवार बहने के बाद अब बीबीएनडीए की ट्रक पार्किंग, झाड़माजरी श्मशानघाट समेत बाल्द नदी किनारे बसे उद्योगों व क्षेत्र को खतरा पैदा हो गया है। मंगलवार रात हुई भारी बारिश के बाद बद्दी-बरोटीवाला मार्ग पर बाल्द नदी ने फिर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। अभी-2023 आपदा के जख्म भरे भी नहीं थे कि बुधवार तड़के नदी में आए पानी के रौद्र रूप ने डंगे की दीवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद अब पूरे डंगे के गिरने का खतरा बना हुआ है। 2023 में आई आपदा ने यहां इस नदी से करोड़ों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। एक बड़ा उद्योग लोरियल कंपनी की दूरी भी मात्र दस मीटर रह गई थी। इसके चलते कंपनी ने करीब दस करोड़ की लागत से नदी किनारे डंगे का निर्माण करवाया था, जो 2024 में पूरा हुआ था।

इस बरसात में अभी तीसरी बार पानी आया था, जो कि बुधवार सुबह इस डंगे की सीमेंट कंकरीट से बनाई नींव को बहा ले गया। यह कंकरीट करीब 200 मीटर लंबी थी और दो मीटर इसे धरती में बनाया गया था। अब इसके बह जाने से इस डंगे को भारी नुकसान हुआ और अब नींव के बह जाने से आसपास के क्षेत्र में फिर खतरा मंडराने लगा है। यही नहीं कोटला से आने वाले नाला जो इसी नदी में मिलता है। इस नाले में एक दवा कंपनी के पीछे भी डंगा धंस गया, जिससे अब उद्योग भी खतरे में आ गए हैं। गांववासियों द्वारा बनाया गया श्मशानघाट, ट्रक पार्किंग फिर खतरे की जद में आ गई है।



अवैध खनन से बदले बाल्द नदी के स्वरूप ने डंगे की दीवार को ले लिया अपनी चपेट में।

### ध्वस्त डंगे से 100 मीटर दूर खनन माफिया ने की थी फायरिंग

**कुछ** दिन पहले यहां पर इस डंगे के पास खनन माफिया ने फायरिंग भी की थी, क्योंकि कंपनी के साथ लगती इस बाल्द नदी में रात्रि में अवैध खनन हो रहा था, तो कंपनी के मालिक ने रोकना चाहा तो माफिया ने फायरिंग की थी। उससे पहले फरवरी माह में भी नदी किनारे निजी भूमि को समतल करने के नाम पर इस माफिया ने अपनी भूमि के साथ-साथ सरकारी भूमि को भी निशाना बनाया था, जिसे ग्रामीणों ने रोका था।

### करोड़ों का हुआ था नुकसान

**अगस्त** 2023 में एक दर्जन उद्योग को इस नदी के रौद्र रूप के चलते करोड़ों का नुकसान हुआ था। करीब पचास लाख की लागत से बने क्षेत्र का श्मशानघाट भी इस नदी की भेंट चढ़ गया था और लोरियल कंपनी की दूरी मात्र दस मीटर रह गई थी। इसके बाद लोरियल कंपनी ने दस करोड़ की लागत से यह डंगा लगवाया था, जिसे बाल्द नदी ने अवैध खनन के चलते लील लिया।

## पौधरोपण व मातृ-शिशु जागरूकता कार्यक्रम से दिया सामाजिक संदेश

**अनंत ज्ञान, सराहां**

यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर ने बुधवार को अपना चौथा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद के अध्यक्ष संजय राजन ने बताया कि इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे पहले शहीद स्मारक सराहां में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। एसोसिएशन की ओर से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। सभी को मेडल व टोपी देकर सम्मानित किया गया। इसमें रोजगार मेला, फ्री हेल्थ कैंप, आधार अपडेट कैंप व पौधरोपण शामिल हैं।

इस मौके पर हेल्थ कैंप का शुभारंभ नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट के उपाध्यक्ष डॉक्टर रणेश राणा व रोजगार मेले का शुभारंभ समाजसेवी विजय शर्मा व आधार कार्ड सुधार शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत सराहां के उपप्रधान नरेंद्र गोसाईं द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुश्ती ग्राउंड सराहां में मेगा इवेंट आयोजित किए गए। इसमें लघु उद्योग संघ, फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सराहां की प्लेसमेंट एंड करियर काउंसलिंग सेल और स्थानीय उपरोजगार केंद्र सराहां के सहयोग से रोजगार मेला लगाया गया। इस मेले में अलग-अलग क्षेत्रों से आए लगभग पांच दर्जन युवाओं ने अपना पंजीकरण करवाया। इस मेले में एक दर्जन के करीब कंपनियों और प्लेसमेंट सेल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने करियर के लिए नए अवसरों की तलाश की। इसके अलावा, श्री सत्य साईं ग्रुप के नाहन स्थित अस्पताल के सहयोग से एक चिकित्सा और स्वास्थ्य परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इस शिविर में लगभग 110 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। आधार सुधार और अपडेट कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने अपने आधार कार्ड संबंधी कार्यों को पूरा किया। इस मौके पर डिग्री कॉलेज के रोवर क्लब के साथ मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम भी किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई।




# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा से की मुलाकात

## विकास योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान हरियाणा के वर्तमान विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और भावी परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में लागू विकास योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया कि केंद्र सरकार की नीतियों एवं सहयोग से हरियाणा अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार के रूप में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है और राज्य के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि, उद्योग और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में लाभ प्राप्त हो रहा है।

सीएम सैनी ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रही कुछ प्रमुख योजनाओं व कार्यक्रमों के संदर्भ में जानकारी साझा की तथा राज्य सरकार की भावी प्राथमिकताओं से भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को केंद्र में रखते हुए राज्य के हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य हित के विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा इन क्षेत्रों में केंद्र सरकार के सहयोग को लेकर धन्यवाद भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप जनसेवा व सुशासन के लिए सतत प्रयासरत है।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सीएम सैनी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने नड्डा को हरियाणा में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और गतिविधियों की जानकारी दी। सैनी ने बताया कि हरियाणा में भाजपा द्वारा संगठन का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जिलों में कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। भाजपा द्वारा संगठनात्मक स्तर पर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# सेक्टर-26 मंडी में नगर निगम की छापेमारी 112 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा वर्ष 2019 से एकल उपयोग (सिंगल यूज) प्लास्टिक वस्तुओं, जैसे प्लास्टिक कैरी बैग्स और नॉन-वुवन कैरी बैग्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति और नगर निगम, चंडीगढ़ मिलकर निरंतर जागरूकता और निरीक्षण अभियान चला रहे हैं।

इसी कड़ी में आज सेक्टर-26 मंडी में नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा औचक छापेमारी की गई। इस दौरान तीन स्टॉकिस्टों को प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग्स का भंडारण और विक्रय करते हुए पकड़ा गया। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध चालान जारी किए गए और लगभग 112 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई।

जब्त की गई प्लास्टिक को सूखा कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भेजा गया है, जहाँ इसे नियमित प्रक्रिया के तहत पृथक्करण कर उपयुक्त विधि से नष्ट किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय, वितरण, परिवहन या उपयोग कानूनन दंडनीय है, और भविष्य में उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-14 व अंडी-19 तीरंदाजी प्रतियोगिता 21 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन के खेल विभाग द्वारा आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता (अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग) 21 से 22 अगस्त तक लेक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अगस्त निर्धारित की गई है। प्रवेश फॉर्म खेल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट अथवा लेक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स स्थित तीरंदाजी कोचिंग सेंटर से प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश केवल प्रत्यक्ष रूप से और प्रमाणिकता जांच के बाद कोचिंग सेंटर पर ही स्वीकार किए जाएंगे। प्रतियोगिता में कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को मैच के दौरान जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतिभागी चंडीगढ़ के निवासी हों या चंडीगढ़ स्थित किसी स्कूल/कॉलेज के छात्र हों।

### एमसीएम ने लगाया 'तिरंगा राखी मेला'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मेहर चंद महाजन (एमसीएम) डीएवी महिला महाविद्यालय की सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज समिति द्वारा कॉलेज परिसर में 'तिरंगा राखी मेला' का आयोजन किया गया।



इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के बीच व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना था, जिससे देशभक्ति, राष्ट्रीय पहचान और गर्व की भावना को बल मिले। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता थीं कि यह राखियां, पंजाब विश्वविद्यालय में कार्यरत निर्माण श्रमिकों के बच्चों द्वारा पृष्ठ और रिद्मस ऑफ राइम नामक स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बनाया गया था। यह पहल समावेशिता, रचनात्मकता एवं सामुदायिक सहभागिता की एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति रही, जिसने कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से स्वतंत्रता के उत्सव को और भी अर्थपूर्ण बना दिया। कार्यवाहक प्राचार्या सुश्री नीना शर्मा ने समिति के इस सार्थक और प्रभावशाली आयोजन की सराहना की, जिसने सस्टेनेबिलिटी, राष्ट्रवाद और सामाजिक उत्तरदायित्व को एक मंच पर प्रस्तुत किया।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर भाजपा चंडीगढ़ की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को प्रदेश कार्यालय कमलम, सेक्टर-33 में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं जम्मू-कश्मीर से विधायक डॉ. नरिंद्र रैना उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य था अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी देना, संगठनात्मक रूपरेखा बनाना और दिशा-निर्देश तय करना। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि यह अभियान देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और तिरंगे के सम्मान को घर-घर पहुंचाने का माध्यम है।

मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह अभियान देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसे जनांदोलन का रूप दें और हर घर पर तिरंगा फहराने हेतु नागरिकों को प्रेरित करें। डॉ. नरिंद्र रैना ने कहा कि यह अभियान न केवल तिरंगे की गरिमा का प्रतीक है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद भी दिलाता है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वार्ड में 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शहीद स्मारकों पर सफाई अभियान चलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# वाहन ठगी का मास्टरमाइंड सलाखों के पीछे, 14 गाड़ियां बरामद

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत पुलिस थाना खुंडियां में वाहन ठगी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें धोखाधड़ी, षड्यंत्र और धमकियों की परतें खुलती जा रही हैं। करीब 17 वाहनों की फर्जी लेन-देन में फंसे इस नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब शिकायतकर्ता अजय कुमार निवासी गांव महार, लग्गड़ ने मामला दर्ज करवाया।

पुलिस की जांच के दौरान शुरुआत में 10 वाहनों का जिक्र था, लेकिन बाद में जांच के दायरे में 7 और गाड़ियां आ गईं। कुल 17 वाहनों में से 14 गाड़ियां बरामद कर ली गई हैं, जो कि एफआईआर नंबर 02/2025 के अंतर्गत दर्ज मामले से संबंधित हैं। मुख्य आरोपी रत्नेश्वर सिंह, निवासी सुखाहड़, तहसील देहरा, को पुलिस ने 2 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया। आरोपी पहले से ही एक अन्य संबंधित मामले में पुलिस थाना चिंतपूर्णी में आत्मसमर्पण कर चुका था। पुलिस थाना नगरोटा बगवां से कस्टडी ट्रांसफर के बाद उसे खुंडियां थाने लाया गया, जहां मूल एफआईआर के तहत कार्रवाई की जा रही है।

जांच की गंभीरता और तकनीकी सख्ती इस बात से झलकती है कि पुलिस ने जीपीएस ट्रैकिंग, तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना तंत्र के माध्यम से 15 वाहनों का पता लगाया। इनमें से 14 गाड़ियां मौजूदा एफआईआर से जुड़ी हैं, जबकि एक वाहन देहरा पुलिस ने चिंतपूर्णी थाने में दर्ज मामले में बरामद किया। हालांकि, इस जालसाजी में शामिल दो अन्य सह-आरोपी अब भी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

# डीएवी कॉलेज में हुई 'विकसित भारत @2047' पर रंगोली प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम की पूर्व शृंखला के तहत डीएवी कॉलेज, सेक्टर-10, चंडीगढ़ की एनएसएस इकाई एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब ने मेरा युवा भारत तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'विकसित भारत@2047' विषय पर काव्य पाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के विजन 2047 से रचनात्मक रूप से जोड़ना और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मोना नारंग और राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नेमी चंद ने छात्रों के उत्साह की सराहना की। निर्णायक मंडल में सचिन सिंगला, सहायक जन संपर्क अधिकारी विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, चंडीगढ़ शामिल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश देकर उन्हें राष्ट्र के भविष्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से उद्घाटित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारियों का हिस्सा है।

## देश-विदेश

# ट्रंप धमका रहे और मोदी उनका सामना नहीं कर पा रहे: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले 10 दिनों में राहुल ने तीसरी बार ट्रंप को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, ट्रंप की धमकियों के सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अडानी के खिलाफ अमेरिकी जांच चल रही है।

ऐसे में मोदी के हाथ बंधे हुए हैं। मोदी का अडानी-अंबानी के साथ क्या संबंध है, यह उजागर हो चुका है। पिछले साल अमेरिका में अडानी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस आरोप पत्र के मुताबिक, अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए थे। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी। इसकी जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### अडानी की मदद के लिए बर्बाद की अर्थव्यवस्था

**राहुल** गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर



कहा कि मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रंप सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।

# दिल्ली में महिला सांसद की चेन छीनने वाला काबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कांग्रेस सांसद आर. सुधा की गर्दन से 30 ग्राम के सोने की चेन छीनने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 24 साल के सोहन रावत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से सांसद की चेन और वह स्कूटर जब्त की है, जिससे उसने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद, उसे गिरफ्तार किया गया है। रावत पर पहले से 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से ज्यादातर चोरी और झपटमारी से जुड़े हैं। उसे अप्रैल में गाड़ी चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह 27 जून को जमानत पर बाहर आया था। सुधा तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से कांग्रेस की सांसद हैं। वे संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं। (अनंत ज्ञान)

# ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा ने ट्रंप का टैरफ पर वार्ता का प्रस्ताव ठुकराया

## कहा- आपसे नहीं, मोदी और जिनपिंग से करूंगा बात

**एजेंसी, ब्रासीलिया**

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के औरिफ पर बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था, लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा, 'मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रंप को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।'

बता दें कि अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रंप से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवंबर में होने वाले COP-30 क्लाइमेट समिट में ट्रंप को न्योता जरूर भेजेंगे। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने ब्राजील पर लगाया है 50 प्रतिशत टैरिफ



**ट्रंप** प्रशासन ने हाल ही में ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रंप प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है। ट्रंप ने बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई को विचहंट यानी बदले की कार्रवाई बताया है।

# श्रीलंका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय अरेस्ट

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका में अवैध रूप से रहने के आरोप में 11 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जिनकी उम्र 22 से 43 साल के बीच बताई जा रही है। श्रीलंकाई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि ये सभी लोग वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी द्वीपीय देश में ठहरे हुए थे और यहां जुआ खेल रहे थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अवैध रूप से रह रहे लोगों के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर थलंगामा के अकुरेगोडा क्षेत्र में सोमवार रात पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किए आरोपियों के पास से लगभग 20 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप और एक कंप्यूटर जब्त करने का भी दावा किया है। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान में उग्रवादी हमले में 4 जवानों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के चार जवानों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने करक जिले के अम्न कोट तोई इलाके में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के एक वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें चार जवान मारे गए। सुरक्षा बलों और पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने संकेत दिया कि हमला पूर्व नियोजित था और हमलावर घात लगाए बैठे थे। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान ने जासूसी करने के आरोपी को दी फांसी

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान ने बुधवार को अलग-अलग मामलों में दो लोगों को फांसी पर लटका दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, एक व्यक्ति पर इस्राइल के लिए जासूसी करने और दूसरे पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का सदस्य होने का आरोप है। न्यायालय समाचार वेबसाइट मिजान ऑनलाइन की एक रिपोर्ट में कथित जासूस की पहचान रूजबेह वादी के रूप में की गई है, जिस पर इस्राइल की खुफिया सेवा, मोसाद को गोपनीय जानकारी देने का आरोप है। रिपोर्ट्स के अनुसार अधिकारियों ने कहा कि वादी ने एक ईरानी परमाणु वैज्ञानिक के बारे में जानकारी दी थी, जो जून में ईरान पर इस्राइली हवाई हमलों में मारे गए थे। (अनंत ज्ञान)

# रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य पर करणी सेना का हमला

**एजेंसी, रायबरेली**

रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य पर करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने हमला कर दिया। रोहित द्विवेदी नाम के युवक ने पहले स्वामी प्रसाद को माला पहनाई, फिर सिर पर पीछे से हाथ मारकर भागने लगा। स्वामी प्रसाद अचानक से चीखे तो कार्यकर्ता अलर्ट हो गए। उन्होंने मौके से भाग रहे युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसे गिराकर बुरी तरह पीटा।

### युवक ने माला पहनाकर थप्पड़ मारा, बोला-ब्राह्मणों को गाली देते हैं

इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने बमुश्किल भीड़ से उसे बचाया। स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर जा रहे थे। रास्ते में रायबरेली में रुके थे। तभी उन पर हमला हुआ। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के सारस चौराहे की है। स्वामी प्रसाद के समर्थकों ने युवक को इतना पीटा कि वह खून से लथपथ हो गया। हमले की वजह पूछने पर उसने कहा- मैं करणी सेना से जुड़ा हूं। स्वामी प्रसाद ने ब्राह्मण जाति को कई बार गाली दी। सनातन धर्म के खिलाफ बोलते हैं। भगवान राम के खिलाफ बोलते हैं, इसलिए हमला किया। (अनंत ज्ञान)



# सेंसेक्स 166 अंक गिरकर 80,544 के स्तर पर बंद, निफ्टी भी फिसला

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार 6 अगस्त को सेंसेक्स 166 अंक गिरकर 80,544 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही, यह 24,574 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 में तेजी और 19 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और BEL के शेयरों में तेजी रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, आईटी टेक, बजाज फाइनेंस और TCS के शेयर्स 2.5 प्रतिशत तक गिरे। निफ्टी के 50 शेयरों में से 13 में तेजी और 37 में गिरावट रही। NSE का फार्मा इंडेक्स सबसे ज्यादा 2.03 प्रतिशत गिरा। इसके अलावा, निफ्टी हेल्थकेयर 1.78 प्रतिशत, रियल्टी 1.51 और मीडिया 1.18 फीसदी गिरकर बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

# सोना 1,00,672 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने के दाम आज यानी 6 अगस्त को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 596 रुपए बढ़कर 1,00,672 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 1,00,076 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1,154 रुपए बढ़कर 1,13,576 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,422 रुपए पर थी। वहीं, 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)



# तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने सांसदों संग दिल्ली में किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति से पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयकों को मंजूरी देने की अपील

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मकसद था तेलंगाना विधानसभा द्वारा पास किए गए पिछड़ा वर्ग (बीसी) आरक्षण बिलों को राष्ट्रपति की मंजूरी दिलवाना। रेवंत रेड्डी के साथ बड़ी संख्या में तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर इन बिलों को लटका रही है। बता दें कि मार्च 2025 में तेलंगाना विधानसभा ने दो अहम बिल पास किए थे, जिनमें पिछड़े वर्गों (बीसी) को शिक्षा, नौकरियों और स्थानीय निकायों में 42 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। यह कदम पिछड़े वर्गों को ज्यादा प्रतिनिधित्व और अवसर देने के लिए उठाया गया था। बिल पास होने के बाद राज्यपाल के जरिए इन्हें राष्ट्रपति के पास भेजा गया, लेकिन अब तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)



### प्रदर्शन में क्या बोले रेड्डी

**प्रदर्शन** के दौरान रेवंत रेड्डी ने कहा कि हमने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा, लेकिन अब तक अपॉइंटमेंट नहीं मिला। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह राष्ट्रपति पर दबाव बना रहे हैं कि तेलंगाना के लोगों से मुलाकात न हो।

**सुझाव**

## आरएसएस के सरसंघचालक ने नागपुर में धर्म जागरण न्यास के कार्यालय का किया उद्घाटन

# दुनिया को विविधता अपनाने वाले धर्म की जरूरत: भागवत

**एजेंसी, नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि दुनिया को उस धर्म की जरूरत है, जो विविधताओं को अपनाए, जैसे कि हिंदू धर्म। उन्होंने कहा कि धर्म हमें अपनापन और विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है।

भागवत ने कहा कि हम विविध हैं, लेकिन अलग नहीं हैं। अंतिम सत्य यह है कि हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन वास्तव में हम एक ही हैं। भागवत नागपुर में धर्म जागरण न्यास के नए कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हर किसी ने फिल्म छावा देखी है, जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। केवल महान लोग ही नहीं, आम लोगों ने भी धर्म के लिए बलिदान दिया है।



> कहा- अपनापन और विविधताओं को स्वीकारना सिखाता है धर्म

भागवत ने कहा कि धर्म सत्य है और पुण्य कार्य है, जो समाज में शांति बनाए रखने में सहायक होता है। धर्म के मार्ग पर जिम्मेदारी के साथ चलने से व्यक्ति को संकट के समय साहस और रास्ता खोजने का संकल्प मिलता है।

उन्होंने आगे कहा कि समारोह में संघ प्रमुख ने धर्म के महत्व और समाज में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और लोगों से आह्वान किया कि वे धर्म के मूल सिद्धांतों को जीवन में उतारें। इससे पहले 27 और 28 जुलाई को भागवत केरल के दौरे पर थे। यहां शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा कार्यक्रम के पहले दिन उन्होंने कहा था कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है, बल्कि हमको शेर बनना है। दुनिया शक्ति की ही बात समझती है और शक्ति संपन्न भारत होना चाहिए। द्यड्ड ?द्व संघ प्रमुख मुसलमानों को लेकर अब सख्त भाषा का उपयोग नहीं करते। (अनंत ज्ञान)

### भारत के हिंदुओं-मुसलमानों के पूर्वज एक

**भागवत** ने सितंबर 2021 में मुस्लिम विद्वानों के एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत में रहने वाले हिंदुओं और मुसलमानों के पूर्वज एक समान हैं। मुस्लिमों को भारत में डरने की जरूरत नहीं है। हमें मुस्लिम वर्चस्व की नहीं बल्कि भारत वर्चस्व की सोच रखनी होगी। भागवत ने आगे कहा था- हिंदू यह कोई जाति या भाषा वाचक संज्ञा नहीं है। यह हर व्यक्ति के विकास, उत्थान का मार्गदर्शन करने वाली परंपरा का नाम है। फिर चाहे वह किसी भी भाषा, पंथ, धर्म के हों, वे हिंदू हैं। इसलिए समझदार मुस्लिम नेताओं को कट्टरपंथियों के विरुद्ध मजबूती से खड़ा हो जाना चाहिए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### यूएई त्रिकोणीय सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम घोषित

**एजेंसी, काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय सीरीज के लिए 22 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम घोषित कर दी है। टीम की कमान स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को सौंपी गई है। इस टीम में रहमानुल्लाह गुरबाज़, फजलहक फारूकी, अजमतुल्लाह उमरजई और अनुभवी मोहम्मद नबी जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत 29 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से होगी। इससे पहले अफगानिस्तान टीम दो हफ्तों के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। यह सीरीज अफगानिस्तान के लिए आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी का अहम हिस्सा मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### प्रो-कबड्डी लीग 2025: प्लेऑफ में वापसी की तैयारी में बंगाल वॉरियर्स

**एजेंसी, मुम्बई।** प्रो-कबड्डी लीग सीज़न 12 में बंगाल वॉरियर्स प्लेऑफ में वापसी की कोशिश करेगी। सीजन 7 की चैंपियन टीम पिछले चार सीजनों से लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पाई है। टीम ने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए प्रशांत सुरवे को हटाकर नवीन कुमार को नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। नीलामी में वॉरियर्ज ने टीम को नया रूप दिया और रेडर देवांक दलाल को 2.205 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके साथ ओमिद खोजास्ते, जंग कुन ली, सुशील कांबरेकर और अन्य रेडर्स टीम की ताकत बनेंगे। रेडिंग यूनिट इस बार टीम की सबसे बड़ी ताकत मानी जा रही है। हालांकि, टीम की डिफेंस लाइन अनुभवहीन है और ऑलराउंडर्स की भी कमी है। केवल शिवांश ठाकुर और नए खिलाड़ी मूलचंद्र सिंह ही ऑलराउंडर के रूप में मौजूद हैं। टीम के पास कई युवा खिलाड़ी हैं जो खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं, लेकिन टीम को देवांक जैसे कुछ खिलाड़ियों पर अधिक निर्भर रहना पड़ सकता है। यदि वे फॉर्म में नहीं रहे या चोटिल हो गए, तो प्लेऑफ की राह मुश्किल हो सकती है। वॉरियर्ज के लिए यह सीजन निर्णायक साबित हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

### विल ओरूर्के जिम्बाब्वे टेस्ट से बाहर बेन लिस्टर को टीम में जगह

**एजेंसी, बुलावायो।** न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के पीठ की चोट के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। उनकी जगह बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ बेन लिस्टर को टीम में शामिल किया गया है। लिस्टर अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं कर पाए हैं और इस सीरीज़ के लिए उन्हें कवर के तौर पर बुलाया गया है। ओरूर्के ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट में हिस्सा लिया था, जहां तीसरे दिन खेल के दौरान उन्हें पीठ में अकड़न महसूस हुई थी। उन्होंने उस मुकाबले में कुल 23 ओवर फेंके थे और 3 विकेट झटके थे। पहले टेस्ट में न्यूज़ीलैंड ने जिम्बाब्वे को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अब टीम दूसरा टेस्ट जीतकर दो मैचों की सीरीज़ में क्लीन स्वीप करना चाहेगी। दूसरा टेस्ट 7 अगस्त से बुलावायो के क्वींस क्रिकेट क्लब में शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)



### डेमिर डार्नेल का खूबसूरत अंदाज

**तुर्की।** तुर्की की वॉलीबॉल खिलाड़ी नेसलीहान डेमिर डार्नेल अपनी बेहतरीन जम्प सर्व, शक्तिशाली हमलों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह एक वैश्विक वॉलीबॉल स्टार बन गईं।




इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में स्टार तेज गेंदबाज ने निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

# मोहम्मद सिराज का हैदराबाद में जोरदार 'वेलकम'

**एजेंसी, हैदराबाद**

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद बुधवार को अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

सिराज ने पांच मैचों की सीरीज में सर्वाधिक 23 विकेट लिए। उन्होंने ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। उन्होंने सभी पांच मैच खेले और 185.3 ओवर फेंके। हैदराबाद का रहने वाला यह 31 वर्षीय खिलाड़ी काले रंग की कैजुअल पोशाक में इससे पहले फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफ के लिए अनुरोध किए गए, लेकिन वह हैदराबाद के लिए उड़ान पकड़ने के लिए जल्दी से कार में सवार होकर वहां से निकल गए। हैदराबाद में प्रशंसक पहले ही उनके स्वागत के लिए तैयार थे।

इस बीच हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, "हमने अभी तक उनसे बात नहीं की है, लेकिन हम निश्चित रूप से उनके लिए कुछ (सम्मान) योजना बनाएंगे, क्योंकि वह कुछ दिनों के लिए शहर में रह सकते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया।" सिराज ने ओवल टेस्ट मैच में पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने 374 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे इंग्लैंड को 367 रन पर आउट करके छह रन से अपनी सबसे करीबी जीत हासिल की थी। (अनंत ज्ञान)



### मोहम्मद सिराज बनेंगे एसीपी!

**अपने** शानदार प्रदर्शन से भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबले में जीत दिलाने वाले स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की चर्चा इन दिनों दुनियाभर के क्रिकेट जगत में है। औसत गेंदबाजी के चलते आलोचकों के निशाने पर रहे मोहम्मद सिराज के इस प्रदर्शन के बाद अब आलोचक भी उनकी जमकर तारीफ कर रहे है। इस बीच मोहम्मद सिराज को प्रमोशन देने की मांग उठ रही है। सोशल मीडिया पर अब मोहम्मद सिराज को डीसीपी से एसीपी या बड़े पद पर प्रमोट किए जाने की मांग उठाई जा रही है। रवि शास्त्री ने इस मैच के दौरान कमेंट्री करते समय कहा था कि अब मोहम्मद सिराज डीएसपी नहीं रहेंगे, वो जैसे ही हैदराबाद लौटेंगे, उनका बड़ा प्रमोशन हो जाएगा। गौरतलब है कि, पिछले साल भारतीय टीम के टी-20 वर्ल्डकप जीत के बाद तेलंगाना सरकार ने उन्हें डीएसपी डीएसपी का रैंक दिया था।

## चैपल ने भारत से सीरीज ड्रॉ होने पर इंग्लैंड को लताड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा, "सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है।" चैपल ने अपने कॉलम में युवा भारतीय टीम की अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रशंसा की, वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ियों, विशेषकर हैरी ब्रुक की आलोचना की, क्योंकि वे परिस्थितियों को समझने में विफल रहे।

**बोले-सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं**



भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने कहा, "इस सीरीज में इंग्लैंड का सफर उसके सामने चेतावनी पेश करता है। इसे प्रतिभाशाली लेकिन चंचल प्रकृति के हैरी ब्रुक ने मूर्त रूप दिया, जिनकी मैं पहले सार्वजनिक रूप से प्रशंसा कर चुका हूं।"

उन्होंने कहा, "उनकी टाइमिंग बहुत अच्छी है। वह कई तरह के शॉट लगा सकते हैं। उनमें आत्मविश्वास है और बल्लेबाजी को सहज बनाने का दुर्लभ कौशल है। लेकिन क्रिकेट, विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, केवल शॉट लगाने के बारे में नहीं है। यह निर्णय लेने के बारे में है। टेस्ट क्रिकेट में यह समझना जरूरी होता है कि कब आक्रामक होकर खेलना है और कब संयम बरतना है।"

लंदन में पांचवें टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैंड ने 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 301 रन बना लिए थे लेकिन 26 वर्षीय ब्रूक के आउट होने से उसकी टीम लड़खड़ा गई और उसे छह रन से हार का सामना करना पड़ा। चैपल ने कहा, "सकारात्मकता में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। इसका मतलब है आत्मविश्वास से भरा, सोच-समझकर जोखिम उठाना।" (अनंत ज्ञान)

## जो रूट को 'मैन ऑफ द सीरीज' होना चाहिए था : हैरी ब्रुक

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने भारतीय कोच गौतम गंभीर के उन्हें सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि यह सम्मान पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट को मिलना चाहिए था।



सीरीज2-2 से बराबर रहने के बाद प्रत्येक टीम के कोच ने प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए विपक्षी टीम से एक खिलाड़ी का चयन किया। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में कप्तान शुभमन गिल को जबकि गंभीर ने इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में ब्रूक को चुना।

ब्रुक ने बीबीसी से कहा, "मैंने रूटी (जो रूट) जितने रन नहीं बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था। उन्हें इन गर्मियों में फिर से इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनना चाहिए।" उन्होंने कहा, "यह सीरीज शानदार रही। ईमानदारी से कहूं तो पहले मैंने नहीं सोचा था कि सीरीज बराबर रहेगी।" ब्रूक ने सीरीज में 53.44 की औसत से 481 रन, जबकि रूट ने 67.12 की औसत से 537 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

## वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सलामी बल्लेबाज अंकित राजेश कुमार की 46 गेंद में 96 रन की ताबड़तोड़ पारी से वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने कप्तान आयुष बडोनी की 25 गेंद में 48 रन की आक्रामक पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 185 रन बनाए। वेस्ट दिल्ली लायंस ने महज 15.4 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया।




अंकित ने 46 गेंद की अपनी पारी 11 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए कृष यादव (42 गेंद में 67 रन) के साथ 84 गेंद में 158 रन की साझेदारी कर टीम की जीत तय कर दी। इस साझेदारी को सागर तंवर ने कृष को आउट कर तोड़ा। कृष क्रीज पर आए कप्तान नीतीश राणा ने पांच गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से नाबाद 16 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। अंकित शतक से चूक गए, लेकिन उन्होंने टीम की जीत पक्की कर दी। अंकित सुमित कुमार की गेंद पर जब आउट हुए उस समय उन्हें शतक के लिए चार रन चाहिए थे, जबकि टीम को जीत के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। वह बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में लांग ऑन पर कैच दे बैठे।

साउथ दिल्ली ने अच्छी शुरुआत के बावजूद 14वें ओवर में 113 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। बडोनी इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल (12 गेंद में आठ रन) के साथ छठे विकेट के लिए 26 गेंद में 45 रन की साझेदारी से पारी को फिर से पटरी पर लाने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)

## बुमराह की तरह भविष्य में सिराज के 'वर्कलोड' पर देना होगा ध्यान : आरपी सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड दौरे पर प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के कार्यभार प्रबंध की मांग उठी है। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने जसप्रीत बुमराह की तरह सिराज के कार्यभार प्रबंध की भी वकालत की है। आरपी सिंह का कहना है कि सिराज को चोट मुक्त रखने के लिए जरूरी है कि उनका कार्यभार प्रबंध किया जाए। सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच मैच खेले थे और उन्होंने कुल 185.3 ओवर तक गेंदबाजी की थी। सिराज ने इस दौरान 23 विकेट लिए थे और वह सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।



आरपी सिंह ने कहा कि सिराज को चोट नहीं लगे, इसलिए जरूरी है कि भविष्य में उनके वर्कलोड को मैनेज किया जाए। कम समय के अंदर जब तेज गेंदबाज ज्यादा मैच खेलता है तो उस पर चोटिल होने का खतरा अधिक रहता है। जिस तरह हम बुमराह के कार्यभार को प्रबंध करते हैं, वैसे ही सिराज के साथ भी किया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### आरपी सिंह ने दिया बुमराह का उदाहरण

**बुमराह** का उदाहरण देते हुए आरपी ने कहा कि कार्यभार प्रबंध के कारण ही बुमराह ने वनडे और टी20 विश्व कप में शानदार गेंदबाजी की थी। सिराज भी अब उसी स्तर पर आ गए हैं। उन्हें चोट से मुक्त रखने के लिए हमें आज नहीं तो कल गंभीरता से ध्यान देना होगा। भारत के लिए 14 टेस्ट मैच सहित 82 मैच खेलने वाले आरपी सिंह ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन के लिए सिराज की सराहना की। आरपी सिंह ने कहा, सिराज इकलौता गेंदबाज है जिसने पांचों टेस्ट मैच खेले और इन सभी मैचों में पूरे जज्बे और दमखम के साथ गेंदबाजी की।

### आरपी ने मोहम्मद सिराज की फिटनेस को सराहा

सिराज ने यॉर्कर गेंद पर इंग्लैंड के गस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत को पांचवें टेस्ट में जीत दिलाई थी। उनकी इस गेंद की गति 143 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यह इस सीरीज में उनकी पांचवीं सबसे तेज गेंद थी। आरपी सिंह ने कहा, यह दर्शाता है कि उनकी ओर से प्रयास में कभी कोई कमी नहीं थी। उन्होंने सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने की कोशिश की और टीम के लिए उम्मीद से बढ़कर योगदान दिया। इस दौरान उसकी फिटनेस और लय शानदार रही।

## सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन




**एजेंसी, टोरंटो**

अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा।

यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा, जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

फ्रिट्ज और शेल्टन के बीच होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा, जब अमेरिका के दो खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे। दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वरेव का सामना रूस के 11वें नंबर के खिलाड़ी कारेन खाचानोव से होगा। फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## नाओमी ओसाका सेमीफाइनल में

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल**

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम चार में ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 6-1, 6-4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी। (अनंत ज्ञान)

**नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट**



## टूर्नामेंट स्थल पर आग लगने के बाद चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स कल तक स्थगित

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद वीरवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है।"

खिलाड़ी फिर से होटल वापस आ गए हैं, लेकिन टूर्नामेंट एक दिन बाद नए सिरे से सुरक्षा जांच के बाद शुरू होगा। चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, "चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी में आधी रात के करीब आपात स्थिति उत्पन्न हो गई। नौवीं मंजिल पर आग लगने के कारण पूरा होटल धुएं से भर गया और सांस लेना मुश्किल होने से पहले ही सभी को होटल से बाहर निकाल दिया गया।"

आयोजकों ने बताया कि मैचों का समय वही रहेगा, लेकिन अब कार्यक्रम से विश्राम का दिन हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, "समय वही रहेगा और टूर्नामेंट 15 अगस्त को ही समाप्त होगा। बीच में एक दिन का विश्राम था और अब वह कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। इस प्रतियोगिता में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी, अनुभवी विदित गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी जैसे नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के अवॉन्डर लियांग के खिलाफ करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**आलोचना** स्टोक्स की टिप्पणी पर भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा–

# बोलने से पहले सोचें, कर्म तुरंत आते हैं सामने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड के कप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने के बाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे थे। इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए "बेहद हास्यास्पद" बताया था।





ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया, लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के नौ विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत थी।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, " एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं।"उन्होंने कहा, "आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौतम गंभीर ने कहा था कि ऐसी चोटों के लिए नए खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए। जब स्टोक्स से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे मज़ाक बताकर टाल दिया। मैं स्टोक्स के कौशल और उनके रवैये का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, लेकिन वह सोच-समझकर जवाब दे सकते थे।" अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन की क्रिकेट के नियमों में बदलाव की जरूरत संबंधी टिप्पणी का भी जिक्र किया। (अनंत ज्ञान)

### 'मजाक' और 'बेतुके' शब्दों का इस्तेमाल सम्मानजनक नहीं

**उन्होंने** कहा, "माइकल वॉन ने कहा कि यह एक ऐसा मसला है जिसके लिए नियमों में बदलाव हो सकता है। चोटिल खिलाड़ी की जगह नए खिलाड़ी को शामिल करने की अनुमति होनी चाहिए। स्टोक्स को यह सोचना चाहिए था कि अगर ऋषभ पंत जैसी क्षमता वाला कोई खिलाड़ी उनकी टीम में होता और चोटिल हो जाता तो क्या होता।" अश्विन ने कहा, "क्या आप बदलाव नहीं चाहेंगे? क्या यह उचित नहीं होगा? आप अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन 'मजाक' और 'बेतुका' जैसे शब्दों का इस्तेमाल सम्मानजनक नहीं है। बोलने से पहले सोचो। कर्मों का फल तुरंत मिलता है।"